आज
३.००
तीन रुपये मात्र

आज

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

सुष्मिता सेन



प्रिंस चार्मिंग नहीं, अपनी जिंदगी की खुद बनो क्वीन

वाराणसी, बुधवार ४ नवम्बर, २०२६ सौर १८, कार्तिक कृष्ण १०, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

दीपावलीपर १.८९ करोड़ परिवारों को मिली उज्ज्वला की सौगात

रसोई कनेक्शनके लिए कांग्रेसके राजमें देनी पड़ती थी रिश्वत-योगी



लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.89 करोड़+ पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का वितरण किया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश में तेजी से विकास हुआ। विश्व बैंक की हाल की एक रिपोर्ट बताती है कि देश के 155 करोड़ में से 40 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। आज उत्तर प्रदेश में उज्ज्वला योजना के तहत 1500 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा रही है कि दीपावली का पर्व खुशी से मनाएं और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.89 करोड़+ पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने भारत की संस्कृति और पर्वों का विशेष से उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में कांग्रेस की सरकार थी तब गैस कनेक्शन के लिए रिश्वत देनी पडती थी। इतना ही नहीं, टू जी घोटाला, कोयला घोटाला, कामनवेल्थ गेम्स समेत न जाने कितने घोटालों की खबरें आए दिन आती थीं लेकिन जब 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने कई कल्याणकारी योजनाएं शुरु कीं। इन्हीं में वर्ष 2016 में उज्जला योजना शुरु (शेष पृष्ठ ९ पर)

विकसित भारतके निर्माणमें पुणे निभा रहा महत्वपूर्ण भूमिका-मोदी

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में पुणे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और मेट्रो नेटवर्क का विस्तार शहर के विकास को नई गति दे रहा है। उन्होंने बुधवार को हिंजेवाड़ी-मान से शिवाजीनगर तक मेट्रो लाइन-3 का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस मार्ग पर यात्री सेवा चार नवंबर 2026 से शुरू होगी। प्रधानमंत्री ने पुणे मेट्रो के दूसरे चरण के चार नए कॉरिडोर वनाज-चांदनी चौक, रामवाड़ी-विठ्ठलवाड़ी, खराड़ी-खडकवासला और नल स्टॉप-मानिक बाग की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा कि मेट्रो से नागरिकों को आधुनिक और बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा मिलने के साथ शहर की आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल रहा है। मोदी ने बताया कि देश के 26 शहरों में मेट्रो सेवाएं संचालित हो रही हैं और मेट्रो नेटवर्क लगभग 248 किलोमीटर से बढ़कर 1,200 किलोमीटर से अधिक हो गया है। प्रतिदिन एक करोड़ से ज्यादा यात्री मेट्रो से सफर कर रहे हैं। महाराष्ट्र में करीब 175 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क चालू है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पिछले 12 वर्षों से ऊर्जा, सड़क और रेलवे सहित बुनियादी ढांचे के विकास पर व्यापक स्तर पर काम कर रही है।



मेट्रो नेटवर्कके विस्तारको मिली रफ्तार, चार नये कॉरिडोर की रखी आधारशिला

खुली बहसको लेकर राहुल ने फिर मोदी को घेरा

नयी दिल्ली (आससे)। राहुल गांधी ने मंगलवार को एक वीडियो जारी किया है। जिसमें उन्होंने पीएम मोदी को बहस का चैलेंज दिया है। करीब 1.50 मिनट के वीडियो में राहुल कह रहे है-24 घंटे हो गए मोदी जी। मैंने आपको चैलेंज दिया है। आप कहते हो कि विपक्ष देशद्रोही है। किसी भी स्टेज पे आप जगह चुनिए, डिबेट कीजिए मेरे साथ। देशद्रोही कौन है? विदेशी फोर्सेस का कनेक्शन किसका है? और किस प्रकार का कनेक्शन है? जल्दी से जल्दी कीजिए, डरिए मत। दोनों मिलेंगे, मीडिया होगी, देश के युवा होंगे, टेबल होगी, एक साइड आप बैठोगे, एक साइड मैं बैठूंगा। जिसको आप जज बनाना चाहते हो, बना दो। मोहन भागवत जी को बिठा दो, चलो। और फिर डिबेट करते हैं। सवाल उठेंगे फाइनेंशियल सिस्टम पर, फाइनेंशियल स्ट्रक्चर पर, स्कैम डील कैसे हुई, क्यों हुई, इतनी जल्दी क्यों हुई, सिर्फ आपने क्यों की, कैबिनेट को क्यों नहीं बताया, अडानी का केस बंद क्यों हुआ, एपस्टीन-ऐसी बहुत सारी चीजें हैं जिसपे खुलकर डिस्कशन होगा। आ जाइए, डरिए मत। दूध का दूध, पानी का पानी कीजिए। आप एलिगेशन लगाते हैं ना मेरे ऊपर, आ जाइए, सब साफ हो जाएगा। वीडियो में राहुल कह रहे हैं- बाकी चीजों पे आपने डिफेमेशन केस लगा रखा है, शायद 45 डिफेमेशन केस मेरे ऊपर हैं। मगर इस डिबेट मामले पर, फॉरेन कनेक्शन पर आप डिफमेशन नहीं लगा रहे हो। लगाइए ना, वहां भी डिस्कस करेंगे, खुल के। ये सब डिस्कस करते हैं, आइए। हैप्पी दिवाली, मोदी जी। राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया ङ्क पर पोस्ट की। उन्होंने लिखा कि नरेंद्र मोदी विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और उन्हीं की मदद से प्रधानमंत्री बने हुए हैं। वहीं, भाजपा देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान चला रही है। इसी कड़ी में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कोलकाता में रैली की। यहां उन्होंने कहा कि विदेशी ताकतें देश में अस्थिरता लाना चाहती हैं। इसके लिए राहुल गांधी का इस्तेमाल किया जा रहा है।

जगह और जज आप चुनिये, हो जायेगा दूध का दूध, पानीका पानी



विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, सीधे सीएम पद की लेंगे शपथ-अखिलेश यादव

वाराणसी (का.प्र.)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को वाराणसी से 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि वह खुद विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, बल्कि सीधे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बोले, हम तब मुख्यमंत्री बनते हैं, जब चुनाव नहीं लड़ते। पिछली बार सांसद रहते मुख्यमंत्री बना था, इस बार भी वहीं से आकर शपथ लूंगा। सीर गोवर्धन में सपा के दिवंगत जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव के परिजनों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोला। कहा कि एमएलसी चुनाव में काशी की जनता ने भाजपा को डबल हार का संदेश दिया है। सरकार बनने पर काशी में मेट्रो चलाने का काम करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का काम कर रही है और चुनाव में गड़बड़ी के जरिए सत्ता हासिल करना चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के खिलाफ है। पार्टी का रुख (शेष पृष्ठ ९ पर)



पूर्व मुख्यमंत्रीने कहा-भाजपा को एमएलसी चुनाव में मिली डबल हार , काशी को देंगे मेट्रो की सौगात

पुलिस की गोली से दंपति की मौत

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार में पुलिस वर्दी को शर्मसार करने वाला एक बेहद गंभीर मामले ने तूल पकड़ लिया है। देर रात गलत नीयत से घर में घुसे एक एएसआई ने पकड़े जाने के डर से अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोलीबारी की घटना में पति-पत्नी के मौत हो गई, जबकि दो लोग गोली लगने से घायल हो गए । यह घटना मधुबनी के बाबूबरही थाना के बालीराजगढ़ में बीती रात घटी। बालीराजगढ़ पुलिस पकेट पर तैनात एएसआई चंद्रमोहन सिंह गलत नीयत से एक घर में घुस गया। मधुबनी के पुलिस कप्तान योगेंद्र कुमार ने आज को बताया कि रात एक बजे सूचना मिली कि बाबूबरही थाना के बलीराजगढ़ गांव में एएसआई पुलिस पैकेट में तैनात था और उसे उसका गांव की एक महिला से अवैध संबंध था ।इस कारण वह गांव में गया था। सोमवार की रात उसे गांव वालों ने देख लिया और घर के अंदर जाने के बाद बाहर से उसे बंद कर दिया गया।अपने घिरा देखा उसने घर के अंदर से तीन से चार राउंड फायरिंग कर दी जिसमें अशोक यादव और उनकी पत्नी फूलों देवी की मौत हो गई।

सफल परीक्षण : भारतने पहली बार लॉन्चरसे दागी दो मिसाइलें

ओडिशा (एजेंसी)। डीआरडीओ ने ओडिशा के चांदीपुर से प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। इसकी खासियत यह है कि एक ही लॉन्चर से 2 मिसाइलें लगातार दागी जा सकती हैं। 500 किलोमीटर तक मार करने वाली यह मिसाइल दुश्मन के अलग-अलग ठिकानों को निशाना बना सकती है। इसे क्वासी-बैलेस्टिक मिसाइल कहा जाता है, क्योंकि यह उड़ान के दौरान अपना रास्ता भी बदल सकती है। इस परीक्षण के पहले दो किमीके दायरे में रहने वाले लोगों को वहां से हटा दिया गया था। रूस और अमेरिका पहले से ही इस तरह की मल्टी-मिसाइल लॉन्च क्षमता वाले सिस्टम विकसित कर चुके हैं। हालांकि, भारत ने यह क्षमता अपनी स्वदेशी तकनीक से विकसित की है। आम बैलिस्टिक मिसाइल सीधे ऊपर जाकर फिर नीचे आती है, रास्ता पहले से पता चल जाता है। प्रलय लो-ट्रेजेक्टरी पर जाती है, बीच में ही दिशा बदल सकती है, टर्मिनल फेज में मैन्युवर करती है। इसलिए दुश्मन का एयर डिफेंस इसे इंटरसेप्ट नहीं कर पाता। इसे आर्मी और एयरफोर्स दोनों में शामिल किया जाना है। पाकिस्तान के साथ एलओसी पर ऐसे शॉर्ट रेंज, हाई प्रिसीजन हथियार गेम-चेंजर माने जा रहे हैं। रणनीतिक रूप से ये सिर्फ टेस्ट नहीं, वॉर डॉक्ट्रिन का बदलाव है। एक ही लॉन्चर से दो मिसाइलों की साल्वो फायरिंग का मतलब- दुश्मन के एक साथ दो एयरबेस या दो रडार स्टेशन को 5 मिनट (शेष पृष्ठ ९ पर)



पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात होगी

ईडी ने अनिल अंबानी की ५१० करोड़ की संपत्ति जब्त की

नयी दिल्ली (आससे.)। प्रवर्तन निदेशालय ने रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप की 510.17 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। यह कार्रवाई ग्रुप की कंपनियों से जुड़े बैंक धोखाधड़ी के मामलों के सिलसिले में की गई है।इन संपत्तियों में विमान, बैंक बैलेंस, फिक्स्ड डिपॉजिट, अचल संपत्तियां, प्राप्त होने वाली रकम और निवेश शामिल हैं। इन नई कुर्की के साथ अब तक रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप के खिलाफ चल रही विभिन्न जांचों में कुल मिलाकर लगभग 23,100 करोड़ की संपत्ति जब्त की जा चुकी है।



दवाओं-चिकित्सा उपकरणोंके आयात को आसान बनानेके लिए सरकारका बड़ा कदम

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और सौंदर्य प्रसाधनों के आयात के लिए अधिकृत प्रवेश केंद्रों का नेटवर्क बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, इसके तहत कई अंतर्देशीय कंटेनर डिपो, एक विशेष आर्थिक क्षेत्र तथा उत्तर प्रदेश में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा शामिल हैं।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि मंत्रालय ने देश में दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और सौंदर्य प्रसाधनों (कॉस्मेटिक्स) के आयात को सुगम बनाने के लिए ड्रग्स रूल्स, 1945 के नियम 43ए में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य विदेशों से स्वास्थ्य सेवा उत्पादों को मंगाने के लिए अधिकृत प्रवेश द्वारों (गेटवे) के नेटवर्क का विस्तार करना है, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत को कम और आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) को मजबूत किया जा सके। मंत्रालय के अनुसार मौजूदा व्यवस्था के तहत नियम 43ए ही उन बंदरगाहों, हवाई अड्डों/रेलवे स्टेशनों को निर्धारित करता है जहां से दवाओं का आयात संभव है। व्यापार को गति देने के लिए मंत्रालय ने इस सूची में नए इनलैंड कंटेनर डिपो एक विशेष आर्थिक क्षेत्र और एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को जोड़ने का फैसला किया है। प्रस्ताव के अनुसार, अब हरियाणा के सोनीपत, पियाला और हरसारू, उत्तर प्रदेश के दादरी, गुजरात के गांधीधाम/मुंद्रा, तेलंगाना के सनत नगर और थिम्मापुर तथा कर्नाटक के व्हाइटफील्ड स्थित आईसीडी को इस सूची में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा कर्नाटक के बोम्मासांद्रा एसईजैड और उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी दवाओं के हवाई आयात के लिए (शेष पृष्ठ ९ पर)

अमृतसर : हथियार और नशा तस्करीके नेटवर्क का भंडाफोड़, ११ गिरफ्तार

अमृतसर (एजेंसी)। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने अवैध हथियारों और नशे की तस्करी करने वाले तीन नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 12 अवैध पिस्तौल, दो हैंड ग्रेनेड, 310.10 ग्राम हेरोइन और 33 जिंदा कारतूस बरामद किये गये हैं। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया पर इस कारवाई की जानकारी साझा की। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेश में बैठे हैंडलर्स और गैंगस्टरों के संपर्क में थे। विदेशी हैंडलर ड्रोन के जरिये अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की खेप भारत भेजते थे। इसके बाद आरोपियों के माध्यम से इन्हें अन्य आपराधिक तत्वों तक पहुंचाया जाता था। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी लोगों को डराने और रंगदारी वसूलने के लिए हथियारों का इस्तेमाल करते थे। रंगदारी की मांग पूरी नहीं होने पर लोगों के घरों और दुकानों पर फायरिंग की जाती थी।

ओमानके तटके पास जहाज पर हमला, एक भारतीयकी मौत

नयी दिल्ली (आससे)। ओमान के तट के पास वाणिज्यिक जहाज एमएसवी अल जुसुफी पर सोमवार शाम हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, जबकि जहाज पर सवार 13 अन्य भारतीयों को बचा लिया गया। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को हमले की निंदा करते हुए मृतक के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मंत्रालय के अनुसार, ओमान के लिमाह के निकट हुए इस हमले में घायल एक भारतीय नागरिक ने दम तोड़ दिया। मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ओमान के अधिकारियों के संपर्क में है। दूतावास बचाए गए भारतीयों की जल्द स्वदेश वापसी और मृतक के पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए समन्वय कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों पर गंभीर चिंता जताई है। मंत्रालय ने तनाव कम करने और कूटनीतिक समाधान के लिए जारी वार्ता जल्द पूरी करने की अपील की। उसने कहा कि क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की घटनाएं बंद होनी चाहिए। साथ ही अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप समुद्री मार्गों से निर्बाध आवागमन और व्यापार जल्द बहाल किया जाना चाहिए।

विदेश मंत्रालय ने जतायी नाराजगी

नेपालमें लैंडिंगके दौरान दो हेलीकॉप्टर टकराये, एक भारतीय की मौत

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल के सोलुखुम्बु जिले में मंगलवार सुबह लैंडिंग के दौरान दो हेलीकॉप्टरों के आपस में टकराने से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गयी जबकि एक विदेशी यात्री घायल हो गया। हादसा माउंट एवरेस्ट बेस कैंप के रास्ते में स्थित फेरीचे के एक हेलीपैड पर हुआ। नेपाल पुलिस के अनुसार, खुम्बु पासांग ल्हामू ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड-4 स्थित फेरीचे में सुबह करीब 8.11 बजे एयर डायनेस्टी और फिशटेल एयर के हेलीकॉप्टर लैंडिंग के दौरान टकरा गए। फेरीचे काठमांडू से करीब 150 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। जिला पुलिस कार्यालय के अनुसार, हादसे में मारे गये विदेशी नागरिक की पहचान अभी नहीं हो पायी है। (शेष पृष्ठ ९ पर)

प्रदर्शन स्थलपर अनिश्चितकाल तक कब्जा नहीं कर सकते प्रदर्शनकारी- सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि कोई भी प्रदर्शनकारी किसी प्रदर्शन स्थल पर अनिश्चितकाल तक कब्जा नहीं कर सकता। ऐसे स्थलों का इस्तेमाल दूसरे समूहों को भी करने का अवसर मिलना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अक्तूबर में हुए प्रदर्शनों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि किसानों, मजदूरों, ट्रेड यूनियनों और बेघर लोगों को भी प्रदर्शन का अधिकार है। उन्होंने कहा कि विरोध का अधिकार संवैधानिक है, लेकिन व्यापार और दिहाड़ी मजदूरों की रोजी-रोटी का अधिकार भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रदर्शनों के कारण दिहाड़ी मजदूरों की आजीविका प्रभावित नहीं होनी चाहिए। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया (शेष पृष्ठ ९ पर)



दिल्ली पुलिस मुख्यालयके बाहर प्रदर्शन, एसीपी निलंबित

नयी दिल्ली (आससे)। राष्ट्रीय राजधानी के एक थाने में वकीलों और पुलिस कर्मियों के बीच झड़प के बाद दिल्ली पुलिस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन में शामिल हुए सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) मनस्वी वशिष्ठ को निलंबित कर दिया गया है। एक आधिकारिक आदेश से यह जानकारी मिली है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, दमन व दीव, और दादरा व नगर हवेली पुलिस सेवा (दैनिप्स) के 2019 बैच के अधिकारी वशिष्ठ के निलंबन का दो नवंबर को आदेश जारी किया। मंत्रालय के आदेश में कहा गया है वरिष्ठ के खिलाफ विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित है और इसी के मद्देनजर सक्षम प्राधिकारी ने केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम 1965 के तहत उन्हें निलंबित करने (शेष पृष्ठ ९ पर)

नदियोंकी गादसे बनेंगी सड़कें, बिहारमें बाढ़का कम होगा खतरा

नयी दिल्ली (आससे)। बिहार की नदियों में जमा गाद अब विकास का संसाधन बनेगी। 'नदी संजीवनी' कार्यक्रम के तहत मंगलवार को केंद्र सरकार और बिहार सरकार के बीच नदियों से गाद निकालने और उसका उपयोग राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में करने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में हुए इस समझौते के तहत 243 लाख घनमीटर गाद का उपयोग 16 राजमार्ग परियोजनाओं में किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है, जिसने जलस्रोत पुनरुद्धार एवं गाद प्रबंधन नीति-2026 लागू की है। नदियों से गाद निकालने से उनकी जलधारण क्षमता बढ़ेगी, बाढ़ का प्रभाव कम होगा और किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। साथ ही सड़क निर्माण में प्राकृतिक मिट्टी के इस्तेमाल पर भी अंकुश लगेगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि महाराष्ट्र के सफल बुलढाणा मॉडल की तर्ज पर बिहार में गाद निकासी का काम किया जाएगा। इससे जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस परियोजना से बिहार सरकार पर कोई वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेपाल में भारी बारिश और दूसरे राज्यों से आने वाले पानी के कारण बिहार हर साल बाढ़ की समस्या झेलता है। फरक्का बैराज के कारण गंगा में गाद जमा होने की समस्या भी गंभीर है। उन्होंने कहा कि बिहार बांग्लादेश को पानी देने का विरोधी नहीं है, लेकिन राज्य की कृषि, उद्योग और पेयजल संबंधी जरूरतों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। फिलहाल बिहार को जुलाई से अक्टूबर तक ही गंगाजल के (शेष पृष्ठ ९ पर)



'नदी संजीवनी' के तहत केंद्र और बिहार सरकार में समझौता, १६ राजमार्ग परियोजनाओं में इस्तेमाल होगी २४३ लाख घनमीटर गाद

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com
आज वाराणसी संस्करण

मौसम

सूर्योदय : ०६.०१
सूर्यास्त : ०५.१६

तापमान
अधि. : ३०.१
न्यून. : २१.०



एक नजर इधर भी

पानी को तरसे लोग, मंदिर की जलापूर्ति भी ठप

पंचमुखी हनुमान मंदिर की लाइन जांचने और मरम्मत के नाम पर काटा गया कनेक्शन

भारद्वाजी टोला (प्रह्लाद घाट) मोहल्ले में पिछले तीन दिनों से पेयजल संकट बना हुआ है। मुहल्ले के ज्यादातर घरों में पानी नहीं पहुंचने से लोगों को रोजमर्रा के कामकाज में परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थिति यह है कि तुलसीदास जी द्वारा स्थापित पंचमुखी हनुमान मंदिर की जलापूर्ति भी तीन दिनों से बाधित है। मंदिर की पेयजल लाइन की जांच और मरम्मत के नाम पर जलकल विभाग के कर्मचारी कनेक्शन काटकर चले गए। इसके बाद से पानी की आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। पानी के अभाव में मंदिर के नियमित कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहल्ले में जलापूर्ति की समस्या को लेकर जिम्मेदारों की ओर से कोई प्रभावी पहल नहीं की जा रही है। हर बार की तरह इस बार भी मोहल्ले के पार्षद की कोई सक्रियता नजर नहीं आ रही है। उधर, संबंधित अवर अभियंता (जेई) का कहना है कि मिनी ट्यूबवेल में खराबी आ गई थी, जिसे दुरुस्त करा दिया गया है। हालांकि, इसके बावजूद मोहल्ले के अधिकांश घरों और पंचमुखी हनुमान मंदिर तक पानी नहीं पहुंच रहा है। तीन दिन से जारी इस संकट के बीच स्थानीय लोग जलकल विभाग से तत्काल आपूर्ति बहाल कराने की मांग कर रहे हैं।

बीएचयू में विद्यार्थियों को मिला एआई तकनीकों का व्यवहारिक प्रशिक्षण

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के दक्षिण परिसर स्थित न्यू येल टी भवन के मुख्य सभागार में एआई कार्यशाला का आयोजन कर विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नवीनतम तकनीकों से परिचित कराने सहित उनमें नवाचार एवं तकनीकी कौशल विकसित करने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का आयोजन दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, कला संकाय, रोटरी क्लब ऑफ वाराणसी कबीर एवं टेकब्रेनस् के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसमें विद्यार्थियों को चैट जीपीटी, गूगल जेमिनी, माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट



और कैनवा एआई सहित विभिन्न कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। शिक्षा, अनुसंधान, व्यवसाय और सामग्री निर्माण में इनके उपयोग की जानकारी दी गयी। कार्यशाला से एआई कार्निवल २०२६-२७ के लिए कम से कम दो एआई चैंपियन चुने जायेंगे। चयन तीन चरणों में होगा। चयनित विद्यार्थियों को २० दिसंबर को वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के एआई कार्निवल में अपने नवाचार दो हजार से अधिक व्यवसायियों एवं उद्यमियों के सामने प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के समन्वयक डॉक्टर आर.एस. मिश्र ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉक्टर अजय दुबे, सचिव प्रत्युष मिश्र तथा टेकब्रेनस् के ऋषि उपाध्याय का विशेष सहयोग रहा। कार्यशाला का संचालन सुश्री आश्लेषा और रोहन ने किया।

रबी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए किसानों को किया गया जागरूक

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान की ओर से मंगलवार को हरहुआ ब्लॉक के गुरवट और शिवरामपुर गांव में खेत बचाओ अभियान के तहत किसान जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती की तकनीकों से अवगत कराना और रबी फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर ज्योति देवी ने सब्जी मटर की उन्नत किस्मों, बुवाई के उचित समय, बीज उपचार, सिंचाई प्रबंधन और फसलों को बीमारियों से बचाने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाकर किसान बेहतर उत्पादन के साथ अपनी आमदनी भी बढ़ा सकते हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के सहायक विकास अधिकारी विवेक कुमार सिंह ने खेती से पहले मिट्टी की जांच कराने के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि मिट्टी की जांच से उसमें उपलब्ध पोषक तत्वों की जानकारी मिलती है, जिससे जरूरत के अनुसार उर्वरकों का उपयोग किया जा सकता है। वैज्ञानिक डॉक्टर विद्या सागर ने रबी फसलों के बेहतर प्रबंधन और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों की जानकारी देते हुए रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक प्रयोग कम करने तथा जैव उर्वरकों के इस्तेमाल पर जोर दिया। कार्यक्रम में तकनीकी सहायक अर्चना सिंह सहित प्रदीप पांडेय और शिवम सिंह मौजूद रहे।

आईआईटी बीएचयू के दो शिक्षक प्रतिष्ठित शोध पत्रिका के संपादक नियुक्त

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू के दो प्राध्यापकों को भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, नयी दिल्ली की प्रतिष्ठित शोध पत्रिका के संपादक मंडल में शामिल किया गया है। संस्थान के पदार्थ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विद्यालय के डॉक्टर संजय सिंह को भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान विभाग का संपादक नियुक्त किया गया है, जबकि जैव रासायनिक अभियांत्रिकी विद्यालय के डॉक्टर प्रांजल चंद्र इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संपादक का दायित्व संभालेंगे। दोनों प्राध्यापकों की नियुक्ति उनके उत्कृष्ट शोध कार्यों, अकादमिक विशेषज्ञता और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान के आधार पर की गयी है। भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी की शोध पत्रिका प्रोसीडिंग्स ऑफ द इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में उच्चस्तरीय शोध के प्रकाशन और वैज्ञानिक ज्ञान के प्रसार का महत्वपूर्ण मंच है।

बीएचयू के पूर्व वीसी प्रोफेसर डीपी सिंह को मिला अंतरराष्ट्रीय एपीक्यूएन क्वालिटी चैंपियन अवॉर्ड

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व वाइस चांसलर प्रोफेसर धीरेन्द्र पाल सिंह को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता संवर्धन और शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित एशिया-पैसिफिक क्वालिटी नेटवर्क (एपीक्यूएन) क्वालिटी चैंपियन अवॉर्ड २०२६ से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और संस्थागत शैक्षणिक मानकों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में उनके आजीवन योगदान के लिए प्रदान किया गया है। एशिया-पैसिफिक क्वालिटी नेटवर्क की ओर से यह सम्मान ३० अक्तूबर को पुणे में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। प्रोफेसर धीरेन्द्र पाल सिंह टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान के चांसलर, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के पूर्व निदेशक रह चुके हैं। वह जाने-माने पर्यावरणविद् और शिक्षाविद् भी हैं। उन्होंने देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय, इंदौर के वाइस चांसलर के रूप में भी सेवाएं दी हैं।

बीएचयू में विद्यार्थियों ने संगीत से सीखा मानसिक तनाव से मुक्ति

काशी हिंदू विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने के लिए संगीत के चिकित्सीय उपयोग की जानकारी दी गयी। विश्वविद्यालय के कार्यकारी सेवा प्रकोष्ठ की ओर से वैदिक विज्ञान केंद्र के सेमिनार हॉल में आयोजित दो दिवसीय संगीत चिकित्सा कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। दैनिक जीवन में चिकित्सीय संगीत का उपयोग विषयक इस कार्यशाला का संचालन काशी विद्यापीठ के मनोविज्ञान विभाग के शिक्षक एवं संगीत चिकित्सा प्रयोगशाला एवं अनुसंधान केंद्र के समन्वयक डॉक्टर दुर्गेश कुमार उपाध्याय ने किया। उन्होंने बताया कि संगीत तनाव कम करने, भावनाओं को नियंत्रित करने और मनोदशा में सुधार लाने का प्रभावी माध्यम है। विभिन्न प्रकार के संगीत का व्यक्ति की भावनात्मक स्थिति पर अलग-अलग प्रभाव पड़ता है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को संगीत श्रवण, आत्मचिंतन और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से संगीत और मनोदशा के संबंधों को समझाया गया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने के लिए व्यक्तिगत संगीत आधारित योजनाएं तैयार करने की जानकारी दी गयी।

गो-माता की रक्षा के लिए कानून बनाना जरूरी- स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती

तीन दिवसीय संस्कृति संसद शुरू, संतों ने एकजुट होकर संस्कृति रक्षा का लिया संकल्प

गोमाता भारतीय संस्कृति का आधार हैं। उनकी रक्षा के लिए देश में प्रभावी कानून बनाया जाना चाहिए। सनातन धर्म और संस्कृति पर हो रहे हमलों से समाज को बचाने के लिए संस्कृति संसद जैसे आयोजन आवश्यक हैं। यह बात ज्योतिषपीठाधीश्वर स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महाराज ने मंगलवार को सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में तीन दिवसीय संस्कृति संसद-२०२६ के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि संसद में संतों की ओर से रखे गये विचारों पर अमल करने की जरूरत है। गो, गंगा और गीता भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण आधार हैं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि संत समाज ने हमेशा भारतीय संस्कृति और धर्म की रक्षा की है। संस्कृति संसद के माध्यम से देश के विभिन्न पंथों के संतों को एक मंच पर लाने का प्रयास सफल हुआ है। अखिल भारतीय संत समिति एवं गंगा महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री



स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि संत समाज को भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के सामने विद्यमान चुनौतियों का सजग रहकर मुकाबला करना होगा। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक दिनेश जी ने कहा कि कुछ कानूनों के कारण हिंदू समाज और परिवार की परंपराओं पर प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे कानूनों में बदलाव के लिए प्रयास करना होगा। परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक जी ने धर्मांतरण और धार्मिक परंपराओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणियों को चुनौती बताते हुए संतों से लोक जागरण का आह्वान किया। कथावाचक आचार्य सुधांशु महाराज ने कहा कि सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए गुरुकुलों तथा संस्कार केंद्रों की स्थापना आवश्यक है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील देवधर ने कहा कि भारतीय संस्कृति और धर्म के संरक्षण के लिए संस्कृति संसद की प्रासंगिकता लगातार बढ़ रही है। संस्कृति संसद के अंतर्गत आयोजित जेन जी सम्मेलन में युवा वक्ताओं ने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में युवाओं को विश्वसनीय सूचनाओं के आधार पर ही प्रतिक्रिया देनी चाहिए। संस्कृति संसद परिसर में देश-विदेश के कलाकारों की पेंटिंग और छायाचित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। संस्कृति पर्व पत्रिका का लोकार्पण किया गया। पद्मश्री दुलारी देवी की मधुबनी पेंटिंग और पद्मश्री श्याम शर्मा की हनुमान जी पर आधारित कलाकृति विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। प्रदर्शनी में काशी के घाटों, महादेव के विभिन्न स्वरूपों और महाकुंभ से जुड़ी कलाकृतियां भी प्रदर्शित की गई हैं। संचालन जनार्दन हरि ने किया। इस अवसर पर जगद्गुरु अविचलदेवाचार्य, चंपत राय, महामंडलेश्वर मनमोहन दास, प्रोफेसर वशिष्ठ त्रिपाठी, प्रोफेसर रामचंद्र पांडेय और डाक्टर रामनारायण द्विवेदी सहित अनेक संत एवं विद्वान उपस्थित रहे।

दो साल से निलंबित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का हुआ आवंटन

पिंडरा विकासखंड के जगदीशपुर गांव में पिछले दो वर्षों से निलंबित चल रही सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के आवंटन की प्रक्रिया मंगलवार को पूरी हुई। इसके लिए ग्रामसभा की खुली बैठक कम्पोजिट विद्यालय के प्रांगण में आयोजित की गयी, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) कोटे के तहत सरकारी राशन की दुकान के आवंटन के लिए गांव के तीन लोगों ने आवेदन किया था। जांच के दौरान एक आवेदन निरस्त होने के बाद दो आवेदक मैदान में रह गये। इसके बाद ग्रामीण दो खेमों में बंट गये और अपने-अपने समर्थित आवेदकों के पक्ष में मतदान किया। मतदान के बाद हुई मतगणना में प्रदीप श्रीवास्तव को सर्वाधिक २०७ मत मिले, जबकि साधना को ५५ मत प्राप्त हुए। इस प्रकार प्रदीप श्रीवास्तव ने १५२ मतों के अंतर से जीत हासिल की। इसके बाद संबंधित अधिकारियों ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए दुकान आवंटन की प्रक्रिया संपन्न करायी। इस दौरान एडीओ पंचायत सुनील सिंह, एडीओ आईएसबी बृजेश सिंह, सेक्रेटरी लालबहादुर पटेल, प्रशासक एवं ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद, पूर्व ग्राम प्रधान चंद्रदेव पाल, राजबली पटेल, लालजी पांडेय, बलिराम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

भारतीय संगीत की विरासत को नयी पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी-निर्मला सीतारमण

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारतीय संगीत और सांस्कृतिक विरासत को नयी पीढ़ी तक पहुंचाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। महान संगीतज्ञ मुत्तुस्वामी दीक्षितर का जीवन, दर्शन और संगीत साधना भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा के परिचायक हैं। मंगलवार को आईआईटी बीएचयू में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि दीक्षितर का काशी से गहरा जुड़ाव रहा है और उन्होंने यहां निवास भी किया था। वित्त मंत्री ने विद्यार्थियों को उनकी संगीत साधना और वीणा की विशिष्टताओं से परिचित कराया।



मुत्तुस्वामी दीक्षितर की २५०वीं जयंती के उपलक्ष्य में आईआईटी बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में आयोजित समारोह में निर्मला सीतारमण ने भारत सरकार की ओर से जारी २५० रुपये के स्मारक सिक्के का लोकार्पण किया। उन्होंने दीक्षितर के जीवन, दर्शन और संगीत योगदान पर आधारित पुस्तक अमर गुरुगुहम् पोट्रुवाम् का भी विमोचन किया। आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रोफेसर अमित पात्रा ने कर्नाटक संगीत की त्रिमूर्ति में शामिल दीक्षितर के योगदान और भारतीय शास्त्रीय संगीत में उनके विशिष्ट स्थान पर प्रकाश डाला। समारोह में कर्नाटक संगीत की प्रस्तुतियां भी हुईं। प्रख्यात गायिका डाक्टर सुमित्रा वासुदेव ने गायन के माध्यम से दीक्षितर को स्वरांजलि दी। इसके बाद रमणा बालचंद्रन् ने वीणा वादन किया। उनके साथ गणपतिरामन् ने मृदंगम और एल. रामकृष्णन् ने वायलिन पर संगत की। स्मारक सिक्के के लोकार्पण की पहल को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत सहयोग दिया। इसके प्रबंध निदेशक सुंदररामन् राममूर्ति का इसमें विशेष योगदान रहा। मुख्य अतिथि का स्वागत बीएचयू के वाइसचांसलर प्रोफेसर अजित कुमार चतुर्वेदी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन आईआईटी बीएचयू के भारतीय ज्ञान परंपरा उत्कृष्टता केंद्र के समन्वयक डाक्टर वी. रामनाथन् ने किया।

आईआईटी बीएचयू में केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री ने मुत्तुस्वामी दीक्षितर की २५०वीं जयंती पर ढाई सौ रुपये का स्मारक सिक्का किया जारी, पुस्तक का भी विमोचन

तिरुक्कुरल के संदेश से जुड़ेगा काशी-तमिलनाडु का सांस्कृतिक संगम

काशी और तमिलनाडु के सदियों पुराने सांस्कृतिक एवं सभ्यतागत संबंधों को प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से काशी तमिल संगमम का पांचवां संस्करण २८ नवंबर से १२ दिसंबर तक आयोजित होगा। इस बार आयोजन की थीम तिरुक्कुरल पयिल्वोम यानी तिरुक्कुरल का अभ्यास करें रखी गयी है। आयोजन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में भारत सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी, बीएचयू के वाइस चांसलर प्रोफेसर अजीत कुमार चतुर्वेदी, उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष, शिक्षा मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव अंकिता मिश्रा बुंदेला तथा भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष चमू कृष्ण शास्त्री सहित मंडलायुक्त, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में आयोजन की तैयारियों, विभागीय समन्वय और व्यवस्थाओं की समीक्षा की गयी। इस संस्करण में संत कवि तिरुवल्लुवर की रचना तिरुक्कुरल पर विशेष जोर रहेगा। इसके १३३० पदों में धर्म, अर्थ, प्रेम, नैतिकता, सदाचार और जीवन मूल्यों की शिक्षा दी गयी है। केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान ने इसका अनुवाद संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी २२ भाषाओं में कराया है। आयोजन के तहत देश के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एक हजार चयनित शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी तिरुक्कुरल का अध्ययन करेंगे। प्रत्येक संस्थान से मेरिट के आधार पर एक विद्यार्थी चुना जायेगा। आयोजन में बीएचयू, आईआईटी मद्रास और केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान सहित विभिन्न संस्थान सहयोग करेंगे।

नन्हें-मुन्नों ने आकर्षक १८० विज्ञान मॉडल का किया प्रदर्शन

सेठ एम. आर. जैपुरिया स्कूल्स बनारस के बाबतपुर कैम्पस में विज्ञान प्रदर्शनी उत्क्रांति २०२६ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षावार छात्र-छात्राओं ने अपनी सोच, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर बनाये गये १८० विभिन्न मॉडल को प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। मुख्य अतिथि आयकर आयुक्त प्रांजल सिंह ने कहा कि स्कूल जीवन की विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों की प्रतिभा को निखारने और वैज्ञानिक समझ को बढ़ाने में मदत करती है। हर बच्चे और युवा को जीवन में सफलता के लिए चीजों को गूढ़ता से उसके सिद्धांतो के साथ समझना चाहिए। चेयरमैन दीपक कुमार बजाज ने कहा कि जैपुरिया स्कूल का प्रयास है कि विभिन्न शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से युवाओं का सर्वांगीण विकास हो और वह देश समाज के लिए अपना बड़ा योगदान करने हेतु तैयार किये जाएं। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विजेता छात्र-छात्राओं को विभिन्न श्रेणी में पुरस्कार, मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संयोजन निहारिका यादव के नेतृत्व में जितेन्द्र पाण्डेय, बुशरा रियाज खान, बृजेश मिश्र, रितु सिंह, संजय सिंह, रिया



जायसवाल, खुशबू सहाय, लारेब फातिमा, शिखा सिंह, बीना सिंह आदि शिक्षको द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन भुवी सिंह बिसेन एवं दिव्यांशी चौधरी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार बजाज, अधिशासी निदेशक श्याम सुंदर बजाज, निदेशक अनिल के.जाजोदिया, प्रधानाचार्य सुधा सिंह, शैक्षणिक प्रबंधक नरेन्द्र पाण्डेय एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

वाराणसी के विकास में बिल्डरों की अहम भूमिका, बेहतर बैंकिंग सुविधाएं देगा एसबीआई - कुमार आनंद

भारतीय स्टेट बैंक ने बिल्डरों के साथ साझेदारी मजबूत करने के लिए किया सम्मेलन

भारतीय स्टेट बैंक की ओर से होटल हॉलिडे हाइट्स में एसबीआई बिल्डर्स मीट-२०२६ का आयोजन किया गया। रिश्तों की बुनियाद पर राष्ट्र निर्माण विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बैंक और भवन निर्माण क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों के बीच आपसी विश्वास, समन्वय और व्यावसायिक साझेदारी को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय वाराणसी के तत्वावधान में उप महाप्रबंधक (बैंकिंग एवं परिचालन) कुमार आनंद के मार्गदर्शन में गृह ऋण विक्रय दल की ओर से किया गया। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक कुमार आनंद ने कहा कि वाराणसी के विकास में बिल्डरों और भवन निर्माण कंपनियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारतीय स्टेट बैंक उन्हें बेहतर बैंकिंग सुविधाएं और त्वरित ऋण सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पारदर्शिता, विश्वास और आपसी सहयोग को दीर्घकालिक व्यावसायिक संबंधों का आधार बताया। कार्यक्रम में में गृह ऋण प्रक्रिया, परियोजनाओं के साथ बैंक की साझेदारी, ग्राहकों को सरल एवं त्वरित ऋण सुविधा उपलब्ध कराने तथा भविष्य में व्यावसायिक सहयोग बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। बैंक अधिकारियों और बिल्डर प्रतिनिधियों ने आपसी समन्वय से गृह ऋण कारोबार की संभावनाओं का विस्तार करने पर विचार साझा किए। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक (गृह ऋण बिक्री दल) विनय वर्मा, मुख्य प्रबंधक संजय कुमार पाण्डेय, रजनीश कुमार सिंह, अमित, राणा रणजीत चौधरी सहित बैंक के अन्य अधिकारी, विभिन्न शाखाओं के प्रबंधक तथा वाराणसी, मिर्जापुर और आसपास के क्षेत्रों के प्रमुख बिल्डर एवं भवन निर्माण कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में एसएसबी के राम गोपाल सिंह और जितेंद्र सिंह, एसआईपीएल के दीपक आर्य, रोमा डेवलपर्स के आकाशदीप, रुद्रांश बिल्डर्स के अनिल सिंह, अवध बिल्डकॉन के सुशील राय, शिवकाशी होम्स के एनडी तिवारी, हेमिश इंफ्रास्ट्रक्चर के अविनाश चंद्र, गणपति इंफ्राटेक के संजीव कपूर, जीडीएसी बिल्डकॉन के प्रदीप गुप्ता, एला इंफ्रास्ट्रक्चर के निशित पाण्डेय और अवध किशोर सिंह, अदिति समूह के आशुतोष राय, कुंजबिहारी रियल्टी के विश्वनाथ प्रसाद अग्रवाल, फ्लोरिट कंस्ट्रक्शन के अधिकारी देवी प्रसाद दास तथा विराट समूह के लोकेश गुप्ता शामिल रहे।



पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा नोटिस सं०- 03 ऑफ 2026-27/ खुला/गति शक्ति इकाई, डीडीयू

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आरएसपी/महेन्द्रू घाट एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सक्षम ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिट्री इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई.निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा सं०- 03-डीडीयू-उप मुख्य परियोजना प्रबंधक-गति शक्ति इकाई-26-27 (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन : मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आरएसपी/महेन्द्रू घाट के अधीन सिविल इंजीनियरिंग कार्य से संबंधित दूसरे अप लूप के सीएसएल को बढ़ाने के लिए यार्ड रीमॉडलिंग और मुख्य लाइन में शंटिंग से बचने के लिए शंटिंग नेक का प्रावधान और मानपुर स्टेशन पर कॉमन लूप के रूप में अप दूसरे लूप के साथ अप दूसरे लूप में सीधे रिसेप्शन के लिए डाउन से अप तक एक क्रॉसओवर का प्रावधान। **(ii) कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 2,13,85,611.52 **(iii) धरोहर राशि :** ₹ 4,27,700.00 **(iv) ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 27.11.2026 को 15:00 बजे तक **(v) वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आरएसपी
पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रू घाट, पटना
पीआर/1247/डीडीयू-जीएस/जीएस/टी/26-27/44

मणि मंदिर में गृहस्थों की बनी रसोई से सजेगी अन्नकूट की झाँकी

मंदिर की तरफ से १५१ क्विन्टल का प्रसाद बनाने में जुटे दो दर्जन कारीगर

अन्नकूट के अवसर पर नौ नवंबर को दुर्गाकुण्ड स्थित मणि मंदिर (श्रीधर्मसंघ) में घर की रसोई सजायी जाएगी। भक्तों द्वारा घर की रसोई में बने विविध पकवान प्रभु को भोग के रूप में अर्पित किया जायेगा। सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट संदेश देने वाली इस परंपरा की शुरुआत २०२२ में धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज की सद्प्रेरणा से हुई थी। धर्मसंघ के महामंत्री पं. जगजीतन पाण्डेय ने बताया कि अन्नकूट पर्व पर जब से यह परंपरा शुरू हुई है, बड़ी संख्या में सनातनी धर्मनिष्ठ परिवार इसमें सहभागिता कर रहे है। काशी के धर्मनिष्ठ गृहस्थों द्वारा घर की रसोई से ठाकुर जी को विविध व्यंजनों का भोग बनाया जाता है पिछले वर्ष लगभग ढ़ाई हजार भक्तों ने घर की बनी रसोई प्रभु को अर्पित की थी, इस बार भी भक्तों में अन्नकूट के लिए खासा उत्साह दिखलाई पड़ रहा है। बड़ी संख्या में भक्तगण थाली के लिए मंदिर आ रहे है जिससे इस बार और अधिक श्रद्धालुओं के इस अनूठे आयोजन से जुड़ने की उम्मीद है। पंडित जगजीतन पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष पहले से ही भक्तों द्वारा रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरा जा रहा है, जिसके बाद उनकी थाली पर एक बार कोड लगा दिया जाएगा, अन्नकूट के अगले दिन उन्हें मंदिर में बने





भोग के प्रसाद के साथ उनके भोग को लौटाया जायेगा। **दो दर्जन कारीगर १५१ क्विंटल प्रसाद का भोग बनाने में जुटे**-अन्नकूट के अवसर पर मंदिर की तरफ से धर्मसंघ में १५१ क्विन्टल प्रसाद का भोग लगाया जायेगा। भोग में छप्पन प्रकार के व्यंजनों से प्रभु की छप्पन भोग झाँकी सजाई जाएगी। मंदिर मंडप मे लड्डुओं से मंदिर का भव्य ढाँचा सबके आकर्षक का केंद्र रहेगा। इसके साथ ही पं. जगजीतन पाण्डेय ने बताया कि अन्नकूट पर ठाकुर जी को विशेष रूप से श्रीअन्न (मोटे अनाज) से बने लड्डुओं का भी भोग लगाया जाता है। इसमें बाजरे, कोदे, साँवाँ, मक्का से बने व्यंजन शामिल होंगे। लगभग दो दर्जन कारीगर सोमवार से दिन रात भोग बनाने में जुट गए है। **पाँच दिनों तक बटेंगे माँ अन्नपूर्णा का खजाना प्रसाद**- दीपावली के अवसर पर मणि मंदिर में धन त्रयोदशी से ही धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हो जाएंगे जो कि अन्नकूट तक चलेंगे। 5 दिनों तक मंदिर में माँ अन्नपूर्णा के प्रसाद स्वरूप धान का लावा और खजाने के सिक्के वितरित किया जाएगा। मंदिर परिसर को भव्यता प्रदान करने के लिए कारीगरों की टीम दिन रात फूल मालाओं, विद्युत झालरों और बंदनवार सजाने में जुटी हुई है।

क्षय मुक्त काशी - निरोग काशी

क्षय रोग (TB) के लक्षण

समुचित आहार लेने पर भी शरीर का वजन कम होना। * भूख न लगना, अरूचि होना। * दो हफ्तों से अधिक समय तक खाँसी का ठीक न होना। * गहरी सांस लेने, खाँसने, छींक या हँसी आदि से छाती में चुभन सा दर्द। * थोड़ा श्रम करने से भी हाँफना। * हल्का बुखार जो बना रहे। * मुख से बलगम के साथ रक्त आना। * गले में गाँठ का तीन सप्ताह से अधिक समय तक बने रहना।



सामाजिक संस्था संकल्प द्वारा 26 वर्षों से अनवरत चलने वाला शिविर/अभियान
क्षय मुक्त काशी-निरोग काशी
डॉ0 अश्विनी जैन क्लिनिक,मलदहिया, वाराणसी से प्रत्येक कार्यदिवस में संचालित है।
चिकित्सक
डॉ0 हर्षित जैन डॉ0 आंचल अग्रवाल (जैन)

संकल्प द्वारा प्रचारित व प्रसारित
:- सहयोग :-
आज

कन्हैयालाल गुलाबचन्द सर्राफ
सोने, कुन्दन व हीरे के आभूषणों का अद्भुत संग्रह, चांदी के बर्तन, सोने व चांदी के सिक्कों एवम् घड़ रत्नों की विशाल शृंखला उपलब्ध
चौक (छोटी बाज़ार गली के सामने) वाराणसी फोन: 0542 - 2390754

चांदी सिल प्रति किलो-	1,85,000/-
सिक्का प्रति सैकड़ा-	2,24,000/-
सोना स्टैण्डर्ड 10 ग्राम-	1,37,500/-
सोना 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम-	1,29,200/-

एक नजर इधर भी

१०० वर्ष से अधिक पुरानी थाना गांव की रामलीला का शुभारंभ, सात दिनों तक होगा मंचन

गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल है रामलीला, आयोजन में मुस्लिम समाज की भी रहती है अहम भागीदारी

पिंडरा। क्षेत्र प्रसिद्ध ग्रामसभा थाना की ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ मंगलवार तीन नवंबर को नारद मोह, श्रीराम जन्म और ताड़का वध के मंचन के साथ हुआ। तीन नवंबर से नौ नवंबर तक चलने वाली इस सात दिवसीय रामलीला को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है। जय माँ भवानी रामलीला समिति के तत्वावधान में होने वाली रामलीला सांस्कृतिक परंपरा और आपसी सौहार्द की पहचान बन चुकी। थाना गांव की रामलीला १०० वर्ष से अधिक पुरानी है। इसकी सबसे खास बात यह है कि यह रामलीला गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल पेश करती है। आयोजन में मंचन से लेकर चंदा एकत्र करने तक मुस्लिम समाज के लोग भी बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं। रामलीला की एक और विशेषता यह है कि इसमें अभिनय करने वाले सभी कलाकार गांव के ही होते हैं। ग्रामीण अपनी प्रतिभा और सामूहिक सहयोग से इस परंपरा को पीढ़ी दर पीढ़ी जीवंत बनाये हुए हैं। छह दिनों तक रामलीला के विभिन्न प्रसंगों का मंचन होने के बाद दीपावली के अगले दिन सुबह भव्य एक दिवसीय दशहरा मेले का आयोजन किया जायेगा। रामलीला और मेले को लेकर पूरे गांव में उत्सव का माहौल बना हुआ है।

सिंधोरा में अवैध पटाखा फैक्टरी का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

पिंडरा। दीपावली पर्व से पहले अवैध पटाखों के निर्माण और भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सिंधोरा पुलिस और एसओजी-०२ की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सिंधोरा बाजार स्थित एक मकान में छापेमारी कर ५०१.५ किलोग्राम निर्मित एवं अर्धनिर्मित पटाखों के साथ पटाखा बनाने में प्रयुक्त विस्फोटक सामग्री बरामद की है। मौके से रफीक निवासी सिंधोरा बाजार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, २ नवंबर की रात करीब मुखबिर की सूचना पर सिंधोरा बाजार स्थित मकान में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान विभिन्न ब्रांड के बने हुए पटाखे, फूलझड़ी, राकेट, बुलेट बम, अधबने सुतली बम, मिर्ची बम



और चकरी सहित कुल ५०१.५ किलोग्राम पटाखे एवं निर्माण सामग्री बरामद हुई। इसके अलावा बारूद, शोरा, गंधक, चारकोल, एल्युमिनियम पाउडर, पोटैशियम पाउडर, सफेद सोडा, वार्निश, कागज, पन्नी, रबर, बत्ती तथा पटाखे बनाने के औजार भी मिले। पुलिस के मुताबिक, मकान में मौजूद रफीक से पटाखा निर्माण और भंडारण से संबंधित वैध लाइसेंस एवं अनुमति पत्र मांगा गया, लेकिन वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। बरामद ज्वलनशील विस्फोटक सामग्री को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। वहीं फॉरेंसिक फील्ड यूनिट ने मौके से वैज्ञानिक जांच के लिए नमूने भी एकत्रित किए। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह पैसे कमाने के लिए पटाखे बनाकर दुकानों पर बेचना चाहता था, लेकिन उसके पास इसके लिए कोई लाइसेंस नहीं था। इस मामले सिंधोरा पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पांडेय के नेतृत्व में चौकी प्रभारी रोशन सिंह, पुलिस टीम और एसओजी-०२ प्रभारी पंकज सिंह चौहान की संयुक्त टीम ने छापेमारी की कारवाई की।

आदमपुर में मोमो विक्रेता हत्याकांड का पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

आदमपुर थाना क्षेत्र के कोनिया घाट पर गत दिनों अंकित राजभर की छोटे गैस सिलिण्डर से हमला कर हुई हत्या के मामले में आरोपी को पुलिस ने मुगलसराय में छापा मारकर गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी किशन विश्वकर्मा आदमपुर थाना क्षेत्र के कोनिया घाट का निवासी है। सहायक पुलिस आयुक्त सर्किल कोतवाली विजय प्रताप सिंह ने मंगलवार को थाना आदमपुर में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। आरोपी को मीडिया के सामने पेश किया गया। उन्होंने बताया कि अंकित राजभर ३१ अक्तूबर की शाम में घर से टहलने के लिए निकला था। वह नदी की तरफ जा रहा था। इसी दौरान किशन विश्वकर्मा उसे देखा और अंकित राजभर से गाली गलौज करने लगा। दोनों में काफी विवाद हो गया। इसी दौरान हमलावर किशन ने पांच किलो वाले गैस सिलेण्डर से अंकित राजभर के सिर पर हमला कर दिया। वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा मौके पर पहुंचे परिवार वाले अंकित को श्री शिव प्रसाद गुप्त अस्पताल लाये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आदमपुर थाना प्रभारी निरीक्षक विमल कुमार मिश्र को मुखबिर के जरिये सूचना मिली की हमलावर किशन विश्वकर्मा पड़ाव मुगलसराय में है। इस सूचना पर आमदपुर थाना प्रभारी सौरभ सिंह तेलियाना चौकी प्रभारी अजय कुमार मच्छोदरी चौकी प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी और अखिल सिंह ने पड़ाव में घेरेबंदी कर उसे धरदबोचा।

मरूधर एक्सप्रेस की एसी बोगी से नकदी समेत कीमती आभूषण चोरी

मरुधर एक्सप्रेस की एसी बोगी से चोरों ने यात्री का सूटकेस चोरी कर लिया। जिसमें सोने की दो चूड़ी, मंगलसूत्र, कान की बाली, पासपोर्ट और ३५ हजार रुपए नकदी रखे थे। कैंट जीआरपी ने भुक्तभोगी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके उसे घटना क्षेत्र अकबरपुर जीआरपी को स्थानांतरित कर दिया। बिहार के बक्सर निवासी मनोज कुमार साह ने लिखित तहरीर में बताया कि वह गत 31 अक्टूबर को गाड़ी संख्या - १४८५४ मरुधर एक्सप्रेस के बी - ५ बोगी में जयपुर से वाराणसी की यात्रा कर रहे थे। गोसाईगंज के पास उनका सूटकेस चोरी हो गया।

त्योहारों पर रेलवे की सौगात, चंडीगढ़-पटना के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

वाराणसी समेत लखनऊ मंडल के कई स्टेशनों पर होगा ठहराव, छह और सात नवंबर को होगा संचालन

त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने चंडीगढ़-पटना के बीच एक जोड़ी आरक्षित विशेष एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। इससे त्योहारों पर घर आने-जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। ट्रेन का ठहराव वाराणसी समेत लखनऊ मंडल के कई प्रमुख स्टेशनों पर निर्धारित किया गया है। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या ०४५१० चंडीगढ़-पटना आरक्षित विशेष एक्सप्रेस छह नवंबर २०२६ को चंडीगढ़ से रात १० बजे रवाना होगी। यह ट्रेन अंबाला कैंट, सहारनपुर, रुड़की, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर और हरदोई होते हुए सात नवंबर को लखनऊ मंडल के आलमनगर स्टेशन पर सुबह



१०.४० बजे पहुंचेगी और १०.५० बजे रवाना होगी। इसके बाद उतरठिया में सुबह ११.१० बजे, सुल्तानपुर में दोपहर १.२५ बजे तथा वाराणसी जंक्शन पर शाम ४.३५ बजे पहुंचेगी। वाराणसी से ४.४५ बजे रवाना होकर पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा होते हुए रात ९.१५ बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या ०४५०९ पटना-चंडीगढ़ आरक्षित विशेष एक्सप्रेस सात नवंबर को पटना जंक्शन से रात ११.१५ बजे रवाना होगी। यह ट्रेन आठ नवंबर को वाराणसी जंक्शन पर सुबह ४.४० बजे पहुंचेगी और ४.५० बजे प्रस्थान करेगी। इसके बाद सुल्तानपुर, उतरठिया और आलमनगर होते हुए हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, रुड़की और सहारनपुर के रास्ते रात ९.४० बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी। इस विशेष ट्रेन में कुल १७ कोच लगाए जाएंगे। इनमें वातानुकूलित, स्लीपर और सामान्य श्रेणी के कोच शामिल होंगे। रेलवे की इस पहल से त्योहारों के दौरान यात्रियों को अतिरिक्त आवागमन सुविधा मिलेगी।

अखिलेश यादव का एयरपोर्ट से सड़क तक जोरदार स्वागत

हजारों कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन, विभिन्न परिवारों से मिलकर जताई शोक संवेदना, देर रात करखियांव पहुंचे सपा प्रमुख

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश



यादव का मंगलवार को वाराणसी आगमन पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लेकर शहर और करखियांव तक उनके स्वागत में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बना। जगह-जगह 'जय समाजवाद' और अखिलेश यादव के समर्थन में गगनभेदी नारे गूंजते रहे। अपने नेता की एक झलक पाने के लिए कार्यकर्ता घंटों इंतजार करते नजर आये। अखिलेश यादव ने भी हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया। एयरपोर्ट पर हजारों की संख्या में जुटे सपा नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। इसके बाद अखिलेश यादव सीर गोवर्धनपुर, डाफी स्थित पार्टी के दिवंगत उपाध्यक्ष स्वर्गीय राजेश यादव नत्थू के आवास पहुंचे। यहां परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश फौजी के आवास पहुंचकर उनका और उनकी पत्नी का कुशलक्षेम जाना तथा स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके बाद अखिलेश यादव ने सुंदरपुर की राजेंद्र विहार कॉलोनी में राजेश सिंह के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान में बच्चों के साथ भी मुलाकात की,



वहां से वे रविंद्रपुरी कॉलोनी स्थित सपा नेता अशफाक अहमद के आवास पहुंचकर उनके दिवंगत भाई के निधन पर शोक जताया और परिवार को ढांढस बंधाया। इसके बाद लोहटिया में प्रदेश सचिव लालू यादव के आवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। अंत में करखियांव स्थित सांसद प्रिया सरोज के नवनिर्मित आवास पर पहुंचे और उनके पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल हुए। स्वागत करने वालों में सांसद वीरेंद्र सिंह, सांसद प्रिया सरोज, जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, एमएलसी लाल बिहारी यादव, एमएलसी आशुतोष सिन्हा, विधायक तूफानी सरोज, पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल, प्रदीप कुमार मौर्य, जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू एडवोकेट, वरिष्ठ नेता अवधेश पाठक, कैलाश नाथ सिंह यादव, मनोज राय धूपचंडी, अब्दुल समद अंसारी, प्रदीप जायसवाल, डॉक्टर ओ.पी. सिंह, किशन दीक्षित, पूर्व पार्षद वरुण सिंह, संजय यादव, प्रियांशु सिंह, शिप्पू तिवारी,रिंकू चौबे, राजन चौबे,सुरेन्द्र मिश्र, आलोक पाण्डेय, परमानन्द मिश्र, सूबेदार यादव, जयप्रकाश यादव मूसे, गुंजन यादव, राजकुमार यादव, मनोज काका, कल्याण यादव, आनंद



मौर्य और आकाश मौर्य, सीपू तिवारी, रिंकू चौबे, रंजन चौबे, अखिलेश यादव, सुरेंद्र मिश्र, आलोक पांडेय, परमानंद, सूबेदार यादव, गुंजन यादव, राजकुमार यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।



पांच घंटे की देरी से पहुंचे अखिलेश, आधे घंटे तक कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

पिंडरा। निर्धारित समय से करीब पांच घंटे की देरी से मंगलवार रात नौ बजे सपा प्रमुख अखिलेश यादव करखियांव पहुंचे। उनके देर से पहुंचने के बावजूद कार्यकर्ताओं का जोश कम नहीं हुआ। सांसद प्रिया सरोज एवं केराकत विधायक तूफानी सरोज के आवास पर सैकड़ों की संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारों के साथ उनका स्वागत किया। अखिलेश यादव ने करीब आधे घंटे तक पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद सांसद प्रिया सरोज के नवनिर्मित आवास पर पहुंचे और वहां करीब आधे घंटे तक रुके। बाहर निकलते ही कार्यकर्ताओं ने फिर जमकर नारेबाजी की। भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिसकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। जौनपुर और वाराणसी के पदाधिकारियों के साथ पिंडरा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता भी देर रात तक डटे रहे। इसके बाद अखिलेश यादव रात करीब ९.३० बजे चार्टर विमान से लखनऊ रवाना हो गये।





भाजपा महानगर की तीन-मोर्चा कार्यसमिति घोषित : महिला, किसान और ओबीसी मोर्चों की नई टीम से संगठन को मिलेगी धार

भारतीय जनता पार्टी महानगर वाराणसी ने आगामी संगठनात्मक



लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए अपने तीन प्रमुख अग्रिम मोर्चों—महिला मोर्चा, किसान मोर्चा एवं पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा की महानगर कार्यसमितियों का घोषणा कर दिया है। महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि की संस्तुति के पश्चात संबंधित मोर्चों के अध्यक्षों ने सर्वसम्मति से अपनी नई टीमों की आधिकारिक घोषणा की। संगठनात्मक संरचना को विस्तार देते हुए महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा पाण्डेय, किसान मोर्चा अध्यक्ष श्री राजेन्द्र शंकर सिंह पटेल तथा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष श्री हीरा यादव ने अपनी कार्यसमिति सदस्यों के नामों पर मुहर लगाई। नई टीमों में समर्पित व निष्ठावान कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों का संतुलित और समावेशी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। नव मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने कहा कि यह ऊर्जावान टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास संकल्पों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनकल्याणकारी योजनाओं को वाराणसी के प्रत्येक घर और बूथ स्तर तक पहुँचाने में मुख्य भूमिका निभायेगी।

पार्टी नेताओं व वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

तीनों मोर्चा कार्यसमितियों की घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने सभी नये पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी। शुभकामनाएं देने वालों में मुख्य रूप से चंद्रशेखर उपाध्याय, नवीन कपूर, प्रमील पाण्डेय (मीडिया संयोजक), प्रमोद यादव मुन्ना, वैभव उपाध्याय, राकेश जायसवाल, अनिल उपाध्याय, मधुप सिंह, अमित खरे, अजय गुप्ता, पंकज चतुर्वेदी एवं विनय सिंह शामिल हैं।

चन्द्रलेखा मौर्या बनीं आई टी सेल सहप्रभारी



भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि की संस्तुति पर महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष प्रज्ञा पाण्डेय ने चन्द्रलेखा मौर्या को आई टी सेल का सह प्रभारी नियुक्त किया है। श्रीमती पाण्डेय ने आशा व्यक्त की है कि वे पार्टी की नीतियों और योजनाओं से महिलाओं को अवगत करायेंगी तथा पार्टी से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ेंगी।

जगतगंज कोठी पहुंचीं बड़ौदा विश्वविद्यालय की प्रोफेसर ने ऐतिहासिक धरोहरों का किया अवलोकन

महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा (गुजरात) की इतिहास एवं पुरातत्वविद् प्रोफेसर आद्या सत्यम सक्सेना ने अपनी पुत्री स्क्राड्रन लीडर शुभम दीप के साथ ऐतिहासिक जगतगंज कोठी का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने बाबू जगत सिंह शोध पुस्तकालय तथा बाबू जगत सिंह द्वारा निर्मित



मंदिर एवं मस्जिद का अवलोकन किया। शोध समिति की ओर से डॉक्टर (मेजर) अरविंद कुमार सिंह एवं अशोक आनंद ने उन्हें बाबू जगत सिंह के ऐतिहासिक योगदान और समिति के शोध कार्यों की जानकारी दी। प्रोफेसर सक्सेना ने समिति के शोध प्रयासों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की सराहना की। साथ ही बड़ौदा और वाराणसी के प्राचीन ऐतिहासिक संबंधों पर महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदीप नारायण सिंह से साझा कीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जगतगंज शोध समिति का यह कार्य भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनायेगा।

दीपावली पर्व पर भी बजबजाते कूड़े नागरिकों का कर रहा है अभिनंदन

कैण्ट विधानसभा क्षेत्र के एक अविकसित मुहल्ले की बात लोगों के समझ से बाहर होती जा रही है। जबकि इस क्षेत्रों से प्रमुख मंदिर काशी विश्वनाथ धाम, गंगा जी, शितला मंदिर मात्र दो से ढाई किलोमीटर की दूरी पर है और नगर निगम मुख्यालय के नाप के सीधे एक किलोमीटर के दूरी पर है। थोड़ी दूरी पर वर्तमान महापौर पूर्व और कैण्ट के विधायक निवास करते हैं। जी हां, यह मुहल्ला है सोनिया-औरंगाबाद रोड जहां पर विगत दो वर्षों से सड़क पर कूड़ा रहता है, छुट्टा पशुओं का चारागाह है और ऐतिहासिक तालाब व्यवस्था को लेकर आंसु बहा रहा है। क्षेत्र के भाजपा पूर्व उपसभापति ओम प्राकश चौरसिया ने बताया कि दीपावली का पर्व आ चुका है और घरों से लोग दर्शन-पूजन बाजार करने के लिए निकलते हैं लेकिन इन्हीं कूड़ा घरों के बीच से और औरंगाबाद की बदहाल गड्ढायुक्त सड़क में किसी तरह से दुर्घटनाग्रस्त और सरकारी व्यवस्था को कोसते हुए आवागमन



कर रहे हैं जो कि लोग दिल छूने वाली बात हो चुकी है लगभग दो वर्षों पूर्व ही कूड़ा घर हटाने की बात हुई थी लेकिन गंदगी हटाने की बात कौन करे अब तो गड्ढायुक्त कूड़ा घर हो चुका है। वहीं सोनिया पोखरे के नाम पर धन का लूट-खसोट बिना सरकारी अभिलेख के आधार पर पैमाइश किये हुए आनन-फानन में इसका मरम्मत के लिए इसका शिलान्यास भी किया गया लेकिन दुर्भाग्य है कि अभी तक आश्वासन पर सब मामला चल रहा है। सोनिया-औरंगाबाद क्षेत्रों की गलियां, सड़कें, मुहल्ले यहां तक की ऐतिहासिक गुजराती गली भी तमाम जनसमस्याओं से जुझ रही है लगता है कि नगर निगम अपने ही एक किलोमीटर के दायरे में बदहाल करने के नाम पर छोड़ दिया है। उपसभापति ने बताया कि सीएम ग्रीड से लगभग दो वर्षों से पूरा हो रही डेढ़ किलोमीटर सड़क नही बन पा रही है तो अन्य जगहों पर विकास का काम कैसे संपन्न हो रहा है। इसका जवाब नगर निगम के अभियंत्रण विभाग के मुख्य अभियंता दे सकते हैं। उन्होंने निगम प्रशासन से मांग की है कि दीपावली पर्व को देखते हुए सड़क को कूड़ा विहिन रखा जाय और पोखरे की पैमाइश के आधार पर तत्काल कार्य शुरू कराया जाय। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि संबंधित मामले में सीएम के पोर्टल पर भी लापरवाही की गाथा लिखी जायेगी।

व्यवस्था होने के बाद कब तक नागरिक शिकार होंगे अंधेरे का

दीपावली पर्व करीब कई क्षेत्रों में पथ प्रकाश व्यवस्था बदहाल

भोजूबीर पेट्रोल पंप से टकटकपुर तक पथ प्रकाश बुझे रहने और खराब सड़कों से आम नागरिकों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित विषय में जोनल आफिस और क्षेत्रीय निरीक्षक को कई बार सूचना दी गयी लेकिन स्थिति यथावत है। अंधेरा होने की वजह से क्षेत्र में दुर्घटना, लूटपाट की संभावना बढ़ी रहती है। उल्लेखनीय है कि टकटकपुर वाली रोड अभी भी बदहाल स्थिति में होने पर अंधेरा उसमें सहयोग करता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो पहिया चालकों का किन्हीं कारणों से हेडलाइट फ्यूज हो जाये तो उन्हें ऊपर वाले का नाम लेते हुए उपरोक्त रोड पर आवागमन करना पड़ता है। गत दिनों कार्यकारिणी और सदन की बैठक के अलावा नगर आयुक्त का फरमान था कि त्योहारों से पूर्व जोन वाई क्षेत्रों में पथप्रकाश का निरीक्षण करते हुए तत्काल उसमें किसी भी प्रकार की खराबी को दूर किया जाय और उसे चालू किया जाय ताकि आम जनता को अंधेरे में दिक्कत का सामना न करना पड़े। शहर के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर गलियों, मुहल्लों में कई स्थानों पर अगर चार स्ट्रीट लाइट लगी है तो शाम के समय दो या एक जलेंगे। आश्चर्य की बात यह है कि क्षेत्रीय सभासद को मालूम रहते हुए भी उसे मरम्मत कराने में वो असमर्थ रहते हैं। रुचि नही लेते यह तो वही बता सकते हैं। मुख्य त्योहार दीपावली चार दिनों बाद मनायी जायेगी। इस परिस्थिति में प्रमुख सड़कों, गलियों, मुहल्लों में पथ प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कराना आवश्यक है। आम नागरिकों का कहना है कि जन समस्या के मामले में संबंधित विभाग के अधिकारी कोई बात नही सुनते हैं। संभव कार्यक्रम में शिकायत करने पर सिर्फ आश्वासन मिलता है।

चोलापुर में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

चोलापुर, । थाना क्षेत्र के नाद नदी पुल के पास सोमवार को देर शाम ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी चोलापुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, घायल की पहचान अमित मिश्रा ३५ वर्ष, निवासी रूपापुर मोहाव, थाना चोलापुर, के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अमित निजी कार्य से चोलापुर बाजार गये थे। नाद नदी पुल के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

कपसेठी में पांच लाख रुपये दहेज की मांग, पति समेत आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सेवापुरी। कपसेठी थाना क्षेत्र के बनकट गांव निवासी रूबी मौर्या की शिकायत पर पुलिस ने उनके पति इंद्रेश मौर्या समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों में पति के अलावा ससुर राम शिरोमणि मौर्या, सास अनीता देवी, जेठ प्रवेश मौर्या, जेठानी पूनम मौर्या और ननद श्वेता मौर्या शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।पीड़िता के अनुसार, उनकी शादी पांच दिसंबर २०२१ को भदोही जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के रैमलपुर (मकदुमपुर) निवासी इंद्रेश मौर्या के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में उनके मायके पक्ष ने करीब २० लाख रुपये खर्च किये थे। आरोप है कि शादी के बाद शुरुआती दिनों में सब कुछ ठीक रहा, लेकिन कुछ समय बाद ससुराल पक्ष के लोग पांच लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग का विरोध करने पर उनके साथ मारपीट और प्रताड़ना की जाने लगी। आरोप है कि उन्हें घर से निकाल दिया गया और कहा गया कि जब मायके से पैसे मिल जाएं, तभी वापस आना।

वर्गीकृत आज विज्ञापन

सूचना

सूचना- मेरी पुत्री का सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता संख्या 4612571576 संचालित किया था, जिसमें पुत्री का नाम प्रज्ञा यादव अंकित हो गया है, जो गलत व अशुद्ध है। मेरी पुत्री का सही व शुद्ध नाम **श्वेता यादव** है। उपरोक्त खाता में पुत्री का सही नाम दर्ज किया जाय। **निरमा यादव** पत्नी परमानन्द सिंह यादव ग्राम आराजी ओड़ासन, जिला गाजीपुर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पासपोर्ट संख्या H9702791.में मेरा नाम भूलवश शिवाक्ष मिश्रा अंकित है, जो गलत है वास्तविक में आधार कार्ड एवं सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र के अनुसार सही नाम **शिवाक्ष कुमार मिश्रा (SHIVAKASH KUMAR MISHRA)** पुत्र अंजनी कुमार मिश्रा, निवासी मकान नंबर S 10/33, मकबूल आलम रोड, चौकाघाट, थाना कैंट, वाराणसी है। इसका संशोधन किया जाना न्याय संगत होगा।

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक 2662532 का अंक पत्र मूल प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **अजीत कुमार** पुत्र श्री जवाहिर मौर्य ग्रा0पो0 बगहीं कुम्भापुर (सैयदराजा) जिला-चंदौली

PUBLIC NOTICE

I, NITI DHAWAN, wife of Late Pradeep Dhawan, hereby declare that my name has been erroneously recorded as "NEETI DHAWAN" instead of "NITI DHAWAN" in the school records of my child, KUSHAGRA DHAWAN, studying at St. John's School, Ledhupur, Varanasi. I hereby affirm that both names refer to one and the same person and that my correct name is **"NITI DHAWAN"**. This notice is issued for necessary correction in the concerned official records.

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

कार्यालय नगर पालिका परिषद, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, जनपद-चन्दौली

अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद्द्वारा फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत सड़क व जल निकासी हेतु दिनांक 12.11.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष कार्यालय अपर जिलाधिकारी वि./रा. महोदय के सापेक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रकाशन के पश्चात निर्धारित शुल्क जमाकर निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद, के निर्माण विभाग एवं जिलाधिकारी महोदय चन्दौली के कार्यालय से दिनांक 10.11.2026 को सायं 04.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में पालिका नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

राज्य वित्त/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत–

क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रू.	धरोहर धनराशि 10%	निविदा प्रपत्र की धनराशि	कार्य अवधि
1	वार्ड नं.–3 नईबस्ती में मुण्डल स्थल का सुन्दरीकरण कार्य। कार्य।	397462.00	39746.00	400.00	01 माह
2	वार्ड नं.–8 पथरा भाग–1 में राम सिंह यादव के मकान से मालधनी यादव के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली का निर्माण कार्य।	279272.00	27927.00	290.00	01 माह
3	वार्ड नं.–11 मवई भाग–1 अमरेश यादव के मकान से डीहबाबा मन्दिर तक आर.सी.सी. ह्यूम पाईप व इण्टरलाकिंग मरम्मत का निर्माण कार्य।	664694.00	66500.00	650.00	01 माह
4	वार्ड नं.–12 चन्धासी में संतोष जायसवाल के मकान से दिनेश चौहान के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली का कार्य एवं दिनेश चौहान के मकान से सुमित जायसवाल के मकान तक मिट्टी भराई का कार्य।	998562.00	99856.00	1000.00	01 माह
5.	वार्ड नं. 13 कालीमहाल में बालमुकुन्द के मकान से शंकर के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य।	146771.00	15000.00	200.00	01 माह
6.	वार्ड नं. 16 अलीनगर पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर पार्क परिसर की सुरक्षा व्यवस्था हेतु सी.सी. टी.वी. कैमरा अधिष्ठापन कार्य।	195000.00	19500.00	200.00	01 माह
7.	वार्ड नं. 25 मैनाताली में हरिहर मिश्रा से संजय तिवारी तक आर.सी.सी. रोड का निर्माण कार्य ।	987844.00	98700.00	1000.00	01 माह
8.	नगर पालिका सीमान्तर्गत डाला छठ के पावन पर्व पर घाट बैरिकेटिंग/रंगाई–पोताई जी.एस.बी भस्सी से गड्ढा भराई कार्य।	340500.00	34000.00	350.00	01 माह
9.	नगर पालिका सीमान्तर्गत वार्डो में इण्टरलाकिंग नाली मरम्मत क्रास चैनल, कार्य।	925000.00	92500.00	950.00	01 माह

निर्माण विभाग हेतु सामान्य नियम व शर्ते–

1. निविदा के साथ 10% प्रतिशत जमानत धनराशि एफ.डी.आर./एन.एस.सी./के.वी.पी. नगद जो अधिशासी अधिकारी, न.पा.प. पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, चन्दौली के पक्ष में बन्धक कराकर छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2– निविदा प्रक्रिया में ठेकेदार / फर्म को हैसियत सम्बन्धी (क्लास ए0, बी0 सी0डी0 एवं ई0) शासनादेश संख्या तक0 सेल /07/ निदे0 / 2019 दिनांक 28 जून, 2019 का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
3– प्रमुख सचिव महोदय, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश सं0–3890/ नौ–5–19–149सा /2019 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊः दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।
4– भारत सरकार के शासनादेश सं0–177/09/2022 / टी0आर0यू0 दिनांक 03.08.2022 के निर्देशानुपालन में सम्बन्धित फर्म /ठेकेदार को नियमानुसार जी0एस0टी0 की धनराशि देय होगी।
5. शासनादेश सं0–7158/नौ–5–23–524सा/2018 नगर विकास विभाग–5 लखनऊः दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 के अनुपालन में कार्य स्थल पर समान अक्षरों में शिलापट्ट पर स्थानीय/क्षेत्रीय विधायक एवं अध्यक्ष महोदय नाम अंकन कराना अनिवार्य होगा।
6– शासनादेश संख्या– 24वी.आई.पी. (1)/नौ–5–2017–120 बजट/2013 दिनांक – 24 अगस्त 2017 के अनुपालन में ठेकेदार को निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात् 05 वर्ष तक रख रखाव/ अनुरक्षण करना होगा, इस अवधि में कोई खराबी पाये जाने पर ठेकेदार द्वारा स्वयं के व्यय / खर्च पर दुरूरत/ठीक कराया जायेगा। कार्य समाप्ति के पश्चात 05 प्रतिशत की धनराशि परफार्मेंस गारण्टी के रूप में 05 वर्ष तक समुचित रख–रखाव पूर्ण होने के उपरान्त सम्बन्धित ठेकेदार / फर्म को पुनः वापस किया जायेगा ।
7. निविदा के साथ चरित्र प्रमाण पत्र हैसियत प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0, श्रम विभाग का पंजीयन प्रमाण पत्र एवं विगत 03 वर्ष का आई0टी0आर0 की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8– प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य है।
9. स्वीकृत आगणन की धनराशि के अनुसार स्थल पर कार्य किया जाएगा। कार्य को बजट के अभाव में बन्द नही किया जाएगा।
10– प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत तथा निरस्त करने एवं नियम/ शर्तों / प्रतिबन्धों एवं शिथिल करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय में निहित होगा, किन्तु उसका उल्लेख पत्रावली पर नहीं किया जायेगा।
11. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है, तद्नुसार समक्ष स्तर से स्वीकृति उपरान्त ठेकेदार को भुगतान किया जायेगा।
12. मा. बोर्ड के प्रस्ताव संख्या–7 दिनांक–13.08.2024 के निश्चय के अनुपालन में जिस फर्म/ठेकेदार का कार्य सम्पन्न /पूर्ण नहीं होगा। सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार निविदा में प्रतिभाग नही करता है।
13. निविदादाता को निविदा स्वीकृत होने के पश्चात अपने व्यय से निर्धारित दर 210.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध पत्र भरना अनिवार्य होगा।
14. निविदा स्वीकृत के पूर्व ठेकेदार को शासनादेश सं.–692/23–7–2024 लोक निर्माण अनुभाग–7 दिनांक 09.08.2024 में निहित निर्देश निर्माण कार्य में परफार्मेंस सिक्योरिटी गारन्टी ली जायेगी, कार्य सन्तोष जनक व समय से पूर्ण न करने पर सम्बन्धित निविदादाता /फर्म की धरोहर धनराशि जब्त करते हुए, काली सूची में डाला जायेगा।
15. कार्य सन्तोष जनक होने की स्थिति में ही भुगतान की अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।
16. सम्बन्धित फर्म का किसी विभाग में कभी कोई वाद–विवाद न हुआ हो व फर्म किसी विभाग / सरकारी संस्था की काली सूची में दर्ज न हों। यदि ऐसा होगा तो निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।
17. जिस निविदादाता के पक्ष में निविदा स्वीकृत होगी, उसको कार्य करने के पूर्व /मध्य/अन्त की फोटोग्राफी अनिवार्य रुप से पत्रावली में संलग्न करना होगा।
18 सेवा प्रदाता/फर्म द्वारा कार्य संतोष जनक न किये जाने की स्थिति में सक्षम अधिकारी की सहमति से निविदा निरस्त कर, नियमानुसार जमानत धनराशि को जब्त कर ली जायेगी।
19. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी।
20. किसी भी वाद–विवाद की स्थिति में जिला एवं सत्र न्यायालय जनपद–चन्दौली का निर्णय सर्व मान्य होगा।

अवर अभियन्ता	अधिशासी अधिकारी	अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद	नगर पालिका परिषद	नगर पालिका परिषद
पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर	पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर	पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर
जनपद–चन्दौली	जनपद–चन्दौली	जनपद–चन्दौली

पत्रांक–562/अ.अ./न.पा.प.पं.दी.उ.न./2026–27 दिनांक–03 नवम्बर, 2026

उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड

ओबरा–सोनभद्र

ई–निविदा सूचना

1. **Bid No. GEM/2026/B/8177013,** Round the clock operation assistance of Ash Evacuation System, Operation and maintenance of AWRS of 5x200MW, BTPS, Obra, प्रपत्र शुल्क– 0.00, धरोहर राशि– रू0 59,512.00 धनराशि– रू 29,76,000.00, ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 07.11.2026
2. **Bid No. GEM/2026/B/8220744,** ओबरा तापीय परियोजना, 'अ/ब' ताप विद्युत गृह के कोल हैण्डलिंग प्लांट में स्थापित कोल क्रशर्स के ब्रेकडाउन मेंटिनेन्स का कार्य, प्रपत्र शुल्क– 0.00, धरोहर राशि– रू0 72,000.00 धनराशि– रू 36,06,419.00, ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 09.11.2026
3. **Bid No. GEM/2026/B/8207747,** Repairing of MOP & LOP, प्रपत्र शुल्क– 0.00, धरोहर राशि– रू0 10,000.00 धनराशि– रू 7,30,210.00, ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 17.11.2026
4. **Bid No. GEM/2026/B/8207694,** RLA of Condenser, प्रपत्र शुल्क– 0.00, धरोहर राशि– रू0 10,000.00 धनराशि– रू 6,75,000.00, ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 17.11.2026
5. **Bid No. GEM/2026/B/8214691,** Deployment of Expert during OH of TG unit 10, प्रपत्र शुल्क– 0.00, धरोहर राशि– रू0 10,000.00 धनराशि– रू 6,29,700.00, ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 10.11.2026

निविदा के परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण आदि की सूचना हेतु नियमित रूप से **https://etender.up.nic.in** देखें।

संख्याः 105/ज०स०का०/निविदा दिनांक 03.11.2026

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

उत्तर मध्य रेलवे



प्रयागराज मण्डल

अभिव्यक्ति की अभिरूचि

रेलवे क्षेत्र/स्टेशन अप्रोच के सौंदर्यीकरण (वृक्षारोपण) हेतु उत्तर मध्य रेलवे के

चुर्क (63000 sqm), सोनभद्र (35000 sqm), पहाड़ा (124800 sqm), मानिकपुर (30000 sqm) और हाथरस फोर्ट (60000 sqm) स्टेशनों के लिए

अभिव्यक्ति की अभिरूचि आमंत्रित की जाती है।

ई.ओ.आई. जमा करने की अन्तिम तिथि

06.11.2026 को 12:00 बजे तक है।

वरि. मण्डल इंजीनियर (समन्वय) मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मण्डल नवाब युसुफ रोड, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश–211001

एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी के माध्यम से आवंटन किया जाएगा।

इस योजना से सम्बंधित किसी अन्य जानकारी हेतु संपर्क करे–9794837448, 9794837220

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://ncr.indianrailways.gov.in. पर जाये।

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 2505/26(AK)

कार्यालय प्रादेशिक को-ऑपरेटिव डेरी फेडरेशन लि०, इकाई-पराग पशुआहार निर्माणशाला, रामनगर, वाराणसी।

ई-निविदा सूचना

पी०सी०डी०एफ०लि०, सी०एफ०पी०, रामनगर, वाराणसी को कार्यालय कार्य एवं फील्ड भ्रमण कार्य हेतु 01 लेटेस्ट मॉडल की कार तथा 01 बोलेरो टैक्सी परमिट वाहन (मॉडलवर्ष 2025 से पूर्व का न हो अथवा न्यू हो) इस इकाई में किराये पर उपलब्ध कराने हेतु परिवहनकर्ताओं/फर्मों से ई-निविदा दिनांक 28.11.2026 को पूर्वान्ह 11.25 तक आहूत की जाती है। निविदाप्रपत्र के साथ ई-निविदा शुल्क रू0 1050/- व धरोहर धनराशि रू0 5000/- नकद/नेफ्ट द्वारा जमा करना अनिवार्य होग अन्यथा ई-निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। इच्छुक निविदादाता ई-टेण्डर से सम्बन्धित समस्त आवश्यक सूचना एवं प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी उ०प्र० सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं अथवा किसी भी जानकारी के लिए इकाई/कार्यालय मो0नं0 7705003952 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

पत्रांक 341/पीसीडीएफ/सीएफएफ/डीएनएस/परि०पत्रा0/2026-27 दिनांक :- 02/11/2026

(रामचरन)
इकाई प्रभारी

जंसा में युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

सेवापुरी। जंसा थाना क्षेत्र के परसीपुर गांव निवासी धमेन्द्र कुमार पुत्र स्व. लालता ने अपनी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। प्रार्थी के अनुसार उन्होंने अपनी २२ वर्षीय पुत्री की शादी १३ अप्रैल २०२६ को बड़ागांव थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी अजीत कुमार पुत्र स्व. लालचन्द्र के साथ की थी। बताया कि उनकी पुत्री करीब दो माह पूर्व ससुराल से मायके आयी हुई थी। आरोप है कि २४ अक्टूबर २०२६ को जौनपुर जिले के मडियाहूं कोतवाली क्षेत्र के जयरामपुर गांव निवासी अर्पित सरोज पुत्र चन्द्रबली सरोज अपने भाई आकाश सरोज के साथ उनके घर पहुंचा। दोनों उनकी पुत्री को कथित रूप से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गये। पीड़ित पिता का आरोप है कि उनकी पुत्री घर से अपनी मां पुष्पा देवी के काफी जेवरात और नकदी भी लेकर चली गयी है। उन्होंने पुलिस से मामले में कारवाई कर अपनी पुत्री का पता लगाने की मांग की है। वही इस मामले में जंसा पुलिस ने उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

कार्यालय नगर पंचायत बदलापुर, जौनपुर

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत बदलापुर, जौनपुर के समस्त पंजीकृत एवं शासनादेश सं0 3890/ नौ-5-19-149/2019 लखनऊ दिनांक 20.09.2019 के अनुसार ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि **"सीवरेज एवं जल निकासी योजना व नगरीय झील/तालाब/पोखरा/संरक्षण योजना के अन्तर्गत"** प्राप्त धनराशि से विभिन्न निर्माण कार्यों को करने हेतु ई-निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रोक्योरमेण्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निम्न शेड्यूल के अनुसार आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण, नियम/शर्ते वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

ई-टेण्डर शेड्यूल

क्र.सं.	विवरण	दिनांक व समय
1.	आनलाईन निविदा प्रकाशन की तिथि व समय	04.11.2026 अपरान्ह 02:00 बजे
2.	ठेकेदार फर्म द्वारा आनलाईन निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय	04.11.2026 अपरान्ह 03:00 बजे
3.	ठेकेदार फर्म द्वारा आनलाईन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय	25.11.2026 अपरान्ह 2:00 बजे
4.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	25.11.2026 अपरान्ह 03:00 बजे

(स्वतंत्र प्रताप सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बदलापुर, जौनपुर।

(सीमा सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बदलापुर, जौनपुर।

पत्रांक :4443/नि0सू0/2026-27 दिनांक: 03.11.2026

कार्यालय नगर पालिका परिषद चुनार मीरजापुर

पत्रांक–460/अ.अ.ई–नि.सू./रा.से.सी.नि.यो./2026–27 दिनांक–03.11.2026

अति अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

एतद्द्वारा समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य सेक्टर के सीवरेज एवं जलनिकासी योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कार्य कराये जाने हेतु ई–टेण्डर के माध्यम से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है। ई–निविदा 2 बिड, टेक्निकल व फाईनेन्शियल बिड के माध्यम से प्राप्त की जाएगी। निविदा संबंधी समस्त प्रपत्र लिफाफा में सील, बंद कर के दिनांक 19.11.2026 को अपरान्ह 11.00AM बजे तक कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा। उक्त निविदा दिनांक–19.11.2026 को अपरान्ह 01.00 PM बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्य दिवस में यथावत निविदा खोली जायेगी। ई–निविदा की प्रक्रिया निम्नानुसार है।

निविदा की आनलाईन उपलब्धता	निविदा अपलोड करने की तिथि	टेक्निकल बिड खोलन की तिथि	फाईनेन्शियल बिड खोलने की तिथि
दिनांक–04.11.2026 को 04.00 PM से दिनांक–18.11.2026 को 6.00 PM तक	दिनांक–04.11.2026 को 04.00 PM से दिनांक–18.11.2026 को 6.00PM तक	दिनांक–19.11.2026 को 01.00 PM	टेक्निकल बिड खोलने के उपरान्त निविदा प्रपत्रों के जांच के बाद फाईनेन्शियल बिड खोली जायेगी।

(विजय कुमार यादव)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद
चुनार, मीरजापुर

(मंसूर अहमद)
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद
चुनार मीरजापुर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मूल पंजीकृत दान विलेख दिनांक 11–09–2024, जो सुशील कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. गोपाल कृष्णदास अग्रवाल द्वारा स्वाति अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल एवं श्रुति अग्रवाल के पक्ष में, मकान संख्या 84, क्षेत्रफल 4855.592 वर्ग फुट अर्थात 451.26 वर्ग मीटर, स्थित मोहल्ला गंगेश्वर नाथ, परगना हवेली, तहसील चुनार, जनपद मिर्जापुर के सम्बन्ध में निष्पादित किया गया था तथा उप पंजीयक चुनार, मिर्जापुर में दस्तावेज संख्या 11015, पुस्तक 1, वॉल्यूम 7355, पृष्ठ 89 से 110 पर पंजीकृत है, वह गुम हो गया है।

उक्त सम्पत्ति की वर्तमान स्वामिनी– **श्रीमती सुधा अग्रवाल पत्नी विशाल कुमार अग्रवाल**, निवासी मोहल्ला गंगेश्वर नाथ, नगर पालिका परिषद चुनार, जनपद मिर्जापुर हैं, जिन्हें पंजीकृत दान विलेख दिनांक 26–06–2025, दस्तावेज संख्या 7303, पुस्तक 1, वॉल्यूम 7817, पृष्ठ 135 से 158 के माध्यम से स्वामित्व प्राप्त हुआ है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त सम्पत्ति अथवा दस्तावेज के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर सम्पर्क करें।

गिरीश त्रिपाठी, अधिवक्ता
मो. 9415222953

एक नजर इधर भी

महिला दूकानदार से बदमाशों ने दिन दहाड़े सिकड़ी लूटी, इलाके में दहशत

लालपुर-पांडेयपुर थाना क्षेत्र के लमही इलाके में मंगलवार को दिनदहाड़े किराना दुकान पर बैठी महिला के गले से बाइक सवार बदमाशों ने चेन लूट ली। दुकान पर सामान खरीदने के बहाने पहुंचे बदमाशों में से एक ने महिला को निशाना बनाया और चेन छीनकर साथी के साथ फरार हो गया। लमही निवासी सत्यम जायसवाल के मुताबिक, उनके घर में ही छोटी किराना दुकान है। मंगलवार को उनकी मां गायत्री देवी दुकान के बाहर कुर्सी पर बैठी थीं। इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर दो युवक पहुंचे। पीछे बैठा युवक बाइक से उतरकर दुकान पर आया और बाहर से गुटखा मांगा। गायत्री देवी सामान देने के लिए जैसे ही कुर्सी से उठकर मुड़ीं, युवक ने उनका बाजू पकड़ लिया और गले में पहनी चेन जबरन छीन ली। महिला ने विरोध किया तो बदमाश ने धमकी दी और बाइक पर बैठकर साथी के साथ फरार हो गया। घटना सामने के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। लालपुर-पांडेयपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लालपुर चौकी के पुलिस कर्मी गश्त करने के बजाय वसूली में व्यस्त रहते है।

किशोरी को भगाने के मामले में युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज

लोहता। क्षेत्र के एक गांव से गत ३१ अक्तूबर को १७ वर्षीया किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में गांव के युवक राजेश कुमार के खिलाफ किशोरी के पिता के तहरीर पर पुलिस ने दो नवम्बर को धारा बी १३७(२),८७ के तहत मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी के पिता ने थाने पर दिये तहरीर में बताया है। शनिवार को दोपहर दो बजे हमारी पुत्री किसी काम से बाजार के लिए गयी और रात तक वापस नहीं लौटी काफी खोजने के बाद पता चला कि गांव का ही राजेश कुमार अपने साथ ले गया है।

स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश के क्रम में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत रमना स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजकीय चिकित्सा अधिकारी एवं सीपीआर विशेषज्ञ डॉक्टर शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्रदान किया। शिविर में ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं बुखार की जाँच की गई। साथ ही डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, जापानी



इंसेफेलाइटिस (जेई),एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस),कालाजार, क्षय रोग (टीबी), कुष्ठ रोग, टाइफाइड, हैजा, डायरिया, खसरा एवं चिकनपॉक्स जैसी संक्रामक बीमारियों के लक्षणों,बचाव एवं समय पर उपचार के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। डॉक्टर शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि डेंगू,मलेरिया एवं चिकनगुनिया से बचाव के लिए घरों के आसपास पानी जमा न होने दें,कूलर एवं पानी की टंकियों की नियमित सफाई करें तथा मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएँ। उन्होंने बुखार, लगातार खाँसी, वजन कम होना,लंबे समय तक दस्त या त्वचा पर संदिग्ध दाग जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुँचकर जाँच एवं उपचार कराने की सलाह दी।

रोजगार मेले में १२६९ युवाओं का चयन, ३५ हजार तक मिला वेतन

रोहनिया। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के रोहनिया विधानसभा अंतर्गत जगतपुर इंटर कॉलेज में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय वाराणसी द्वारा उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत मंगलवार को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, श्रम एवं सेवायोजन विभाग और रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का संकल्प हर हाथ को काम है और इसे पूरा करने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के हर बेरोजगार को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। पिछली सरकारों से तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि २००७-१२ तक ३९ हजार और २०१२-१७ तक एक लाख ३८ हजार सरकारी नौकरियां दी गयी थीं, जबकि २०१७-२६ की अवधि में ९.५ लाख लोगों को सरकारी नौकरी, निजी क्षेत्र में १६ लाख और स्वरोजगार के क्षेत्र में ३.५ करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल ने अपने विधानसभा में रोजगार मेले के आयोजन पर आभार व्यक्त किया और प्रतिभागी अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। इस रोजगार मेले में कुल ४५ कंपनियों ने प्रतिभाग किया और १२६९ अभ्यर्थियों का चयन किया।

सौ शैय्या मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य इकाई में मंडलीय चिकित्सालय के १३६ बेड का विधायक ने किया शुभारंभ

श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय चिकित्सालय में मरीजों को राहत देते हुए सौ शैय्या मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य इकाई (एम.सी.एच विंग) के दूसरे तल पर दो सर्जिकल वार्ड शुरू कर दिए गए हैं। इनमें पुरुष मरीजों के लिए २० बेड और महिला मरीजों के लिए १० बेड की व्यवस्था की गई है। तीसरे तल १०६ बेड है जिसमें मेडिसिन और आर्थो वार्ड महिला व पुरुष के लिए है।



मंगलवार को विधायक डाक्टर नीलकंठ तिवारी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वार्डों में आक्सीजन सप्लाई, स्वच्छ वाशरूम, आरओ पेयजल समेत अन्य आवश्यक सुविधाएं पूरी तरह दुरुस्त कर दी गई हैं। नर्सिंग स्टेशन और ड्रेसिंग रूम भी सक्रिय कर दिए गए हैं,जिससे मरीजों को चौबीसों घंटे बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध हो सकेगी। यह व्यवस्था अस्पताल परिसर में ५०० बेड के मल्टी सुपर स्पेशियलिटी ब्लाक के निर्माण के दौरान मरीजों को असुविधा न हो, इसके लिए अस्थायी रूप से की गई है।प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक (मंडलीय अपर निदेशक) डॉक्टर बृजेश कुमार ने बताया कि इन वार्डों के शुरू होने से सर्जरी विभाग के मरीजों को पर्याप्त स्थान और बेहतर देखभाल मिल सकेगी। आगे अन्य विभागों को भी चरणबद्ध तरीके से शिफ्ट करने की योजना है।

पीड़ित परिवार को मिली जान से मारने की धमकी

लालपुर-पांडेयपुर थाना क्षेत्र के हुकुलगंज में नौ साल पुराने हत्याकांड के पीड़ित परिवार को फिर जान से मारने की धमकी मिली है। आरोप है कि हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा पाये दोनों आरोपितों की जमानत के खिलाफ पैरवी करने पर पीड़ित के बेटे को पिता की तरह हत्या करने की धमकी दी गयी। पुलिस ने दो अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पहड़िया फल मण्डी में मारपीट से अफरा-तफरी

लालपुर-पांडेयपुर थाना क्षेत्र के पहड़िया फल मंडी के पास दुकानों पर ५०-६० लोगों के समूह ने हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-सरिया से लैस होकर दुकानों में लगे सरकारी बिजली मीटर तोड़ दिये और उन्हें लेकर चले गये। मामले में पुलिस ने नामजद आरोपितों समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस कमिश्नर ने शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों का किया निरीक्षण

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर करें सख्त कारर्वाई

आगामी त्योहारों धनतेरस, दीपावली एवं भाईदूज के दृष्टिगत शहर में सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने मंगलवार को लहरतारा, मण्डुवाडीह, बनारस रेलवे स्टेशन, भिखारीपुर तिराहा, बीएलडब्ल्यू, नरिया एवं लंका चौराहा सहित प्रमुख मार्गों एवं व्यस्त स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने त्योहारों के दौरान बाजारों एवं प्रमुख मार्गों पर बढ़ने वाली भीड़ के दृष्टिगत यातायात पुलिस एवं स्थानीय पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर यातायात का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जाए। संवेदनशील एवं जाम संभावित स्थलों पर पुलिस बल की प्रभावी तैनाती रहे। दुकानदारों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाए कि वे अपने ग्राहकों के वाहनों की पार्किंग निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही सुनिश्चित कराये। दुकानों के सामने सड़क अथवा फुटपाथ पर वाहनों को खड़ा कराकर यातायात बाधित न किया जाये। पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा आमजन एवं व्यापारियों से अपील की जाती है कि त्योहारों के दौरान यातायात



व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें तथा सड़क एवं फुटपाथ को अतिक्रमणमुक्त रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

अतिक्रमण के विरुद्ध करे कारर्वाई

सड़कों एवं फुटपाथों पर दुकानों, ठेलों, खोमचों तथा अन्य माध्यमों से किये गये अतिक्रमण को हटवाया जाए। यातायात बाधित करने वाले अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कारर्वाई की जाए, जिससे आमजन को आवागमन में असुविधा न हो।

वैकल्पिक पार्किंग एवं जन-जागरूकता

निर्धारित पार्किंग स्थलों पर दबाव बढ़ने की स्थिति में वाहन चालकों को वैकल्पिक पार्किंग स्थलों की जानकारी देकर वहां वाहन खड़े करने के लिए प्रेरित किया जाए। बाजारों में आवश्यकतानुसार संकेतक एवं यातायात कर्मियों के माध्यम से आमजन को मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर हो कारर्वाई

बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, गलत दिशा में वाहन चलाने, अव्यवस्थित पार्किंग एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कारर्वाई की जाए। विशेष रूप से प्रमुख चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जाय।

सिगरा में शराब तस्कर गिरफ्तार

सिगरा थाना प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्र और उनकी टीम ने सोमवार की रात्रि में कैण्ट रेलवे स्टेशन के समीप छापा मारकर अवैध शराब समेत तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया शराब तस्कर सोनू कुमार बिहार के रोहतास का निवासी है। पुलिस ने उसके कहने से ३२ पाऊच ब्लू लाइम शराब बरामद हुई है।

छठ की लोक-आस्था कैनवास पर जीवंत, 'पावन अरघ' चित्रकला प्रदर्शनी का शुभारंभ

काशी की सांस्कृतिक विरासत और छठ महापर्व की लोक-आस्था अब कैनवास पर जीवंत हो उठी है। अनाहत आर्ट गैलरी में मंगलवार को छठ पर्व पर आधारित प्रथम एकल चित्रकला प्रदर्शनी 'पावन अरघ : एक कला-साधना' का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉक्टर दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने दीप प्रज्ज्वलित कर

राज्य मंत्री डॉक्टर दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने किया उद्घाटन, तीन दिनों तक कला प्रेमियों के लिए खुली रहेगी प्रदर्शनी

प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में कलाकार डॉक्टर नेहा सिंह ने छठ महापर्व की धार्मिक परंपराओं, लोकविश्वास और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता को रंगों के माध्यम से बेहद खूबसूरती से उकेरा है। नहाय-खाय, खरना और अस्ताचलगामी एवं उदीयमान सूर्य को अर्घ के दृश्यों ने लोकजीवन की आस्था को सजीव रूप दिया है। डॉक्टर दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने डॉक्टर नेहा सिंह की कला-साधना की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी काशी की सांस्कृतिक विरासत को नया आयाम देती है। डॉक्टर शांति स्वरूप सिन्हा ने कहा कि कलाकारों की कृतियों के प्रचार-प्रसार से ही संस्कृति और सभ्यता को संरक्षित किया जा सकता है। प्रोफेसर उपेंद्र कुमार त्रिपाठी ने इसे प्रकृति और संस्कृति के प्रति कृतज्ञता की सुंदर अभिव्यक्ति बताया। अनाहत आर्ट गैलरी की संस्थापिका एवं निदेशक डॉक्टर नेहा सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी पांच नवंबर तक प्रतिदिन सुबह ११ से शाम पांच बजे तक आम लोगों के लिए खुली रहेगी।

अम्बेडकर पार्क से विज्ञापन उपकरण चोरी

कचहरी परिसर स्थित अंबेडकर पार्क के पास सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के विज्ञापन प्रसारण से जुड़े उपकरणों की चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने ताला तोड़कर एलईडी स्क्रीन समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। जनरेटर से बैटरी और स्टेबलाइजर भी गायब कर दिये। आपरेटर मोहम्मद वसीम की शिकायत पर कैंट पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार २७ अक्टूबर को चोरों ने परिसर में लगे तालों को तोड़कर उपकरणों पर हाथ साफ किया। जनरेटर का ताला तोड़कर उसमें लगी बैटरी, स्टेबलाइजर समेत अन्य सामान भी चोरी कर लिए। शिकायतकर्ता ने पहले भी जनरेटर से संबंधित सामान चोरी होने की सूचना दी थी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय चिकित्सालय के मरीजों के स्थानांतरण से पूर्व बनेगा रैंप

निर्माण के दौरान मरीजों की स्वास्थ्य सुरक्षा का रखा जा रहा पूरा ध्यान,एक-एक वार्डो को किया जा रहा स्थानांतरित

श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय चिकित्सालय को तोड़कर बन रहे ५०० बेड के मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के निर्माण के दौरान मरीजों की सुविधा सुनिश्चित



करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।राजकीय महिला चिकित्सालय परिसर में संचालित सौ शैय्या मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य इकाई (एम.सी.एच.विंग) में प्रथम तल से लेकर तीसरे तल तक रैंप बनाया जाएगा,ताकि मरीजों और स्ट्रेचर की आवाजाही आसान हो सके। राजकीय महिला चिकित्सालय, महालसा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और मंडलीय चिकित्सालय की बैठक में मरीजों की सुविधा के लिए व्यापक रणनीति तैयार की जा रही है।निर्माण के दौरान चिकित्सा सेवाएं बाधित न हों। इसके लिए वार्डों को चरणबद्ध तरीके से एमसीएच विंग में स्थानांतरित किया जा रहा है।साथ ही अग्निशमन व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जा रहा है,ताकि सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा जा सके।मंडलीय चिकित्सालय में प्रतिदिन १२०० से १५०० नए मरीज आते हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्माण के दौरान सुविधाओं में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए।मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एमसीएच विंग में आवश्यक व्यवस्थाएं युद्ध स्तर पर पूरी की जा रही हैं। लगभग ३१५ करोड़ रुपये की लागत से बन रहे ५०० बेड के इस मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में आधुनिक सुविधाएं होंगी।पुरानी जर्जर इमारतों को हटाकर नया हाईटेक भवन तैयार किया जा रहा है।प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक (मंडलीय अपर निदेशक) डॉक्टर बृजेश कुमार ने बताया कि मरीजों की सुविधा सर्वोपरि है और निर्माण के साथ-साथ उपचार व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहेगी।प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक (राजकीय महिला चिकित्सालय) डॉक्टर मनीषा सिंह सेंगर,प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक (मंडलीय अपर निदेशक) डॉक्टर बृजेश कुमार,चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक राय,डॉक्टर श्री प्रकाश सिंह,डॉक्टर पुष्पा सिंह आदि मौजूद रहे।

महालसा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, लोक निर्माण विभाग और चिकित्सालयों के अधिकारियों ने की बैठक

वीकेएम के आस-पास से शीघ्र अतिक्रमण हटायें- महापौर

वसन्त कन्या महाविद्यालय, कमच्छा, वाराणसी में वाराणसी नगर निगम के महापौर माननीय अशोक तिवारी के अभिनंदनार्थ 'दीपोत्सव सह स्वरांजलि समारोह' का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रेरणास्रोत डाक्टर एनी बेसेंट के चित्र पर मुख्य अतिथि एवं प्राचार्या प्रोफेसर आशा यादव द्वारा पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या ने मुख्य अतिथि महापौर अशोक तिवारी को उत्तरीय, तुलसी का पौधा एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्यों एवं सामाजिक योगदान के लिए अभिनंदित किया। साथ ही, महाविद्यालय की तीन प्रमुख समस्याओं—परिसर में बंदरों के बढ़ते आतंक, कूड़े के नियमित निस्तारण तथा महाविद्यालय के मुख्य द्वार के बाहर स्थित गली के सुचारु पुनर्निर्माण एवं अतिक्रमण हटाने के संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों, विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों, शिक्षण संस्थानों के निदेशकों तथा राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों सर्वश्री शैलेन्द्र, जितेन्द्र, बिहारी लाल, पवन, प्रमोद एवं मनीष गुप्ता आदि का प्राचार्या प्रोफेसर आशा यादव ने उत्तरीय प्रदान कर सम्मान किया। दीपोत्सव समारोह के अंतर्गत मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं प्राचार्या द्वारा सामूहिक रूप से २१ दीप प्रज्वलित किये गये। दीपों की ज्योति से सभागार आलोकित हो उठा और संपूर्ण वातावरण प्रकाश, उल्लास एवं मंगलकामना से परिपूर्ण हो गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में संगीत गायन विभाग की अध्यक्षा प्रो. सीमा वर्मा के निर्देशन में छात्राओं ने स्वागत गीत के साथ मेवाड़ी एवं गुजराती लोकगीतों की मनोहारी प्रस्तुतियाँ दीं।

काशी सांसद संस्कृति महोत्सव : नुक्कड़ नाटक में काशी विद्यापीठ अव्वल

जिला प्रशासन द्वारा गुरुनानक इंग्लिश स्कूल में आयोजित %काशी सांसद संस्कृति महोत्सव% की नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरा खिताब जीता। विद्यापीठ की टीम ने 'नारी सशक्तिकरण' विषय पर प्रभावी समूह नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, एकल नुक्कड़ नाटक स्पर्धा में भी विद्यापीठ के भानु प्रताप ने उत्कृष्ट अभिनय के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता समूह में भानु प्रताप, शालिनी कुमारी, हर्षिता श्रीवास्तव, शिवानी यादव, असलम शेख, कान्हा मिश्र, प्रवीण, सावंत यादव और सुमित शामिल रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉक्टर शुभ्रा वर्मा, प्रोफेसर अरुण कुमार जैन एवं डॉक्टर विजय यादव रहे। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी कमला सिंह, अर्चना सिंह, प्रोफेसर सुनील कुमार, कल्पना तिवारी, ज्ञानेश पाण्डेय और पूजा मैम उपस्थित रहीं तथा सभी ने विजेता कलाकारों को बधाई दी।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	उमाशंकर सेठ/ दुर्गावती देवी/ बलराम सेठ/ श्याम सेठ/ LBVRN00005797243/ LBVRN00005803042	मकान नंबर सीके 14/63, मुहल्ला- नंदन साहू लेन, वार्ड चौक, वाराणसी, उत्तर प्रदेश- 221001/ अक्टूबर 31, 2026	24 जुलाई, 2026 रु. 1,01,22,520.34/-	वाराणसी

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(यों) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

दिनांक : नवंबर 04, 2026
स्थान : वाराणसी

भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय :ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र-400072

जौनपुर शाखा: प्रथम तल, मकान नं.- 478, प्लॉट 87/1 एवं 87/2, ग्राम सराय काजी कदन, सिविल कोर्ट रोड, निकट एक्सिस बैंक, हुसैनाबाद मियांपुर, जौनपुर-222002, उत्तर प्रदेश

अधिपत्य सूचना परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतु)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटरस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओं/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ता राशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

क्र	ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकता (ओ)(शाखा का नाम)	धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति)	मांग सूचना का दिनांक एवं राशि	आधिपत्य की दिनांक
1	(लोन कोड नं. 16310000078/ जौनपुर शाखा) लक्ष्मण सोनकर (ऋणी) सुनीता देवी (सह-ऋणी)	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, अरजी नं.- 233, नई अरजी नं.- 442 GHA, निकट रेलवे क्रॉसिंग, जौनपुर, उत्तर प्रदेश, **चतुर्सीमाएँ** : पूर्व- मुंरली का मकान, पश्चिम- संसार पाल की भूमि, उत्तर- रामाश्रय पटेल की भूमि, दक्षिण- 10 फीट चौड़ा खरंजा,.	13-05-2026 & ₹ 8,35,638/-	02-11-2026

स्थान : उत्तर प्रदेश
दिनांक : 04.11.2026

प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

सोने की नीलामी की सूचना

बजाज फाइनेंस लिमिटेड ("BFL");
पंजीकृत कार्यालय: 4वीं मंज़िल, बजाज फिनसर्व हाउस, पुणे-अहमदनगर रोड के पास, विमान नगर, पुणे - 411 014

BAJAJ FINANCE

ऋणी(यों) एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणी बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद बकाया राशि का भुगतान करने और/या आवश्यक मार्जिन जमा करने में विफल रहे हैं। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन की चुकौती के लिए जमानत के रूप में दिए गए सोने की नीलामी "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी: 1. QR कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना की सम्पूर्ण जानकारी देखें, जिसमें सोने का विवरण, सकल वजन एवं बोलीदाताओं पर लागू नियम एवं शर्तें शामिल हैं 2. सभी बोलीदाताओं को नीलामी के दिन या उससे पहले ₹ 25,000/- की अग्रिम जमानत राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है; 3. नीलामी स्थल पर सुबह 10 बजे पहचान एवं पते के वैध प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। 4. RBI के समय-समय पर संशोधित निर्देशों के अनुसार आरक्षित मूल्य निर्धारित किया जाएगा। 5. यदि पहली नीलामी आयोजित या पूरी नहीं हो पाती है, तो यहाँ उल्लिखित तारीख को दूसरी नीलामी 19-Dec-26। यदि दूसरी नीलामी भी आयोजित या पूरी नहीं हो पाती है, तो यहाँ उल्लिखित तारीख को तीसरी नीलामी 23-Dec-26। नीलामी की तारीख में कोई भी बदलाव नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। किसी भी पूछताछ के लिए WECARE@BAJAJFINSERV.IN पर संपर्क करें

प्रथम नीलामी की तारीख: 09-12-26, द्वितीय नीलामी की तारीख: 19-12-26 और तृतीय नीलामी की तारीख: 23-12-26 आगरा - बाईपास रोड: PMV6G0L39368590, 99820610. **अलीगढ़ - नौरंगाबाद:** PMP3G0L97917291, 00009229, 01842508, 48698086. **अंबेडकर नगर - शहजादपुर रोड:** PRG2G0L102292428, 03806832. **अमरोहा - जग ओम नगर:** PRE7G0L89584458, 03548720. **औरैया - सुभाष चौराहा:** PRE9G0L89567689, 98658904, 99360566, 99462586, 99693150, 00048525, 01109706, 01314275, 01628029, 02753319, 03500183, 03981154, 04935012. **बहराइच - गोंडा रोड:** POU5G0L35348800, 38450079, 46026273, 99531335, 99459570, 99705554, 01095723, 01121102, 01127836, 01130188, 01405574, 02107678, 02343252, 48399985, 48408848, 04705570, 04954449. **बाराबंकी - फैजाबाद बाईपास रोड:** POU2G0L88411705, 39683379, 98619187, 00342032, 01189791, 03522334, 04475563. **गाजियाबाद - मसूरी:** PSY9G0L101144414, 01205048, 01386510, 01798602, 01828082, 02788956, 02813533, 03972271, 04476149, 04903720, 04957623. **गोरखपुर - बेतियाहाता:** PRF2G0L98531999, 04669533. **गोरखपुर - गोरखनाथ:** PRR3G0L99704291, 01361453, 04008100. **गेटर नोएडा - कासना:** PSV1G0L99460974, 02686192. **कानपुर - गोविंद नगर:** POW8G0L45592441, 98158753, 99415903, 99512395, 46878998, 02083249, 48197184, 02383814, 02759017, 03558525, 03567175. **लखनऊ - बीजीएल:** PTT2G0L99516661, 99770472, 99785535, 00451666, 01184674, 01344947, 02777016. **प्रथम नीलामी की तारीख: 10-12-26, द्वितीय नीलामी की तारीख: 19-12-26 और तृतीय नीलामी की तारीख: 23-12-26 आगरा - फतेहाबाद रोड:** PM09G0L99762134, 02800480, 02756868. **बहराइच - दिल्ली सहारनपुर रोड:** PRQ7G0L101559085, 03790906. **बरेली - चौपला रोड:** POM4G0L99748262, 99792253, 99756097, 00553539, 01654609, 02118591, 02074725, 02314824, 02309686, 03523305. **बस्ती - कचहरी रोड:** PRF8G0L98157269, 98520890, 01847070, 02814792, 02779978, 04478470. **बुलंदशहर - नाता रोड:** PMQ1G0L26231758, 99820172, 02321197, 02367798, 04681984, 04699902. **दादरी - रेलवे रोड:** PSG4G0L88889513, 89714862, 89906280, 90410110. **देवरिया - गोरखपुर रोड:** PRG1G0L89327110, 89347541, 89975463, 97850447, 99804003. **एटा - सिविल लाईंस:** POW6G0L104090650. **इटावा - कचहरी रोड:** PMP4G0L98113043, 98154788, 98338025, 98480488, 98490407, 46023588, 99720619, 46895496, 46846511, 00747189, 01666497, 01879011, 02771053, 49668387. **गाजियाबाद - लाल कुआँ:** PSG2G0L97863755, 00042087, 99992849, 00721

पांच राज्योंमें घटे मतदाता

वर्ष २०२७ में उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखण्ड, मणिपुर और गोवामें विधानसभाओंके चुनाव होने वाले हैं। इसके लिए इन पांच राज्योंमें राजनीतिक सरगर्मी भी बढ़ गयी है। खास बात यह है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाताओंकी संख्यामें १३.२४ प्रतिशतकी गिरावट आयी है। उपलब्ध ताजे आंकड़ोंके अनुसार इन पांच राज्योंको मिलाकर मतदाताओंकी संख्या लगभग १८.७१ करोड़से घटकर १६.४३ करोड़ रह गयी है। अर्थात् २.२९ करोड़ कमी आ गयी है। सबसे खास बात यह भी है कि इन पांच राज्योंमें सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश है, जहां १३.२४ प्रतिशत मतदाता कम हुए हैं। चुनावसे कुछ माह पूर्व मतदाता सूचियोंके एसआईआरने चुनावी राजनीतिके साथ-साथ लोकतांत्रिक प्रक्रियाको लेकर गम्भीर बहस छेड़ दी है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारको पदसे हटानेके लिए बड़े आन्दोलन शुरू हो गये हैं। एसआईआरके बाद राज्योंमें घटे मतदाताओंका चुनावी राजनीतिपर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। वैसे एसआईआरका मूल उद्देश्य मतदाता सूचीको शुद्ध करना, मृतकों, स्थानान्तरित हो चुके लोगों और दोहरी प्रविष्टियोंको हटाना तथा पात्र नागरिकोंको सूचीमें शामिल करना है लेकिन पांच चुनावी राज्योंमें अन्तिम मतदाता सूचीके आंकड़ोंने यह प्रश्न भी खड़ा कर दिया है कि इतनी बड़ी संख्यामें नाम हटनेके बाद यह सुनिश्चित कैसे होगा कि कोई वास्तविक और पात्र मतदाता मतदानके अधिकारसे वंचित नहीं रह जाय। एसआईआर प्रक्रियाको लेकर कुछ विसंगतियां सामने आयी हैं और गड़बड़ीके आरोप भी लगे हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश अकेला ऐसा राज्य है जहां मतदाताओंमें कमीकी भागीदारी ९० प्रतिशत है। उत्तर प्रदेशकी ४०३ सदस्यीय विधानसभा और उसकी राष्ट्रीय राजनीतिक महत्ताको देखते हुए मतदाता सूचीमें दो करोड़से अधिक मतदाताओंका कम होना राजनीतिको प्रभावित करने वाली घटना है। इससे चुनावी गणितके समीकरण प्रभावित होंगी। विशेष बात यह भी है कि उत्तर प्रदेशमें सूचीसे हटाये गये ८४ लाख अन्तिम सूचीमें वापस आ गये। इसके निहितार्थ भी अलग हैं। उत्तराखण्ड और गोवाकी स्थिति भी चिन्ताजनक है। मतदाता सूचीमें इतनी बड़ी संख्यामें बदलावसे राजनीतिक विवाद भी उत्पन्न हो सकता है। इसलिए चुनाव आयोगके समक्ष सबसे बड़ी चुनौती निष्पक्षताको लेकर है। आगामी चुनाव भारतीय लोकतंत्रमें मतदाता सूचीकी शुद्धता और नागरिकके मतदान अधिकारके बीच सन्तुलनकी बड़ी परीक्षा है। इसका सीधा प्रभाव २०२७ के विधानसभा चुनावोंकी विश्वसनीयतापर भी पड़ सकता है।

हवाई किरायेके नये नियम

केन्द्र सरकारने दूरदर्शी फैसला लेते हुए विमानन क्षेत्रके लिए जो नये नियम जारी किये हैं वह सर्वथा उचित और न्यायसंगत है। इसमें हवाई किरायेकी निगरानी और आवश्यकतानुसार कम्पनियोंको अस्थायी निर्देशका प्रावधान महत्वपूर्ण माना जायगा, क्योंकि इससे विमानन कम्पनियोंकी हवाई किरायेमें मनमानीपर अंकुश लगेगी। नये नियमके तहत टिकटका मूल किराया, कर और अन्य शुल्ककी स्पष्ट जानकारी देनेके लिए कम्पनियां बाध्य होंगी। नये नियम एक जनवरीसे लागू होगी जो ८९ वर्ष पुराने नियमोंकी जगह लेंगे। हालांकि सामान्य तौरपर टिकटकी कीमतोंपर कोई स्थायी सीमा लागू नहीं होगी, लेकिन नियमित सेवाएं देने वाली विमानन कम्पनियोंको परिचालन लागत समेत विभिन्न कारकोंके आधारपर किराया तय करना होगा। इसके लिए किरायेका विवरण नागरिक उड्डयन महानिदेशालयको सौंपनेकी अनिवार्यता सार्थक पहल है। इन नियमोंके उल्लंघनपर एक करोड़ रुपयेतक जुर्मानेका प्रावधान है, जो विमानन कम्पनियोंके लिए कड़ा सन्देश है। साथ ही कुछ और कड़े प्रावधानोंको जोड़ा गया है जो सुरक्षाकी दृष्टिसे महत्वपूर्ण है, जैसे हवाई क्षेत्रमें फोटोग्राफीपर एक लाख और उड़ते विमानसे तस्वीर लेनेपर दो लाख रुपयेतक जुर्माना हो सकता है। निगरानी व्यवस्था और सुरक्षा प्रबन्धनका पालन नहीं करनेपर लाइसेंस निलम्बित या रद भी किया जा सकता है। वहीं सर्वोच्च न्यायालयने त्योहारी सीजनको देखते हुए हवाई किरायेमें सात सौ फीसदीतक आरोप लगाने वाली याचिकापर जल्द सुनवाईके लिए बार-बार किये जा रहे आग्रहको सोमवारको तत्काल सुनवाईसे इनकार करते हुए दो-टूक कहा 'हवाई यात्रा न करें।' इस सम्बन्धमें न्यायमूर्ति विक्रमनाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति अमरेश सिंहकी पीठका यह कहना महत्वपूर्ण है कि यह अर्जी हवाई किरायेको नियंत्रित करनेकी मांगको लेकर है जो पहलेसे लम्बित एस. लक्ष्मी नारायणनकी जनहित याचिकामें शामिल है। हवाई किरायेको लेकर केन्द्र सरकारके नये नियमको कड़ाईसे लागू करनेकी जरूरत है।

लोक संवाद

महापुरुष

महोदय,-भारतमें बहुतसे महापुरुष हुए। इन महापुरुषोंने भारतको ही नहीं, बल्कि दुनियाको अच्छे मार्गपर ले जानेके लिए बहुतसे काम किये और दुनियाके लिए प्रेरक बने। इन्हीं महापुरुषोंमेंसे एक थे सरदार वल्लभभाई पटेल, जिनका जन्मदिन एकताकी भावनाको बढ़ानेके रूपमें भी मनाया जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेलने देशको आजाद करवानेके साथ-साथ देशकी एकताको मजबूत करनेमें मुख्य भूमिका निभायी थी। इन्होंने किसानोंको उनका हक अंग्रेजोंसे दिलानेके लिए काम किये थे। सरदार वल्लभ भाई पटेलको आज भी जिस मुख्य कार्यके लिए याद किया जाता है वह है देसी रियासतोंका एकीकरण। आज भारतको उनके विचारोंको कार्यरूप देनेकी जरूरत है। **-राजेश, वाया ईमेल।**

समाधान नहीं है करोंमें छूट देना

पिछले काफी समयसे भारतके शेयर बाजारोंमें विदेशी संस्थागत निवेशक बड़ी मात्रामें विदेशी मुद्रा बाहर ले जा रहे हैं। वर्ष २०२६-२७ में विदेशी संस्थागत निवेशक १.७ लाख करोड़ रुपयेकी बिकवाली कर चुके हैं, जिससे रुपयेपर दबाव बन रहा है। नीति-निर्माता चिन्तित हैं और भारतकी ओर आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं।

❐ प्रोफेसर अश्विनी महाजन

विदेशी संस्थागत निवेशकोंको आकर्षित करनेका एक महत्वपूर्ण तरीका करोंमें रियायत देनेसे संबंधित है। ५ जून २०२६ को सरकार और रिजर्व बैंकने स्वीकृत बांडोंसे होने वाले पूंजीगत लाभको पूर्वके १२.५ प्रतिशत पूंजीगत लाभ कर और आयकरसे छूट दी गयी है। इसके अलावा पूर्वमें जहां १५, ३० और ४० वर्षके ब्रांड विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक नहीं खरीद सकते थे, लेकिन अब उन्हें इसकी अनुमति दी गयी है। इसी प्रकार अन्य प्रकारकी रियायतें भी विदेशी संस्थागत निवेशकोंको दी गयी हैं। लेकिन उसके बावजूद इन निवेशकोंकी बिकवाली बदस्तूर जारी है। लेकिन यह जरूर हुआ है कि अब विदेशी संस्थागत निवेशकोंने सरकारी बांडोंमें निवेश बढ़ा दिया है। हालांकि सरकारने विदेशी संस्थागत निवेशकोंकी सरकारी ऋण प्रतिभूतियोंपर आयकर और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभोंसे छूट पहले ही दे दी है, अब उनकी मांग है कि उन्हें शेयरोंपर मिलने वाले पूंजीगत लाभों और अन्य लाभोंपर करसे छूट मिलनी चाहिए। गौरतलब है कि यह छूट उनको पहले भी प्राप्त थी। दूसरे, विदेशी निवेशक सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) में भी कमी चाहते हैं। गौरतलब है कि इस साल बजटमें सरकारने 'फ्यूचर और ऑप्शन' (एफएंडओ) में एसटीटी को बढ़ाया था। पिछले सालोंमें एफएंडओकी वजहसे रिटेल इन्वेस्टरोंको बड़ा घाटा उठाना पड़ा था और इसका फायदा बड़ी विदेशी कम्पनियोंने उठाया।



करोंमें छूट अथवा अन्य सुविधाएं वास्तवमें विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा बिकवालीको नहीं रोक पायगी, क्योंकि विदेशी संस्थागत निवेशक देशमें करों अथवा नियमोंके कारण बिकवाली नहीं कर रहे, बल्कि दुनियामें बदलते हालात विदेशी निवेशकों द्वारा भारतमें उनके द्वारा शेयरोंकी बिक्रीका कारण बन रहे हैं। भारत एक उभरती अर्थव्यवस्था है और भारतसे इन संस्थागत निवेशकोंको खासा लाभ भी हुआ है। दशकोंतक विदेशी संस्थागत निवेशक भारतसे ३० से ४० प्रतिशत लाभ कमाते रहे हैं। वास्तवमें विदेशी संस्थागत निवेशक कई अन्य कारणोंसे अपने शेयर बेच रहे हैं।

सेक्यूरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड (सेबी) की रिपोर्टके अनुसार ४८५० करोड़ रुपयेका गैर-कानूनी लाभ 'जेनस्ट्रीट' सरीखी कम्पनीने एफएंडओसे कमाया। कुल मिलाकर कम्पनीने जनवरी २०२३ और मार्च २०२५ के बीच ३६७०० करोड़ रुपयेका लाभ कम्पनीने कमाया। यह लाभ वास्तवमें छोटे निवेशकोंका नुकसान है। तीसरे, विदेशी संस्थागत निवेशक चाहते हैं कि प्राइवेट एक्विटिटी फंड टाइगर ग्लोबलसे संबद्ध मामलेमें जो सुप्रीम कोर्टका निर्णय आया है, उसके बारेमें यह स्पष्ट करें कि २०२७ के पूर्वके निवेशपर भारतीय टैक्स लागू होंगे अथवा नहीं। गौरतलब है कि २०१७ में भारतने मॉरीशसके साथ दोहरे टैक्स वचन समझौतेमें बदलाव कर दिया था और मॉरीशसके रास्ते आने वाले निवेशपर कर लगानेका निर्णय लिया था। चौथे, विदेशी संस्थागत निदेशक अन्य प्रकारसे सुविधाएं चाहते हैं, जैसे टैक्स रिफंडको आसान बनाना, केवाईसी और लाभार्थीका खुलासा करनेकी अनिवार्यतासे मुक्त किया जाय। समझा जा सकता है कि विदेशी संस्थागत निवेशक वे सभी सुविधाएं चाहते हैं जो अभीतक घरेलू निवेशकोंको उपलब्ध नहीं हैं। करोंमें छूट अथवा मुक्ति अथवा केवाईसी नियमोंमें छूट आदि देशके लिए अमंगलकारी होते हैं।

सर्वप्रथम हालांकि सरकारने पहलेसे ही सरकारी प्रतिभूतियोंमें निवेशसे आय और पूंजीगत लाभोंको कर मुक्त कर दिया है, यदि शेयरोंको भी करोंसे मुक्त किया जायगा तो उसका नुकसान सरकारी राजस्वको होगा, जिससे भारत सरकारका राजकोषीय घाटा बढ़ सकता है, जो महंगी बढ़ाने वाला और भविष्यकी पीढ़ियोंपर कर्ज भी बढ़ाने वाला है। गौरतलब है कि विदेशी संस्थागत निवेशकोंको सरकारी बांडोंपर पूंजीगत लाभ और आयकरमें छूटसे लगभग १०,००० करोड़के राजस्वका नुकसान होगा। अब जब विदेशी निवेशक यह मांग कर रहे हैं कि उन्हें शेयरोंपर होने वाले पूंजीगत लाभ और आयपर भी करकी छूट मिले तो यह नुकसान कई गुना होनेकी संभावना है। दूसरे, विदेशी निवेशकोंपर करमें रियायतको भारतीय निवेशकोंके साथ भेदभाव भी माना जा सकता है। इससे भारतीयों द्वारा बचतका प्रोत्साहन घटेगा, जिससे विदेशियोंपर निर्भरता बढ़ सकती है। तीसरे, विदेशी निवेशकोंकी एसटीटी कम करनेकी मांग, आय निवेशकके लिए अत्यंत घातक है। २०२६-२७ के बजटमें एसटीटी बढ़ानेके कारण एफएंडओमें छोटे निवेशकोंका आकर्षण कम हुआ है, जिससे विदेशी संस्थागत निवेशकोंका अनुचित लाभ कम हुआ है। ऐसेमें एसटीटीको कम करनेकी मांग अनुचित तो है ही, यदि यह मांग मान ली जायगी तो छोटे निवेशकोंको बड़ा नुकसान जारी रहेगा। चौथे, विदेशी संस्थागत निवेशक चाहते हैं कि उनके लाभार्थी निवेशकोंकी जानकारीको गुप्त रखा जाय, इसलिए वे केवाईसी नियमोंसे छूट जाते हैं। इससे पहले यूपीए शासनकालमें विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा पार्टिसिपेटरी नोट्सके माध्यमसे भारतके शेयर बाजारोंमें पैसा लगाया जाता था। इस पद्धतिका खासा विरोध हुआ था, क्योंकि ऐसा माना जा रहा था कि पार्टिसिपेटरी नोट्सके माध्यमसे आतंकवादी संघटनों एवं अन्य प्रकारकी गैर-कानूनी स्रोतोंसे पैसा भारतके शेयर बाजारमें आता है और उससे होने वाले लाभ भारतके खिलाफ ही इस्तेमाल किये जाते हैं। यदि केवाईसी नियमोंको शिथिल किया जायगा तो यह कानूनी रूपसे अनुचित ही नहीं, बल्कि गैर-कानूनी गतिविधियोंको बढ़ावा देने वाला और राष्ट्रीय सुरक्षाके लिए खतरे वाला होगा। अधिकांश आर्थिक विश्लेषक यह मानते हैं कि करोंमें छूट अथवा अन्य सुविधाएं वास्तवमें विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा बिकवालीको नहीं रोक पायगी, क्योंकि विदेशी संस्थागत निवेशक देशमें करों अथवा नियमोंके कारण बिकवाली नहीं कर रहे, बल्कि दुनियामें बदलते हालात विदेशी निवेशकों द्वारा भारतमें उनके द्वारा शेयरोंकी बिक्रीका कारण बन रहे हैं। भारत एक उभरती अर्थव्यवस्था है, और भारतसे इन संस्थागत निवेशकोंको खासा लाभ भी हुआ है। दशकोंतक विदेशी संस्थागत निवेशक भारतसे ३० से ४० प्रतिशत लाभ कमाते रहे हैं। वास्तवमें विदेशी संस्थागत निवेशक कई अन्य कारणोंसे अपने शेयर बेच रहे हैं। सबसे पहला और सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण कारण अमेरिकामें ब्याज दरोंमें वृद्धि और अमेरिकी सरकारके बांडोंपर आकर्षक लाभ है। पूर्वमें अमेरिकामें फेडरल दर ०.२५ प्रतिशत तक थी। लेकिन हालके वर्षोंमें फेडरल रिजर्व (अमेरिकी केन्द्रीय बैंक) ने बढ़ती महंगीके चलते फेडरल दर बढ़ा दी है और वर्तमानमें यह ३.७५ से ४.० प्रतिशत है। ऐसेमें संस्थागत निवेशक वापसीका रुख कर रहे हैं। दूसरा प्रमुख कारण भू-राजनीतिक अनिश्चितता है। ऐसी किसी भी स्थितिमें विदेशी निवेशक अपने घरेलू बाजारोंकी ओर रुख कर लेते हैं। इस स्थितिको अंतरराष्ट्रीय बाजारोंमें 'रन फॉर सेफ हेवन' कहा जाता है।

निवेशकों द्वारा बिकवालीका तीसरा प्रमुख कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारोंमें तेलकी बढ़ती कीमत और उसकी वजहसे दुनियाके दूसरे भागोंमें वित्तकी बढ़ती मांग है। चौथा, रुपयेका अवमूल्यन है। क्योंकि भारतीय रुपया पिछले समयमें काफी ज्यादा गिर गया था, इसलिए निवेशकोंको लाभ होनेपर भी डालरोंमें वह लाभ बहुत हो जाता है। इसलिए वे बाहरकी ओर रुख कर लेते हैं। पांचवां कारण यह है कि कई अन्य देशोंमें उभरते उद्योगोंकी वजहसे वहां निवेशकी संभावनाएं ज्यादा हैं। इस संदर्भमें दक्षिण कोरिया और ताईवानकी ओर विदेशी निवेशक रुख कर रहे हैं। भारतमें विदेशी निवेशपर लगने वाले कर अथवा केवाईसीके नियम अथवा अन्य भारतीय नियम विदेशी निवेशकों द्वारा बाहरका रुख करनेके लिए जिम्मेदार नहीं हैं। इसलिए करोंमें छूट देना हितकारी नहीं है।

सामूहिक सामाजिक चेतनाकी पराजय

पंचकूलाकी घटनाने एक ऐसा प्रश्न खड़ा किया है, जिससे मुंह मोड़ना संभव नहीं है। आखिर बच्चोंके मनमें हिंसाके बीज कौन बो रहा है। बच्चों और किशोरोंमें हिंसक व्यवहारपर नियंत्रणकी कठिनाइयां इसके जोखिमको बढ़ा सकती हैं।

❐ योगेश कुमार गोयल

बचपनको मासूमियत, निश्छलता और खिलखिलाती मुस्कानका पर्याय माना जाता है। बच्चोंके हाथोंमें खिलौने अच्छे लगते हैं, पत्थर और ईंटें नहीं, किसीके प्रति नफरत और हिंसा नहीं। लेकिन जब आठ-दस वर्षकी उम्रके बच्चे भी किसी दूसरे मासूमकी जान लेनेपर उतारू हो जायं, तब सवाल केवल एक बच्चेके असामान्य व्यवहारका नहीं रह जाता, बल्कि पूरे सामाजिक परिवेश, पारिवारिक संस्कारों, शिक्षा व्यवस्था और हमारी बदलती जीवनशैलीका हो जाता है। हरियाणाके पंचकूलामें छह सालकी विशेष आवश्यकता वाली बच्चीपर तीसरी कक्षाके आठ वर्षीय छात्र द्वारा किया गया बर्बर हमला इसी भयावह वास्तविकताका आईना है। आरोपी छात्र बच्चीको एक खाली कक्षामें ले गया, वहां उसके बाल पकड़कर घसीटा, बेंचपर सिर पटका, लातें मारी तथा ईंट, पत्थर और गमलेसे उसके सिर तथा चेहरेपर बार-बार प्रहार किये। करीब ९६ सैकेंडतक चली इस हिंसाका दृश्य कक्षामें लगे सीसीटीवी कैमरेमें दर्ज हुआ। सबसे विचलित करने वाली बात यह है कि हमला करने वाला कोई व्यस्क अपराधी नहीं, बल्कि आठ वर्षका बच्चा है। यह घटना जितनी पीड़ित बच्चीके लिए भयावह है, उतनी ही उस बच्चेके मानसिक और सामाजिक विकासको लेकर भी गम्भीर चिन्ता पैदा करती है। आखिर इतनी छोटी उम्रमें किसी बच्चेके भीतर इतनी आक्रामकता कहांसे आती है। सवाल यह कि हमारे घरों, स्कूलों और समाजमें ऐसा क्या बदल रहा है कि बचपनकी भाषामें प्रेम और संवेदनाकी जगह हिंसा प्रवेश करती जा रही है।

इस घटनाने एक ऐसा प्रश्न हमारे सामने खड़ा किया है, जिससे मुंह मोड़ना अब संभव नहीं है कि आखिर बच्चोंके मनमें हिंसाके बीज कौन बो रहा है। बच्चों और किशोरोंमें हिंसक व्यवहारका कोई एक कारण नहीं होता। परिवारमें हिंसा देखना, कठोर अथवा असंगत अनुशासन, भावनात्मक उपेक्षा, कमजोर अभिभावकीय निगरानी, साथियोंका दबाव, सामाजिक अलगाव और व्यवहारपर नियंत्रणकी कठिनाइयां इसके जोखिमको बढ़ा सकती हैं। सबसे पहले सवाल परिवारोंसे है। आज अनेक घरोंमें बच्चोंको महंगे खिलौने, स्मार्टफोन, टैबलेट और मनोरंजनके तमाम साधन तो उपलब्ध करा दिये जाते हैं लेकिन उनके साथ बैठकर बातचीत करने, उनकी भावनाएं समझने और उनके व्यवहारको दिशा देनेका समय लगातार कम होता जा रहा है। माता-पिता अपनी व्यस्तताओंमें उलझे हैं और कई बार बच्चे अपनी भावनात्मक उलझनोंके साथ अकेले रह जाते हैं। बच्चा वही सीखता है, जो अपने आसपास बार-बार देखता है। यदि घरमें समस्याका समाधान संवादसे नहीं, बल्कि चीखने, धमकाने और हाथ उठानेसे होता है तो उसके लिए हिंसा धीरे-धीरे व्यवहारका स्वीकार्य तरीका बन सकती है।

दूसरा बड़ा सवाल डिजिटल दुनियाका है। मोबाइल फोन और इंटरनेटने बच्चोंके सामने ज्ञान और मनोरंजनके असंख्य अवसर खोले हैं लेकिन इसी दुनियामें हिंसक वीडियो, मारधाड़ वाले खेल और आक्रामक व्यवहारको महिमामंडित करने वाले दृश्य भी मौजूद हैं। समस्या तब गम्भीर हो जाती है, जब बच्चा बिना किसी निगरानीके घंटों ऐसी सामग्री देखता है और उसे यह समझाने वाला कोई नहीं होता कि पर्देपर दिखाई जाने वाली हिंसा वास्तविक जीवनमें किसीके मन और अस्तित्वको कितनी गहरी चोट पहुंचाती है। तीसरी चिन्ता बच्चोंमें संवेदनशीलता और सहानुभूतिके विकासकी है। आज हम बच्चोंको प्रतियोगितामें आगे निकलना, जीतना और दूसरोंसे बेहतर प्रदर्शन करना तो सिखा रहे हैं लेकिन हार स्वीकार करना, दूसरोंकी भावनाओंका सम्मान करना, कमजोरकी मदद करना और क्रोधपर नियंत्रण रखना कितना सिखा रहे हैं। क्या स्कूलोंमें नैतिक शिक्षा केवल पाठ्य पुस्तकोंतक सिमट गयी है। क्या बच्चोंको यह समझाया जा रहा है कि किसीको चोट पहुंचाना बहादुरी नहीं, कमजोरी है। किसी दूसरेकी पीड़ा देखकर मनमें करुणा पैदा होना ही मानवीय संवेदनाका आधार है। यहां स्कूलोंकी जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। पंचकूलाकी घटनाने सीसीटीवी कैमरोंकी मौजूदगी और वास्तविक निगरानीके बीचके अन्तरको उजागर किया है। कैमरे लगे होना सुरक्षा नहीं है, उनकी सतत निगरानी, समयपर हस्तक्षेप और जवाबदेही ही सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। सवाल है कि एक छह सालकी बच्ची स्कूल परिसरमें एक अन्य छात्रके साथ ऐसी स्थितिमें कैसे पहुंच गयी, जहां उसपर लगातार हमला होता रहा और किसी शिक्षक या कर्मचारीको समय रहते इसकी जानकारी नहीं मिली। यदि स्कूलमें शिक्षकोंकी कमी थी, एक शिक्षकको कई कक्षाओंकी जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही थी अथवा ड्यूटी व्यवस्थामें कोई खामी थी तो यह भी जांचका विषय है।

अभिभावकोंको भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। बच्चोंके व्यवहारमें अचानक आक्रामकता, दूसरोंको चोट पहुंचानेकी प्रवृत्ति, क्रोधपर नियंत्रण न रहना, पश्चातापका अभाव, जानवरों अथवा कमजोर बच्चोंके प्रति क्रूरता जैसे संकेतोंको सामान्य शरारत समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। बच्चोंको दंडित करनेके बजाय उनकी भावनाओंको समझना, उन्हें अपनी बात कहनेका अवसर देना और प्रेमके साथ स्पष्ट अनुशासन सिखाना जरूरी है। खेलकूद, रचनात्मक गतिविधियां, सामूहिक सहभागिता और सामाजिक सेवा जैसी गतिविधियां भी उनमें सहयोग, धैर्य और सहानुभूति विकसित कर सकती हैं। इस घटनानें हमें एक कठोर सचाईसे रूबरू कराता है कि बच्चोंका भविष्य केवल अच्छे स्कूल, महंगी शिक्षा, आधुनिक तकनीक और बेहतर सुविधाओंसे सुरक्षित नहीं हो सकता। उसके लिए अच्छे संस्कार, भावनात्मक सुरक्षा, मानवीय संवेदना और जिम्मेदार अभिभावक भी उतने ही आवश्यक हैं। आज सबसे बड़ा सवाल यह नहीं कि पंचकूलामें एक आठ वर्षीय बच्चेने छह सालकी बच्चीपर हमला क्यों किया, बल्कि यह है कि हम ऐसी नौबत आनेसे पहले क्या कर रहे थे और भविष्यमें ऐसी घटनाएं रोकनेके लिए क्या करेंगे। जिस उम्रमें बच्चोंको अक्षर ज्ञान, दोस्ती, खेल और मानवीय रिश्तोंका अर्थ समझना चाहिए, उस उम्रमें यदि उनके हाथोंमें ईंट और पत्थर दिखाई देने लगें तो यह केवल एक परिवार या स्कूलकी विफलता नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक सामाजिक चेतनाकी पराजय है। हमें तय करना होगा कि बच्चोंको केवल प्रतियोगितामें जीतना सिखाना है या इंसानियतके साथ जीना भी क्योंकि बचपन यदि हिंसक हो गया तो भविष्य सभ्य कैसे होगा और यदि स्कूलोंमें बच्चे सुरक्षित नहीं तो फिर उनके सुरक्षित भविष्यकी गारंटी कौन देगा।



आत्मा की शुद्धि

❐ अनुज आचार्य

भारतीय सनातन संस्कृतिमें मनुष्यकी महानताका आधार उसका धन, पद, कुल अथवा प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि उसके सद्कर्म, संस्कार और आचरण हैं। बाहरी वैभव व्यक्तिको आकर्षक बना सकता है, लेकिन उसके चरित्रकी वास्तविक पहचान उसके व्यवहारसे होती है। ईश्वरकी आराधना करना श्रद्धा है, किन्तु उसके बताये सद्गुणोंको जीवनमें उतारना सच्ची साधना है। सनातन दर्शन मनुष्यको अपने अंतर्मनकी शुद्धि और आत्मिक उन्नतिका मार्ग दिखाता है। क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या और अहंकार व्यक्तिके विवेकको ढक देते हैं, जबकि क्षमा, संतोष, विनम्रता, दया और परोपकार उसके व्यक्तित्वको गरिमा प्रदान करते हैं। धार्मिक ग्रंथोंका ज्ञान तभी सार्थक है, जब वह हमारे आचरणमें दिखाई दे। यदि कोई व्यक्ति नियमित पूजा करता है, लेकिन दूसरोंके अधिकारोंका हनन करता है, असत्य बोलता है तो उसे अपनी धार्मिकताके वास्तविक स्वरूपपर विचार करना चाहिए। सच्चा धर्म वह है, जो मनुष्यको बेहतर इनसान बनाये। भगवान श्रीकृष्णने श्रीमद्भगवद्गीतामें कहा है, कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। अर्थात् मनुष्यका अधिकार कर्म करनेमें है, फलपर नहीं। यह उपदेश हमें सिखाता है कि अपने कर्तव्योंका निर्वहन निष्ठा और समर्पणसे करना चाहिए, न कि केवल लाभ अथवा प्रशंसाकी अपेक्षासे। जब कर्म स्वार्थ और अहंकारसे ऊपर उठकर कर्तव्यबोध तथा लोककल्याणकी भावनासे किया जाता है, तब वह कर्मयोग बन जाता है। शिक्षकका विद्यार्थियोंको ज्ञान और संस्कार देना, चिकित्सकका रोगियोंकी सेवा करना, किसानका अन्न उपजाना और सैनिकका राष्ट्रकी रक्षा करना अपने-अपने क्षेत्रमें कर्मयोगके उदाहरण हैं। इस प्रकार अपने दायित्वको ईमानदारीसे निभाना भी ईश्वरके प्रति समर्पणकी अभिव्यक्ति बन सकता है। गीताका एक अन्य महत्वपूर्ण संदेश है- योग: कर्मसु कौशलम्। अर्थात् कर्मोंमें कुशलता ही योग है। आध्यात्मिकताका अर्थ संसारसे विमुख होना नहीं, बल्कि संसारमें रहते हुए अपने कर्तव्योंको विवेक, निष्ठा और सद्भावसे निभाना है। भाग्यके भरोसे निष्क्रिय बैठनेके बजाय पुरुषार्थ करना आवश्यक है। परिस्थितियां हमेशा हमारे नियंत्रणमें नहीं होतीं, लेकिन हमारा प्रयास, दृष्टिकोण और व्यवहार हमारे व्यक्तित्वको दिशा देते हैं। ईश्वरपर विश्वासका अर्थ चमत्कारकी प्रतीक्षा करना नहीं, बल्कि श्रद्धाके साथ कर्म करना और कठिन समयमें धैर्य बनाये रखना भी है। सच्ची आस्था मनुष्यको कर्महीन नहीं, बल्कि अधिक साहसी, जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ बनाती है। श्रेष्ठ व्यक्तित्वकी सबसे सुन्दर अभिव्यक्ति सेवा और करुणामें दिखाई देती है। किसीकी सहायता करके उसे अपमानित करना परोपकार नहीं, वास्तविक सेवा वह है, जिसमें दूसरेकी गरिमा और आत्मसम्मान सुरक्षित रहें।

तनावको नियंत्रित करनेके प्रति जागरूकता

❐ श्वेता गोयल

सुविधाएं बढ़नेके साथ मनुष्यका लगातार घटता सुकून आधुनिक जीवनकी सबसे बड़ी विडंबनाओंमेंसे एक है। तकनीकने दूरियोंको समेट दिया है, संचारको त्वरित बना दिया है और जीवनको सुविधाजनक बनानेके असंख्य साधन उपलब्ध करा दिये हैं लेकिन इसके बावजूद मनुष्य पहलेसे कहीं अधिक मानसिक दबाव, बेचैनी, असुरक्षा और तनावसे घिरा दिखाई देता है। सुबह आंख खुलनेसे लेकर रातको सोनेतक जिम्मेदारियों, अपेक्षाओं, प्रतिस्पर्धा, आर्थिक चिन्ताओं, नौकरीकी अनिश्चितता, पारिवारिक उलझनों और सामाजिक अपेक्षाओंका ऐसा सिलसिला चलता रहता है, जिसमें व्यक्ति स्वयंके लिए समय निकालनातक भूल जाता है। विडंबना यह है कि तनावको आजकल सफल और व्यस्त जीवनकी स्वाभाविक कीमत मान लिया गया है जबकि लगातार बना रहने वाला तनाव धीरे-धीरे शरीर और मन दोनोंको भीतरसे कमजोर कर सकता है। यही कारण है कि तनाव अब केवल व्यक्तिगत परेशानी नहीं, गम्भीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनता जा रहा है।

इसी चुनौतीके प्रति जागरूकता बढ़ानेके उद्देश्यसे प्रतिवर्ष नवंबरके पहले बुधवारको राष्ट्रीय तनाव जागरूकता दिवस (नेशनल स्ट्रेस अवेयरनेस डे) मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस ४ नवंबरको है। इसकी शुरुआत वर्ष १९९८ में ब्रिटेनकी इंटरनेशनल स्ट्रेस मैनेजमेंट असोसिएशनने की थी। इसका मूल उद्देश्य लोगोंको तनावके कारणों, लक्षणों और दुष्प्रभावोंसे परिचित कराना तथा व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवनमें तनावको पहचानने और प्रभावी ढंगसे नियंत्रित करनेके उपायों के प्रति जागरूक करना है। विश्व स्वास्थ्य संघटनके अनुसार तनाव किसी कठिन परिस्थितिके कारण उत्पन्न होने वाली चिन्ता अथवा मानसिक दबावकी स्थिति है। यह जीवनकी चुनौतियों और सम्भावित खतरोंके प्रति शरीरकी स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। परीक्षा, प्रतियोगिता, नौकरीके साक्षात्कार अथवा किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारीके दौरान उत्पन्न होने वाला हल्का तनाव व्यक्तिको सतर्क, सक्रिय और लक्ष्यके प्रति एकाग्र बना सकता है।

तनावकी स्थितिमें शरीरकी प्राकृतिक 'फाइट ऑर फ्लाइट' यानी लड़ो या भागो प्रतिक्रिया सक्रिय हो जाती है। मस्तिष्क खतरे अथवा दबावका संकेत मिलनेपर शरीरमें एड्रेनालिन और कॉर्टिसोल जैसे हार्मोनके स्रावको प्रभावित करता है। हृदय गति और रक्तचाप बढ़ सकते हैं, सांस तेज हो सकती है, मांसपेशियोंमें खिंचाव आने लगता है और शरीर तत्काल प्रतिक्रिया देनेके लिए तैयार हो जाता है। आपातकालीन परिस्थितियोंमें यह प्रतिक्रिया उपयोगी होती है लेकिन जब यही स्थिति लम्बे समयतक बनी रहती है तो शरीरकी सामान्य कार्यप्रणाली प्रभावित होने लगती है। लगातार तनावसे नींदमें बाधा, सिरदर्द, थकान, पाचन संबंधी समस्याएं, चिड़चिड़ापन, एकाग्रतामें कमी और निर्णय लेनेकी क्षमता प्रभावित हो सकती है। दीर्घकालिक तनाव उच्च रक्तचाप, हृदय संबंधी समस्याओं तथा पहलेसे मौजूद बीमारियोंको और गम्भीर बनानेमें भी योगदान दे सकता है। तनावका प्रभाव केवल मनतक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे शरीरपर पड़ता है। तनावका सबसे खतरनाक पहलू यह है कि इसके शुरुआती संकेत अक्सर सामान्य थकान, कामका दबाव अथवा अस्थायी मनोदशा समझकर नजरअंदाज कर दिये जाते हैं। कई लोग स्वयंको सामाजिक गतिविधियोंसे अलग कर लेते हैं और अपनी परेशानी दूसरोंसे साझा करनेसे भी बचते हैं। यदि लम्बे समयतक तनाव बना रहे तो चिन्ता और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं भ

नई खबर...

आदिवासी और पिछड़े समुदायों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए राज्य स्तरीय आयोजन

नैसकॉम फाउंडेशन और इसरा ने सिस्को के इंडिया कैश ग्रांट प्रोग्राम के सहयोग से लखनऊ में राज्य स्तरीय चर्चा

प्रयागराज / वाराणसी- नैसकॉम फाउंडेशन और इसरा ने सिस्को के इंडिया कैश ग्रांट प्रोग्राम के सहयोग से लखनऊ, उत्तर प्रदेश में एक्सेस टू एम्पावरमेंट-स्ट्रेंथनिंग डिजिटल इंक्लूजन एंड ई-गवर्नेंस फॉर ट्राइबल एंड मार्जिनलाइज्ड कम्युनिटीज विषय पर एक राज्य स्तरीय चर्चा का आयोजन किया। एक्सेस टू एम्पावरमेंट - ई-गवर्नेंस पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मकसद राज्य भर के पिछड़े समुदायों के लिए डिजिटल समावेशनको बढ़ावा देना और उनके लिए डिजिटल जन सेवाओं व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुंच को आसान बनाना है। सिस्को साउथ एंड साउथईस्ट एशिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ पॉलिसी ऑफिसर हरीश कृष्णन ने कहा सिस्को सरकार द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल सशक्तिकरण कार्यक्रमों के प्रभाव को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस ई-गवर्नेंस प्रोग्राम के तहत नैसकॉम फाउंडेशन के साथ हमारी निरंतर साझेदारी इसी प्रतिबद्धता को दर्शाती है जिसका मकसद भारत के आकांक्षी ब्लॉकोंमें नागरिकों तक जरूरी सेवाएं पहुंचाना और समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। इस मौके पर नैसकॉम फाउंडेशन की सीईओ ज्योति शर्मा ने कहा दूरी सीमित कनेक्टिविटी, भाषा, दस्तावेज और डिजिटल सिस्टम की जानकारी न होने के कारण कमजोर जनजातीय समूहों के लिए उन सेवाओं और अधिकारों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है जो उनके लिए बने हैं। यहीं पर नैसकॉम फाउंडेशन का डिजिटल साक्षरता और ई-गवर्नेंस पहुंच से जुड़ा काम अहम हो जाता है।



अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 ने तोड़े रिकॉर्ड

अमेज़न ने आज जारी अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 में कई उपलब्धियां हासिल करने की घोषणा की। इस शॉपिंग इवेंट ने ग्राहकों की बचत, शॉपिंग वॉल्यूम, सेलर की सफलता और डिलीवरी स्पीड के पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं जिसने अब तक 393 करोड़ से अधिक ग्राहकों की विज़िट दर्ज की हैं। अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 ने लाखों ग्राहकों को ऐतिहासिक बचत प्रदान की है, जिसमें डील्स, इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट, कैशबैक, अमेज़न पे रिवॉर्ड्स, मुफ्त प्राइम डिलीवरी और अन्य माध्यमों से 2,800 करोड़ रुपये से अधिक की बचत संभव हुई है, जिसने उत्सव की खरीदारी के दौरान ग्राहक मूल्य का एक नया पैमाना स्थापित किया है। अमेज़न इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा देश भर के ग्राहकों को अपनी त्योहारी आकांक्षाओं को पूरा करने और विभिन्न प्रोडक्ट श्रेणियों - स्मार्टफोन और स्मार्टवॉच से लेकर एथनिक वियर, फेस्टिव डेकोर, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, रोज़मर्रा की ज़रूरी चीज़ों और अन्य में अपग्रेड करने के लिए अमेज़न.इन को चुनते देखना बेहद सुखद रहा है। यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक वर्ष रहा है, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में शॉपिंग वॉल्यूम में 50प्रतिशत से अधिक की उच्चतम वृद्धि दर्ज की गई है।

गोपाल विट्टल फिर से चुने गए जीएसएमए बोर्ड के चेयर- अध्यक्ष

लंदन। जीएसएमए के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने गोपाल विट्टल को आगामी 2027-2028 बोर्ड टर्म के लिए पुन: चेयर चुना है। उनका कार्यकाल दिसंबर 2028 तक रहेगा। श्री विट्टल पिछले 10 वर्षों से जीएसएमए बोर्ड के सदस्य हैं और 2025 से चेयर की भूमिका निभा रहे हैं। जीएसएमए के चेयर के रूप में वे संगठन की रणनीतिक दिशा का मार्गदर्शन करते हैं। यह संगठन वैश्विक मोबाइल ऑपरेटर्स और व्यापक मोबाइल इकोसिस्टम से जुड़ी कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। जीएसएमए के बोर्ड ने मार्गेरिटा डेल्ला वाल्ले को को-डिप्टी चेयर चुना है। वे राल्फ मुपिता के साथ यह जिम्मेदारी निभाएंगी, जिन्हें फिर से इस पद के लिए चुना गया है। श्री गोपाल विट्टल ने कहा जीएसएमए बोर्ड के चेयर के रूप में दूसरी बार फिर चुना जाना मेरे लिए सम्मान की बात है। हमारा उद्योग एक नए युग में प्रवेश कर रहा है, जहां उन्नत नेटवर्क, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ओपन डिजिटल प्लेटफॉर्म महत्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक मूल्य का सृजन कर सकते हैं। हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता सिक्योरिटी है।

कुबोटा फार्मट्रैक और पावरट्रैक ट्रैक्टरों की कीमतों में बदलाव

एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड (ईकेएल) ने आज अपनी कुबोटा, फार्मट्रैक और पावरट्रैक ट्रैक्टर रेंज की कीमतें बढ़ाने की घोषणा की। ईकेएल भारत में कृषि मशीनरी और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट बनाने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है। कीमतों में यह बदलाव नवंबर 2026मेंत्योहारी सीजन के बाद लागू होगा। एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड में प्रेसिडेंट - एग्री बिजनेस, मनीष शर्मा ने कहा, हमने पूरी कोशिश की है कि बढ़ती इनपुट लागत का असर हमारे ग्राहकों पर कम से कम पड़े। यह संतुलित बदलाव क्वॉलिटी, इनोवेशन और ग्राहकों को वैल्यू देने की हमारी प्रतिबद्धता बनाए रखने में मदद करेगा। अपने फार्मट्रैक, पावरट्रैक और कुबोटा ब्रांड्स के तहत भरोसेमंद और टेक्नोलॉजी आधारित समाधान देने पर हमारा ध्यान बना हुआ है, ताकि भारतीय किसानों की उत्पादकता और मुनाफा बढ़ाने में हम साथ दे सकें। कीमतों में बदलाव की वजह इनपुट लागत, ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स और मैन्युफैक्चरिंग के खर्च समेत इनपुट लागत का लगातार बढ़ना है। इसके पीछे मुख्य रूप से महंगाई और जारी भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं हैं। पिछले कई महीनों में ईकेएल ने बढ़ती लागत का असर कम करने के लिए खर्च पर काबू पाने और कामकाज को ज्यादा कुशल बनाने के कई कदम उठाए हैं। कंपनी ने इस बढ़ोतरी का एक बड़ा हिस्सा खुद भी उठाया है।

आदित्य बिड़ला कैपिटल ने किया गोल्ड लोन कारोबार में प्रवेश

भारत की प्रमुख विविधीकृत वित्तीय सेवा कंपनियों में से एक, आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड (एबीसीएल) के एनबीएफसी कारोबार ने आज वाराणसी में समर्पित शाखा शुरू करने की घोषणा की। यह शुरुआत आदित्य बिड़ला कैपिटल के व्यापक वित्तीय समाधान पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण विस्तार है और ग्राहकों को पारदर्शी, सुरक्षित तथा सुविधाजनक तरीके से संगठित स्वर्ण-आधारित ऋण उपलब्ध कराने की उसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। इस शुरुआत के बारे में आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी-एनबीएफसी, श्री राकेश सिंह ने कहा हमारे गोल्ड लोन कारोबार की शुरुआत आदित्य बिड़ला कैपिटल के व्यापक और ग्राहक-केंद्रित वित्तीय सेवा तंत्र के निर्माण की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वाराणसी में व्यापार, वाणिज्य तथा वस्त्र और हस्तशिल्प उद्योगों की मजबूत मौजूदगी इसे हमारे गोल्ड लोन कारोबार के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बनाती है। हमारी चरणबद्ध विस्तार योजना मजबूत गवर्नेंस, परिचालन उत्कृष्टता और आदित्य बिड़ला कैपिटल से जुड़े विश्वास के आधार पर निर्बाध ओम्नीचैनल अनुभव के माध्यम से विश्वसनीय, पारदर्शी और सुविधाजनक सुरक्षित ऋण समाधानों को अधिक लोगों तक पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

एंजेलवन ने दिवाली के लिए चुने आठ शेयरों में एजीआई इंफ्रा और रत्नावीर प्रिसिजन को शामिल किया

मुंबई, ब्रोकरेज फर्म एंजेल वन ने अपनी वार्षिक दिवाली निवेश सूची में विभिन्न क्षेत्रों के आठ शेयरों को शामिल किया है। इनमें एजीआई इंफ्रा, रत्नवीर प्रिसिजन और अपोलो माइक्रो सिस्टम्स प्रमुख हैं। ब्रोकरेज का कहना है कि भारत की विकास कहानी मजबूत बनी हुई है, हालांकि इसके साथ महंगाई का दबाव भी बढ़ रहा है। एंजेल वन की शगुन के शेयर्स दिवाली पिक्स रिपोर्ट 2026 में एजीआई इंफ्रा , रत्नवीर प्रिसिजन , नॉर्दर्न आर्क कैपिटल, इंजीनियर्स इंडिया, आरती फार्मा लैब्स, शांति गोल्ड, आईसीआईसीआई बैंक और अपोलो माइक्रो सिस्टम्स को शामिल किया गया है। ये शेयर बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं, औद्योगिक क्षेत्र, स्वास्थ्य सेवाओं, उपभोक्ता क्षेत्र, रियल एस्टेट और रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। 30 सितंबर तक के आंकड़ों के अनुसार, आईसीआईसीआई बैंक इस सूची का सबसे बड़ा शेयर था, जिसकी कीमत 1,398 रुपये और बाजार पूंजीकरण 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स 397.15 रुपये, रत्नवीर प्रिसिजन 359 रुपये और आरती फार्मा लैब्स 873 रुपये पर था। शांति गोल्ड, नॉर्दर्न आर्क कैपिटल और इंजीनियर्स इंडिया के शेयर क्रमश: 292.90 रुपये, 251.80 रुपये और 251.80 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। एजीआई इंफ्रा का भाव 238.70 रुपये था।

818 अंक सेंसेक्स चढ़ा, निफ्टी 23,655 के स्तर पर



मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी पूंजी के प्रवाह के बीच मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी जारी रही। बीएसई सेंसेक्स 818.53 अंक उछलकर 76,511.31 अंक पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 212.35 अंक चढ़कर 23,655.70 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से इंटरग्लोब एविएशन, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और इन्फोसिस के शेयर सबसे अधिक बढ़त में रहे। वहीं, सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी और पावर ग्रिड के शेयर में गिरावट दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का एसएसई कम्पोजिट गिरावट में कारोबार कर रहे हैं जबकि हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहा। अमेरिकी शेयर बाजारों में नैस्डैक कम्पोजिट और एसएंडपी 500 सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए जबकि डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज बढ़त के साथ बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का भाव मामूली बढ़त के साथ 104.8 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को शुद्ध रूप से 3,114.68 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। सेंसेक्स सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी के साथ 1,233.25 अंक चढ़कर और निफ्टी 387.70 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ था।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त, लो.नि.वि., बलिया

पत्रांक:- 4670(i)/निविदा (नि.ख.)-बलिया वृत्त/2026 दिनांक:- 27.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के 'ए' भवन श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम 11 के अनुसार निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरण:-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करनें की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
स्वीकृत कार्य। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)										
1	बलिया	जनपद बलिया में निरीक्षण भवन के पीछे प्रांगण में टाईप-IV के 4 आवास का निर्माण कार्य।	207.05	12.35	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 2590.00	10 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0वि0, आजमगढ़	ए

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-13.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-20.11.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि-20.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-20.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्वरत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश) अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया
(राजेश चौधरी) अधीक्षण अभियन्ता बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.:- 260127
दिनांक:- 02.11.2026
वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई खण्ड, सोनभद्र

पत्रांक:- 1134/ल.सि./लेखा/निविदा सूचना/2026-27 दिनांक:- 28.10.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं.:-08/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, सोनभद्र के अन्तर्गत जनपद/उपखण्ड सोनभद्र में "मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत" शासकीय/अर्द्धशासकीय भवनों पर रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना हेतु ऑनलाइन पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नानुसार रेनवाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों हेतु पात्रता रखने वाले ऐसे फर्म/ठेकेदार जो सिंचाई विभाग, उ0प्र0, में पंजीकृत/सूचीबद्ध हों या ऐसे ठेकेदार जो लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 में दो वर्ष का कार्य करने का अनुभव रखते हो एवं उनके विरुद्ध कोई जांच लम्बित न हो, से प्रतिशत दर पर ई0 निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 07.11.2026 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 20.11.2026 को प्रातः 10.00 बजे तक उपलब्ध रहेगें। इस अवधि में निविदा अभिलेख http://etender.up.nic.in वेबसाइट से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 25.11.2026 को 12.00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त, प्रयागराज के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता महोदय, की अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के द्वारा डाउनलोड किया जायेगा। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्नीकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदा दाताओं के फाइनेन्सियल बिड दिनांक 27.11.2026 को 12:00 बजे से डाउनलोड किये जायेंगे। कार्यालय बन्द होने या राजकीय अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय डाउनलोड किया जायेगा। विशेष परिस्थितियों में निविदा डाउनलोड की तिथि/समय आदि में यदि कोई परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना ऑनलाइन /नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर उपलब्ध करा दी जायेगी।

रेनवाटर हार्वेस्टिंग कार्य का विवरण

क्र0 सं0	कार्य स्थल का विवरण: कार्य स्थल का नाम	ग्राम का नाम	विकास खण्ड का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रू0. लाख में)	धरोहर धनराशि 10% (रू0 लाख में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	निविदा मूल्य/ स्टेशनरी चार्ज (जी.एस.टी. सहित रूपेय में)
1	राजकीय हाई स्कूल पड़वनिया में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	पड़वनिया	घोरावल	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
2	श्री चन्द्रगुप्त मौर्य इ0का0 मधुपुर मे रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना कार्य	मधुपुर	करमा	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
3	पंचायत भवन पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना कार्य	मधुपुर	करमा	2.30	0.23	60 दिवस	860.00
4	प्राथमिक विद्यालय झपरी में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना कार्य	मधुपुर	करमा	2.30	0.23	60 दिवस	860.00
5	राजकीय हाई स्कूल सुकृत में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना कार्य	सुकृत	करमा	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
6	प्राथमिक विद्यालय बकाही में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना कार्य	बकाही	करमा	2.30	0.23	60 दिवस	860.00
7	रामगढ़ बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	ऐलाई, रैयॉ गोसाई	चतरा	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
8	पंचायत भवन पडरी खुर्द में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	पड़री खुर्द	चतरा	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
9	बहुउद्देशीय पंचायत भवन, सोढ़ा में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	सोढ़ा	चतरा	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
10	राजकीय बालिका हाई स्कूल चननी पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	चननी	कोन	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
11	प्राथमिक विद्यालय, चाँची खुर्द, कोन पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	चाँची खुर्द	कोन	2.48	0.25	60 दिवस	860.00
12	उ0प्रा0वि0 चाँचीकलां पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	चाँचीकलां	कोन	2.48	0.25	60 दिवस	860.00
13	राजकीय इंटर कालेज चपकी में जीव विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	चपकी	बभनी	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
14	पंचायत भवन पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	हथियार	बभनी	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
15	प्रा0वि0 पुलरवास और आंगनवाड़ी केन्द्र पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	हथियार	बभनी	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
16	कम्पोजिट विद्यालय जामपानी में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	जामपानी	म्योरपुर	2.65	0.27	60 दिवस	860.00
17	कम्पोजिट विद्यालय बलियरी में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	बलियरी	म्योरपुर	2.65	0.27	60 दिवस	860.00
18	प्राथमिक विद्यालय उतरीटोला बलियरी में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	बलियरी	म्योरपुर	2.32	0.24	60 दिवस	860.00
19	प्राथमिक विद्यालय नवाटोला में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	नवाटोला	म्योरपुर	2.32	0.24	60 दिवस	860.00
20	कम्पोजिट विद्यालय फाटपखना में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	फाटपखना	म्योरपुर	2.65	0.27	60 दिवस	860.00

उ.प्र.:- 260090
दिनांक:- 02.11.2026
(पवन कुमार सिंह) अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड, सोनभद्र
वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। ग्राहकी निकलने तथा हाजिर में माल की कमी के कारण काबली चना 500 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गया। दाल मिलों की मांग से दलहनों में चना-मूंग-उड़द-अरहर की कीमतों में 50/100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मांग बढ़ने तथा आपूर्ति कमजोर होने से सरसों व इसके तेल के भाव 50/100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। जबकि अखाद्य तेलों में मांग कमजोर होने से राइसफैटी की कीमतों में 100 रुपये की गिरावट रही। आवक कमजोर होने से गुड़-शक्कर की कीमतों में स्थिरता रही। जबकि मांग कमजोर होने से चीनी में कारोबार ढीला रहा। किराना जिंसों में मांग बढ़ने से बड़ी इलायची के भाव 20 रुपये तथा छोटी इलायची के भाव 50 रुपये प्रति किलो तेज हो गए। बिकवाली कमजोर होने से जीरे में भी 200 रुपये की सुर्खी रही। आयातकों की बिकवाली घटने तथा त्योहारी मांग निकलने से पिस्ते के भाव 50/100 रुपये तथा बादाम गिरी के भाव 20/25 रुपये प्रति किलो तेज हो गए। लू मांग बढ़ने तथा राइस मिलों की बिकवाली कमजोर होने से बासमती चावल के भाव 100 रुपये बढ़कर 1509 चावल सेला 8400/8500 तथा स्टीम 8600/8700 रुपये व बासमती 1718 सेला 9400/9500 तथा 1401 स्टीम के भाव 10000/10100 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। ग्राहकी निकलने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से जौ 110 रुपये बढ़कर 2840/2860 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। दाल मिलों की मांग बढ़ने तथा आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से उड़द 100/200 रुपये बढ़कर देसी 8200/9200 रुपये तथा रंगून एफएक्यू 9525/9550 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। बिकवाली कमजोर होने से मूंग भी 100 रुपये तेज होकर राजस्थान 8400/8700 रुपये प्रति क्विंटल हो गई।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त, लो.नि.वि., बलिया

पत्रांक:- 4733(i)/निविदा (नि.ख.मऊ)-बलिया वृत्त/2026 दिनांक:- 30.10.2026

ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)
(अल्पकालीन)

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद मऊ में निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के 'ए,बी, मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम 11 के अनुसार निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्रम सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरण:-

क्र स	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करनें की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
ग्रामीण मार्गों के नवनिर्माण/पुनर्निर्माण/मिसिंग लिंक निर्माण के स्वीकृत कार्य (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)										
1	मऊ	ग्रामसभा सौदी में चचाईपार नहर से खजूहा सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण का कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण लागत सहित)	निर्माण (83.00) + अनुरक्षण (2.48) कुल लागत 85.48	6.28	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+ जी. एस.टी. रू0 2590.00	06 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, मऊ	बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता आ0क्षे0, लो0नि0वि0, आजमगढ़	ए,बी

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-07.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-13.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि- 13.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-13.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्वरत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खालने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट-निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(राकेश कुमार) अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,मऊ
(राजेश चौधरी) अधीक्षण अभियन्ता बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.:- 260071
दिनांक:- 02.11.2026
वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
लिफ्ट सिंचाई निर्माण खण्ड
वरूणापुरम् सिगरा, वाराणसी-221010

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

संख्या:-01/अअ/एल.आई.सी.डी., वीएनएस/एल.टी. पैनल/बी.पी.सी./2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये पंजीकृत मूल निर्माता फर्मो अथवा उनके अधिकृत डीलर/चैनल पार्टनर जो राज्यों के उद्योग निदेशालय/भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय/राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम में निम्नलिखित कार्य हेतु मूल निर्माता के रूप में पंजीकृत हों, अथवा अनुभव प्राप्त 'ए' श्रेणी (यॉ0) अथवा उच्चतर श्रेणी में, सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से जिन्होंने संबंधित कार्य को पूर्व में कराया हो, मुहरबन्द निविदायें फर्म एवं फिक्सड् दरों पर दिनांक 30.11.2026 को अपरान्ह 16.00 बजे तक ऑन-लाईन ई-निविदायें, निर्धारित बिडफार्म यथा (1) तकनीकी बिड एवं (2) फाइनेंसियल बिड में आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 01.12.2026 को 15.30 बजे, जैसा की निम्नांकित है, खोली जायेगी। बिड जमा करने का विस्तृत विवरण ई-निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट की वेब-साइट http:// etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

जो बिडर्स, राज्य उद्योग निदेशालय/राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम में बिडिंग आइटम हेतु पंजीकृत नहीं है, उनको बिड सिक्यूरिटी (EMD) धनराशि, जो निम्नलिखित है, ई-निविदा पोर्टल पर डिजिटल रूप से जमा करना अनिवार्य होगा। जो बिडर्स, बिड सिक्यूरिटी (EMD) से छूट चाहते है, उनको सक्षम अधिकारी से निर्गत संबंधित उद्योग पंजीकरण प्रमाण-पत्र, छूट हेतु प्रार्थना-पत्र के साथ बिड खुलने के समय अथवा तिथि से पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उनकी बिड खोली नहीं जायेगी/विचार नहीं किया जायेगा।

अल्प

बाइकों की टक्कर, युवक की मौत



ज्ञानपुर। कोतवाली क्षेत्र के शिवरामपुर स्थित पेट्रोल पंप के सामने मंगलवार को दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार ज्ञानपुर कोतवाली क्षेत्र के पीपर गांव निवासी सूरज यादव (28) पुत्र किशोरी और विशाल (19) पुत्र विजयी किसी काम से दुल्हीपुर गांव गए थे। वहां से दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही शिवरामपुर पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रही प्रदीप की बाइक से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों घायलों को महाराजा चेतसिंह जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने सूरज यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं विशाल और प्रदीप की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद अन्यत्र रेफर कर दिया गया। सूरज के मौत की खबर मिलते ही परिवार के लोग और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के दो बेटे हैं। युवक की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। अस्पताल परिसर में परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया।

बाइकों की जोरदार टक्कर में दो घायल, एक गंभीर

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज संपर्क मार्ग पर बरी गांव में मंगलवार की सुबह दो बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस से दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लाया गया, जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद एक व्यक्ति को ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार हलिया कस्बा निवासी पवन त्रिपाठी 45 बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान बरी गांव के पास उनकी बाइक हथेड़ा गांव निवासी प्रदीप 20 की बाइक से टक्कर हो गई। जोरदार टक्कर में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. आलोक और डॉ. रीना ने उनका उपचार करते हुए पवन त्रिपाठी के सिर में गंभीर चोट को देख कर बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया। वहीं, दूसरे घायल प्रदीप का उपचार स्वास्थ्य केन्द्र पर चल रहा है। इस संबंध में डॉक्टर आलोक सिंह डॉक्टर रीना ने बताया कि एम्बुलेंस से स्वास्थ्य केन्द्र पवन त्रिपाठी 45 तथा प्रदीप 20 को घायल अवस्था में लाया गया था। उपचार किया गया है। पवन त्रिपाठी के सर में गंभीर चोट होने के कारण ट्रामा सेन्टर रेफर किया गया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

मड़िहान। सड़क पर दौड़ते वाहनों के बीच एक छोटी सी लापरवाही किसी परिवार की खुशियां छीन सकती है। मड़िहान तहसील से आगे धर्मकांटा के पास एक बार फिर सड़क हादसे ने लोगों को झकझोर दिया। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार छत्तीसगढ़ निवासी दो युवक घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस टीम ने आशीष यादव के नेतृत्व में दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार कराया गया। घायलों की पहचान छत्तीसगढ़ निवासी सुरेश यादव (28) पुत्र अनिल यादव तथा रायबहादुर सिंह (30) के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों युवक मिर्जापुर में रहकर आर्केस्ट्रा पार्टियों के लिए डांसर उपलब्ध कराने का काम करते हैं। दोनों बाइक से अपने घर से मिर्जापुर के लिए निकले थे। मड़िहान तहसील से आगे बढ़ते ही धर्मकांटा के पास वाहनों की भीड़ के बीच हादसे का शिकार हो गए। अचानक हुई दुर्घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। धर्मकांटा के आसपास सड़क पर वाहनों की लंबी कतार और अव्यवस्थित आवागमन लंबे समय से हादसों की आशंका बढ़ा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पिछले दो वर्षों में यहां कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इन हादसों में तीन परिवारों के चिराग हमेशा के लिए बुझ चुके हैं। किसी ने अपना बेटा खोया तो किसी के घर का सहारा छिन गया। हर हादसे के बाद कुछ दिनों तक चिंता और कार्रवाई की चर्चा होती है, लेकिन समय बीतते ही सब कुछ पहले जैसा हो जाता है। पूर्व में लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बाद पुलिस प्रशासन की ओर से धर्मकांटा हटवाने के लिए सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था।

नीट में चयन से पहले छात्रा की मौत

कठवामोड़ गाजीपुर। नोनहरा थाना क्षेत्र के थनईपुर गांव निवासी इंजीनियर देवराज शर्मा की 20 वर्षीय बेटी रीतू शर्मा की प्रयागराज के झूंसी स्थित त्रिवेणीपुरम कॉलोनी में सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रीतू नीट की तैयारी कर रही थी। पुलिस को उसके कमरे से चार पन्नों का सुसाइड नोट मिला है, जिसमें नीट में सफलता नहीं मिलने का जिक्र बताया जा रहा है। विडंबना यह रही कि छात्रा की मौत के बाद सोमवार शाम जारी नीट के परिणाम में उसका चयन सोनभद्र मेडिकल कॉलेज में हो गया। इस खबर के बाद थनईपुर गांव सहित पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, देवराज शर्मा प्रयागराज के झूंसी स्थित त्रिवेणीपुरम कॉलोनी में मकान बनवाकर परिवार के साथ रहते हैं।

सरयू की कटान में समाया एक और मकान, मुहाने पर विद्यालय



बैरिया (बलिया)। सुरेमनपुर दियरांचल में सरयू नदी का कटान लगातार तबाही मचा रहा है। गोपालनगर टांड़ी में पिछले पांच वर्षों के दौरान करीब 300 मकान नदी में समा चुके हैं। अब मंगलवार को वशिष्ठ नगर में भी सरयू नदी ने एक मकान को अपने आगोश में ले लिया। गोरखनाथ यादव का मकान कटान की जद में आने के बाद नदी में विलीन हो गया। वहीं गोपालनगर व वशिष्ठ नगर में 22 मकान कटान के मुहाने पर हैं, जो कभी भी नदी में समा सकते हैं। वहीं दूसरी ओर भूपनाथ के डेरा स्थित प्राथमिक विद्यालय के भवन की एक दीवार कटान के चलते सरयू नदी में धराशायी हो गई है। विद्यालय का पूरा भवन भी कभी नदी में समा सकता है। खतरे को देखते हुए शिक्षा विभाग ने विद्यालय के बच्चों को दूसरे विद्यालय से संबद्ध कर दिया है। वशिष्ठ नगर में दीनानाथ यादव, संजय यादव, मंजय यादव, वीरेंद्र प्रसाद, शिवकुमार प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, मंटू यादव, गोरख यादव, बबन यादव, गुड्डू यादव, राहुल यादव, सुनील यादव, राजकुमार यादव, लालजी यादव आदि का मकान कटान के मुहाने पर हैं। खतरे को देखते हुए संबंधित परिवारों ने अपने घरों को खाली करना शुरू कर दिया है। लगातार हो रहे कटान से पूरे दियरांचल में भय और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि इतनी बड़ी तबाही के बावजूद स्थानीय प्रशासन कटान रोकने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठा रहा है। प्रदीप यादव, सुनील यादव, राज रोशन यादव, राज प्रताप यादव और अधिवक्ता चंद्रशेखर यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी बलिया, सांसद सनातन पांडेय और विधायक जयप्रकाश अंचल का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराते हुए तत्काल कटानरोधी कार्य शुरू कराने की मांग की है।

कटान स्थल का अधिकारियों ने लिया जायजा

बांसडीह (बलिया)। महाराजपुर नाहर छपरा में सरयू नदी का कटान जारी है। नदी किनारे की जमीन कट रही है और अब आबादी पर भी खतरा मंडरा रहा है। सोमवार को ग्रामीणों ने बांसडीह तहसील का घेराव किया। इसके बाद मंगलवार सुबह बाढ़ विभाग की टीम नाव से कटान वाले इलाके में पहुंची। अधिशासी अभियंता संजय मिश्रा के निर्देश पर सहायक अभियंता आकाश यादव, ग्राम प्रधान मुनीब यादव और ग्रामीणों ने कटान वाले इलाके का जायजा लिया। सोमवार को पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के संयोजक नागेंद्र बहादुर सिंह झुन्नू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसील का घेराव किया था।

वाराणसी समाचार

डीएवी के विद्यार्थियों को मिलेगा एआई और क्लाउड कंप्यूटिंग का प्रशिक्षण

डीएवी के विद्यार्थियों को मिलेगा एआई और क्लाउड कंप्यूटिंग का प्रशिक्षण डीएवी पीजी कॉलेज में छात्रों को स्किल इण्डिया के तहत अब एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग और नेटवर्किंग का प्रशिक्षण मिलेगा। मंगलवार को इस बाबत कॉलेज और नेटवर्किंग कंपनी माइंडटेक इन्फोट्रेन लिमिटेड (जेटकिंग की फ्रेंचाइजी) के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। आइक्यूएसी के अंतर्गत हुए इस एमओयू के जरिये अब डीएवी के स्नातक के विद्यार्थियों को एआई से जुड़े सभी टूल्स, सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण मिलेगा साथ ही साथ क्लाउड कंप्यूटिंग और नेटवर्किंग का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। आइक्यूएसी की समन्वयक डॉक्टर पारुल जैन ने बताया कि एआई समय की मांग है और हमारे विद्यार्थियों को उसकी तकनीक से अवगत कराने के लिए यह एमओयू किया गया है, इसका लाभ यह होगा कि दोनों संस्थान समय समय पर वर्कशाप के माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षण देंगे, इसके अलावा इस प्रशिक्षण के आधार पर प्लेसमेंट के भी बहुत सारे रास्ते खुल जायेंगे। एमओयू पर कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर मिश्रीलाल एवं माइंडटेक इन्फो के वाराणसी यूनिट के निदेशक मयंक सिंह ने हस्ताक्षर किए। प्रबन्धक अजीत कुमार सिंह यादव ने एमओयू पर हर्ष जताया और इसे छात्रों के स्किल डेवलपमेंट के लिए आवश्यक बताया। इस मौके पर माइंडटेक इंफ्राट्रेन की ओर से दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। संयोजन डॉक्टर शान्तनु सौरभ और स्वागत नजम उज्ज जमान ने किया।



शोध प्राविधि पर दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

डीएवी पीजी कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित सामाजिक विज्ञान में शोध प्राविधि पर दो दिवसीय कार्यशाला का मंगलवार को समापन हुआ। दूसरे दिन मुख्य वक्ता मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉक्टर अखिलेन्द्र कुमार सिंह एवं विशिष्ट वक्ता अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉक्टर सिद्धार्थ सिंह ने प्रतिभागियों को शोध के विभिन्न टूल्स और तकनीक से अवगत कराया। उन्होंने शोध में आवश्यक प्राथमिक और द्वितीयक स्त्रोत पर भी प्रकाश डाला। स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति सुचरिता नन्दा, विषय प्रवर्तन डॉक्टर प्रतिमा गुप्ता एवं धन्यवाद डॉक्टर प्रियंका सिंह ने दिया। संचालन छात्र प्रियरंजन माथुर ने किया। इस मौके पर डॉक्टर रविशंकर राज, डॉक्टर गौरव मिश्रा, शेखर गुप्ता, सुहानी जैन आदि उपस्थित रहे।

पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को कराया भोजन, बांटी मिठाई

चेतगंज स्थित फूड बैंक वाराणसी में स्वर्गीय चंद्रभाल प्रताप सिंह उर्फ बच्चा बाबू एवं स्वर्गीय मालती सिंह की पुण्यतिथि पर सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रभु नारायण डिग्री कॉलेज, चोलापुर के प्रबंधक शुभम सिंह की ओर से गरीबों और निराश्रितों को भोजन एवं मिष्ठान वितरित किया गया।इस अवसर पर एडवोकेट आलोक कुमार सिंह, रीता सिंह, कंचन सिंह, बीना सिंह, राजवीर सिंह, ओजस सिंह, तेजस सिंह, समृद्ध सिंह राजपूत एवं प्रथम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। फूड बैंक की ओर से डॉक्टर दीनानाथ, डॉक्टर अनामिका, दीपक सेठ, रौशन सेठ, राहुल राय, सुयश अग्रवाल, दीपक जायसवाल, विनोद कुमार, आशीष नारायण एवं मंजीत जायसवाल ने सहयोग किया।



रुपये हड़पने का आरोप

चोलापुर थाना क्षेत्र के बनियापुर में जमीन बेचने के नाम पर ९.५० लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पांडेयपुर निवासी इंदू देवी ने पुलिस आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। आरोप है कि बनियापुर निवासी आरोपी ने १३६० वर्गफीट जमीन का सौदा कर वर्ष २०२२ से २०२५ के बीच बैंक और नकद माध्यम से २१.५० लाख रुपये लिए, लेकिन केवल ६८० वर्गफीट जमीन का बैनामा किया। शेष जमीन और रकम मांगने पर १७ अक्टूबर को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत पर चोलापुर पुलिस ने उनका बयान लिया और बैंक संबंधी साक्ष्य देखे बिना ही 31 अक्टूबर को आईजीआरएस पर निस्तारण आख्या लगा दी। पीड़िता ने तीन नवंबर को दोबारा पुलिस आयुक्त से शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई है।

रेलवे कालोनी में दस कमरों के ताले तोड़कर चोरी



पड़री। डगमगपुर रेलवे कॉलोनी में बीती रात चोरों ने एक ही रात में करीब 10 कमरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर एक बाइक, हजारों रुपये के आभूषण और अन्य सामान लेकर फरार हो गए।चोरो द्वारा एक साथ कई रेलकर्मियों के आवासों को निशाना बनाए जाने से कॉलोनी में हड़कंप मचा हुआ है। घटना से रेलवे कर्मचारियों में दहशत है। जानकारी के अनुसार, चोरों ने रेलवे कॉलोनी के विभिन्न ब्लॉकों में स्थित रेलकर्मियों के कमरों के दरवाजों के ताले तोड़ दिए। कुछ दरवाजों की कुंडी काटकर चोर अंदर घुसे और सामान समेटकर फरार हो गए। चोरी की घटना

सात रेलकर्मियों के छुट्टी पर होने का चोरो ने उठाया फायदा

स्टेशन मास्टर शशि शंकर, स्टेशन मास्टर देवदत्त राज, पोर्टर सरजू प्रसाद, पोर्टर रंजन कुमार, ट्रैक मेंटेनर राकेश बिंद, कीमैन छोटेलाल, एएसएम इलेक्ट्रिशियन संजय कुमार यादव, कमलेश कुमार, गौतम कुमार और उपेंद्र कुमार के कमरों में हुई बताई जा रही है। बताया गया कि जिन 10 कर्मचारियों के कमरों के ताले तोड़े गए, उनमें से सात कर्मचारी छुट्टी पर थे। कर्मचारियों के अनुसार, चोरों ने बंद कमरों को निशाना बनाकर वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी होने पर कॉलोनी के कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। स्टेशन मास्टर शशि शंकर ने बताया कि जिन कमरों के ताले तोड़े गए थे, उन्हें दोबारा बनवा दिया गया है। चोरी की घटना के संबंध में स्टेशन मास्टर शशि शंकर और ट्रैक मेंटेनर राकेश कुमार बिंद पड़री थाने पहुंचे। रेलकर्मियों का आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। हालांकि, इस संबंध में पुलिस का आधिकारिक पक्ष नहीं मिल सका है।

हाईकोर्ट के दो स्टेनो भाइयों के बंद मकान में भीषण चोरी

मीरजापुर। चील्ह थाना क्षेत्र के चकसारी पोस्ट मुजेहरा कला क्षेत्र में बंद पड़े मकान में भीषण चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने मकान के मुख्य गेट का दरवाजा और ताला तोड़कर घर में रखे लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार मूल रूप से चेकसारी का निवासी है, लेकिन दोनों भाई हाईकोर्ट में स्टेनो पद पर कार्यरत होने के कारण बाहर रहते हैं। इनके पिता भी इलाहाबाद हाईकोर्ट में रजिस्टर पद पर थे। जानकारी के अनुसार, यह मकान दो भाइयों का है। बड़े भाई विनोद कुमार पांडे उर्फ पिंटू जो पटना हाईकोर्ट बिहार में स्टेनो के पद पर कार्यरत हैं और छोटे भाई पंकज पांडे पुत्र चक्रर पांडे इंदौर हाईकोर्ट में स्टेनो पद पर कार्यरत हैं। विगत कई वर्षों से दोनों भाई नौकरी के कारण बाहर ही रहते हैं। मकान अधिकांश समय बंद रहता है। बताया जा रहा है कि लगभग 20 दिन पहले उनकी माताजी घर पर आई हुई थीं। उस समय घर में सब कुछ ठीक-ठाक था और ताला बंद कर वे वापस चली गई थीं। माता के जाने के करीब 20 दिन बाद चोरों ने सुनसान देखकर वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने मुख्य गेट का दरवाजा और ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया और अलमारी, बक्सा आदि तोड़कर लाखों के जेवरात, कपड़े और कीमती सामान चोरी कर ले गए। इस घटना की सूचना पड़ोस में रहने वाली एक महिला और उनके चचेरे भाई दीपक पांडे ने टेलीफोन के माध्यम से दी।

ट्रैक्टर की चपेट में आये साइकिल सवार की मौत

तेजीबाजार। हैदरपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने साईकिल सवार रामलाल सरोज पुत्र भूडे उम्र लगभग 45वर्ष को रौंदते हुए सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई वही मौके पर ही साईकिल सवार अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गयी, वही पैदल जा रहे स्थानीय निवासी रजनीश यादव पुत्र देवराज ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल हो गये थानाध्यक्ष सतेंद्र भाई पटेल ने घायल का बयान लेकर उसे हॉस्पिटल भेजवा दिया। मौके पर उपस्थित प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो ट्रैक्टर की रफ्तार बहुत तेज थी साईकिल सवार व्यक्ति को कुचलते हुए पेड़ से टकराकर खड़ी हो गई, स्थानीय विशाल गौड़ ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना, लिखापढ़ी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष सतेंद्र भाई पटेल ने बताया कि लिखापढ़ी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है मृतक की साईकिल थाने पर ले आया गया और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया हैं।

रिश्वत मांगने के आरोप में दरोगा निलंबित

अनपरा(सोनभद्र)। मनुआर निवासी सूरज भारती ने दरोगा पर 35 हजार रुपये रिश्वत लेने और धमकाने के मामले अनपरा थाने के उपनिरीक्षक अशोक सिंह को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। उनके ऊपर आरोप। छेड़खानी के मुकदमे में अनुचित कार्रवाई करने और फंसाने की धमकी देने का भी आरोप था तथा कथित बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद गरमाया मामला और मुख्यमंत्री समेत पुलिस के उच्चाधिकारियों से की शिकायत पर गई थी। शिकायत और वायरल वीडियो के बाद पुलिस विभाग ने की कार्रवाई तथा सीओ पिपरी हर्ष पांडेय ने दरोगा के निलंबन की पुष्टि की। पूरे प्रकरण की जानकारी जुटाई जा रही है। अनपरा थाने में तैनात उपनिरीक्षक अशोक सिंह पर निलंबन की गाज गिरी है।

किसान की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

मड़िहान। मरचा गांव निवासी 58 वर्षीय राजाराम गौड़ की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। अचानक तबीयत बिगड़ने से परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल अधीक्षक डाक्टर आरएस वर्मा ने देखते ही बताया कि इनकी सांसें थम गईं है। घटना से परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जिस घर में कुछ समय पहले तक सामान्य दिनचर्या चल रही थी, वहां अचानक मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

टेंट हाउस के गोदाम में लगी आग, लाखों का सामान जला

करमा(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव में सोमवार की रात करीब 9 बजे शॉर्ट सर्किट से डेकोरेशन टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लग गई। हादसे में गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। डेहरी कसया कला निवासी संदीप मौर्या की भैरोपुर में हर हर महादेव डेकोरेशन टेंट हाउस के नाम से दुकान व गोदाम है। सोमवार की रात अचानक गोदाम में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई और देखते ही देखते आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। पीड़ित दुकानदार संदीप मौर्या ने बताया कि आग में टेंट, कुर्सियां, कूलर, पंखे, लाइट-डेकोरेशन समेत सारा सामान जल गया है। इस अग्निकांड में करीब 10 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

छात्र की मौत के मामले में तीन शिक्षक गिरफ्तार

गड़वार (बलिया)। कनैला गांव स्थित नवीन पोखरा हरिजन बस्ती के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार के छात्र अरशद की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने तीन शिक्षकों को गिरफ्तार कर लिया। मृतक के बड़े भाई मोहम्मद सलमान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बाद मंगलवार को पुलिस ने वांछित आरोपी सहायक अध्यापक विजयशंकर, अनिल कुमार और शिक्षामित्र दीपचंद्र राम को गिरफ्तार कर लिया। उप निरीक्षक ओमप्रकाश यादव ने पुलिस टीम के साथ तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय चालान कर दिया।

डंफर की चपेट में आने से युवक की मौत, चाचा घायल

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के शास्त्री ब्रिज पर आज मंगलवार सुबह डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसके चाचा घायल हो गए। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार वाजिदपुर दक्षिणी, थाना लाइन बाजार निवासी सुधांशु शर्मा (28) पुत्र रतन शर्मा मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे अपने चाचा शरद कुमार शर्मा को बाइक पर बैठाकर उनकी बेटी की शादी का कार्ड बांटने खासनपुर मोहल्ले गए थे। कार्ड बांटकर दोनों घर लौट रहे थे। इसी दौरान शास्त्री ब्रिज पर सामने से आ रहे डंपर की चपेट में आने से बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में ऑटो की व्यवस्था कर दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सुधांशु शर्मा को देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं उनके चाचा शरद कुमार शर्मा घायल हो गए। बताया जाता है कि शरद कुमार शर्मा की बेटी की शादी आगामी 21 नवंबर को होनी थी। इसी शादी का निमंत्रण कार्ड बांटकर सुधांशु घर लौट रहे थे, लेकिन रास्ते में हुए हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। घटना की सूचना मिलते ही लाइन बाजार थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

पारिवारिक बंटवारा में महिला को पीटा

जमानियां,गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के मच्छरमारा गांव में मंगलवार को पारिवारिक बंटवारे को लेकर हुई खूनी झड़प में मनबढ़ों ने 35 वर्षीय धनौती देवी पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण महिला मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ी। ग्रामीणों के जुटते ही लोग फरार हो गए। परिजन घायल महिला को अचेत अवस्था में कोतवाली लाए, जहां से पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवाया। पीड़ित पक्ष ने 4-5 लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

खाद के लिए किसानों की उमड़ी भीड़, मजबूर हुए अन्नदाता

मड़िहान। खरीफ फसल की कटाई-मड़ाई के बीच अब रबी की बुआई का दौर शुरू हो गया है। ऐसे में खेतों में समय से बुआई और अच्छी पैदावार की उम्मीद लगाए किसान खाद के लिए परेशान हैं। मड़िहान कस्बा स्थित इफको बाजार गोदाम पर उर्वरक लेने के लिए किसानों की भारी भीड़ जुट रही है। निर्धारित मात्रा में खाद मिलने के बावजूद किसानों को बार-बार गोदाम का चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे उनकी परेशानी बढ़ती जा रही है। किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए चेयरमैन डाक्टर जगदीश सिंह ने इफको बाजार पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद वितरण की व्यवस्था देखी और मौजूद किसानों से उनकी समस्याएं जानीं। किसानों ने बताया कि प्रति एकड़ एक बोरी उर्वरक दिया जा रहा है, लेकिन खाद लेने के लिए कई बार आना पड़ता है। खेती के महत्वपूर्ण समय में खाद के लिए घंटों इंतजार करना किसानों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहा है। इस पर चेयरमैन ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगा। उन्होंने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर इफको बाजार में अतिरिक्त स्टाफ तैनात कराने की बात कही, ताकि खाद वितरण में तेजी आए और किसानों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। खेती-किसानी का समय किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। मौसम के साथ तालमेल बैठाकर समय से बुआई करना उनकी मजबूरी भी है और उम्मीद भी। ऐसे में खाद के लिए बार-बार चक्कर लगाना उनकी मेहनत और समय दोनों पर भारी पड़ रहा है। किसानों को उम्मीद है कि निरीक्षण के बाद व्यवस्था में सुधार होगा और उन्हें समय से उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा।



बिहार समाचार

एटीएम कटिंग मामले का उद्भेदन, रोहतास पुलिस ने हरियाणा के दो शातिरों को दबोचा

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। पुलिस ने कोचस और सासाराम नगर थाना क्षेत्र में हुए एटीएम मशीन कटिंग मामले का सफल उद्भेदन किया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने बताया कि इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 35 वर्षीय मुकीम पिता गफूर खां, वैसी, थाना नुह सदर और 32 वर्षीय मुनफेद पिता हबीब, पटुका साहसला, थाना सदर ताबहू, जिला नुह मेवात, हरियाणा के रूप में हुई है। कोचस थाना कांड संख्या 152/26 और सासाराम नगर थाना कांड संख्या 744/26 के अनुसंधान के क्रम में दोनों को पकड़ा गया। घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी संख्या बी6-टी0126एच आर3958बीए भी बरामद की गई है।पूछताछ में अभियुक्तों ने बक्सर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में भी एटीएम कटिंग की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने अभियुक्त के घर पर चिपकाया इश्तिहार

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। डालमियानगर थाना कांड संख्या 190/2026 के फरार चल रहे अभियुक्तों के घर पर पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया और तत्काल आत्मसमर्पण करने की सलाह दी। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि अभियुक्तों ने तत्काल न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो कुर्की जप्ति की कारवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि विगत 6 सितंबर 2026 को कोल डिपो, भेड़िया स्थित गलैक्सि सिनेप्लेक्स में मारपीट एवं जानलेवा हमले के नामजद अभियुक्त शुभम कुमार एवं मनु रंजन दोनों पिता सुमंत्र सिंह तथा जॉनी सिंह पिता बबलू सिंह सभी ग्राम भेड़िया ,थाना डालमियानगर पिछले दो माह से फरार चल रहे हैं। पुलिस ने कई बार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की लेकिन अभियुक्त गण पुलिस को चकमा देने सफल रहे हैं। अब पुलिस ने अदालती कार्यवाही करते हुए इश्तेहार लेकर अभियुक्तों के घर पर चिपका दिया है ।

गृहभेदन के आरोप में सात गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। जिले में चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाते हुए रोहतास पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए गृहभेदन के मामले में सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कारवाई रोहतास थाना कांड संख्या 305/26 ,1नवंबर.26 के आधार पर की गई।पुलिस मुख्यालय के अनुसार सूचना के आधार पर छापेमारी कर सभी आरोपियों को चोरी के सामान के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान गोविंद कुमार पिता कमलेश पासवान, गोविंद कुमार पिता स्व. गंगा दयाल शाह, नौशाद अली पिता नाजीर मंसूरी, अभिषेक कुमार पिता अनिल सिंह, गुड्डू कुमार पिता सुनील साह, सनोज कुमार पिता लक्ष्मण सिंह और जयराम सिंह पिता राम इकबाल सिंह के रूप में हुई है। सभी सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के निवासी हैं।इनके पास से बड़ा गैस सिलेंडर 1, छोटा सिलेंडर 1, सिंगल गैस चूल्हा 1, स्टील थाली 21, कुकर 1, मिक्सी मशीन 1, 25 किलो चावल, फैन, स्टैंड फैन, गिलास, चम्मच, कटोरा, टिफिन, केन पीस सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस अग्रतर कारवाई में जुटी है।

पूर्णमासी जी की योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता बबन सिंह

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। कुशवाहा सभा भवन, डेहरी के पूर्व सचिव स्वर्गीय पूर्णमासी सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय पूर्णमासी सिंह के ज्येष्ठ पुत्र प्रो. प्रमोद कुमार द्वारा उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद कुशवाहा सभा भवन के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज: 3**,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ: 1**,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022470
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे
शुद्धि पत्र
'ई-निविदा सूचना सं०- DYCE-CON-GD-06-2026 Closing date 18.11.2026 के सम्बन्ध में Reply of 1st Pre Bid Meeting एवं Corrected Tender Document को वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इस सूचना का शुद्धि पत्र http://ireps.gov.in वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।'
उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/गोण्डा
मुजाधि/डब्लू - 400
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पहले रामभक्तोंपर चलती थीं गोलियां, आज पुष्पवर्षा से होता है स्वागत

पीलीभीत (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में प्रज्वलित होने वाला एक-एक दीप पूरे उत्तर प्रदेश की समृद्धि और विकास का कारण बनता है। दीपोत्सव में जलने वाले दीप केवल भगवान श्रीराम के आगमन की स्मृति को जीवंत नहीं करते, बल्कि प्रदेश की प्रगति, खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य का भी प्रतीक हैं। आस्था भारत की सबसे बड़ी ताकत है। इसी आस्था ने विविधताओं से भरे देश को एकता के सूत्र में बांध रखा है। उन्होंने कहा कि पहले रामभक्तों पर लाठियां और गोलियां चलती थीं, आज उन पर पुष्पवर्षा होती है। पहले सवाल था कि रामलला टेंट से कब निकलेंगे, आज भव्य मंदिर में लाखों श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को जनपद पीलीभीत के निरानपुर गांव में ब्रह्मलीन महंत योगी शांतिनाथ की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने परिसर में स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण



किया। साथ ही उन्होंने पवित्र व्यास पीठ पर विराजमान श्री राम कथा के व्यास पूज्य संत अंजनी शरण जी को वस्त्र और फल भेंटकर सम्मानित किया और श्रद्धापूर्वक रामकथा का श्रवण किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में करीब 200 देश हैं। सबकी अपनी विशेषताएं, पहचान, चुनौतियां और उपलब्धियां हैं। कहीं हजारों की आबादी है तो कहीं लाखों और करोड़ों में जनसंख्या है। 50 करोड़ से अधिक आबादी वाले देशों में भारत और चीन शामिल हैं। यूरोप एक दिखाई देता है लेकिन वहां भी अलग-अलग राजनीतिक इकाइयों वाले अनेक देश हैं। इसके विपरीत भारत में उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक रूप-रंग, बोली और भाषा की विविधता होने के बावजूद पूरा देश एक भाव और एक भंगिमा के साथ एकता के सूत्र में बंधा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच सौ वर्षों तक रामजन्मभूमि की मुक्ति के लिए आस्था बिना रुके, बिना डिगे और बिना पीछे हटे संघर्ष करती रही। अंतत: जब पूरा भारत एक स्वर में खड़ा हुआ तो अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने दो नवंबर 1990 की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दिन अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलाई गई थीं और सैकड़ों रामभक्त घायल हुए थे। उस समय अयोध्या में जय श्रीराम बोलने और रामभक्तों के आने तक पर प्रतिबंध था।

रेजॉन सोलर दिसंबर 2026 में शुरू करेगी 5.1 गीगावाट टॉपकॉन सेल फैक्टरी

नयी दिल्ली (आससे)। रेजॉन सोलर लिमिटेड दिसंबर 2026 में 5.1 गीगावाट क्षमता वाली टॉपकॉन सोलर सेल निर्माण इकाई शुरू करने जा रही है। कंपनी का लक्ष्य इस परियोजना के जरिए अपनी विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के साथ भारत में घरेलू सोलर सप्लाई चेन को मजबूत करना है। कंपनी के अनुसार, गुजरात में स्थापित होने वाली इस सुविधा में सोलर सेल का उत्पादन किया जाएगा। इसके बाद 2027 की पहली तिमाही में पहली खेप बाजार में उतारने की योजना है। कंपनी भविष्य में 5.1 गीगावाट की शॉट-कार्टिंग और वेफर स्लाइसिंग सुविधा भी विकसित करेगी, जिसे 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है। रेजॉन सोलर के सह-संस्थापक हार्दिक कोठिया ने कहा कि कंपनी अत्याधुनिक तकनीक के जरिए घरेलू विनिर्माण क्षमता बढ़ाने, आयात पर निर्भरता कम करने और वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

जयपुर में 35 हजार लीटर संदिग्ध घी मिलने पर फैक्टरी सीज

जयपुर (एजेंसी)। त्योहारी सीजन में मिलावटखोरी के खिलाफ चलाये जा रहे 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जयपुर में बड़ी कारवाई को अंजाम दिया। खाद्य सुरक्षा टीम ने हिमालय डेयरी प्रोडक्ट्स की घी निर्माण एवं पैकेजिंग फैक्टरी पर औचक निरीक्षण करते हुए छापा मारा। निरीक्षण के दौरान फैक्टरी परिसर में करीब 35 हजार लीटर संदिग्ध घी पाया गया। इस गंभीर अनियमितता और खामियों को देखते हुए अधिकारियों ने पूरी फैक्टरी को तुरंत प्रभाव से सीज कर दिया। कार्रवाई के समय फैक्टरी में खाद्य लाइसेंस भी प्रदर्शित किया हुआ नहीं मिला।

आजम खां के बाद अब परिजन पर कसेगा ईडी का शिकंजा

आगरा (एजेंसी)। मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में सपा नेता आजम खां की गिरफ्तारी के बाद अब ईडी जौहर ट्रस्ट से जुड़े अन्य सदस्यों की कुंडली खंगालने में लगी है। ट्रस्ट में सपा नेता आजम खां की पत्नी, दोनों बेटे और बहन भी शामिल हैं। ऐसे में ईडी की कार्रवाई आगे बढ़ने पर आजम परिवार की मुसीबत और बढ़ सकती है। ईडी की ओर से 13 अक्तूबर को अजीम नगर थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में जौहर ट्रस्ट को शामिल किया गया है जिसके माध्यम से यूनिवर्सिटी का निर्माण कराया गया है। निजी विश्वविद्यालय में सरकारी धन का उपयोग हो या फर्जी फर्मों से चंदा लेने की बात, सब कुछ इसी ट्रस्ट के जरिये किया गया है। ऐसे में ट्रस्ट में शामिल सभी सदस्यों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। आजम खां ने 1990 में मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट गठित किया था। वह खुद ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष बने थे जबकि पत्नी तजीन फातिमा सचिव, बहन निकहत अफलाक कोषाध्यक्ष और दोनों बेटे अदीब व अब्दुल्ला को सदस्य बनाया था। इनके अलावा मुश्ताक अहमद सिद्दीकी उपाध्यक्ष, चमरौवा के सपा विधायक



नसीर अहमद खां संयुक्त सचिव और सलीम कासिम को सदस्य के रूप में रखा गया। ट्रस्ट के कुल नौ लोगों में पांच आजम खां के घर के ही सदस्य हैं। ईडी का आरोप है कि शेष चार लोग डमी के रूप में ही ट्रस्ट में शामिल किए गए थे। आजम खां और अब्दुल्ला कई मामलों में अभियुक्त बनाए गए हैं। फिलहाल वह जमानत पर जेल से बाहर हैं। आजम के परिवार में सिर्फ उनके बड़े बेटे अदीब और बहन निकहत अफलाक ही बचे हैं जो अब तक किसी मामले में दोषी नहीं ठहराए गए हैं। दो जन्म प्रमाणपत्र मामले में सजा सुनाए जाने के बाद आजम खां ने जौहर ट्रस्ट से अपना, पत्नी और छोटे बेटे का नाम हटा लिया है। नई कार्यकारिणी में उनकी बहन निकहत अध्यक्ष हैं जबकि, बेटा अदीब सचिव हैं। इनके अलावा मुश्ताक अहमद सिद्दीकी, नसीर अहमद खां, जावेद उर रहमान खान, मुमताज बी व शहरेयार सलीम भी शामिल हैं। ईडी की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी में विश्वविद्यालय के निर्माण में सरकारी धन के दुरुपयोग, कमीशनखोरी और बिना हिसाब के चार सौ करोड़ खर्च करने के जो आरोप लगे हैं, उनके संबंध में दस्तावेजी साक्ष्य भी मौजूद हैं।

शेष

विधानसभा...

चुनावी जीत-हार पर निर्भर नहीं करता। सपा सभी सीटें जीत भी जाए, तब भी ईवीएम के खिलाफ रहेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनता के मताधिकार की सुरक्षा बेहद जरूरी है।अखिलेश ने दालमंडी के उजाड़े गए व्यापारियों और मणिकर्णिका घाट की विरासत का मुद्दा उठाते हुए इसे विधानसभा चुनाव में प्रमुख मुद्दा बताया। दावा किया कि भाजपा 2027 में अपने 200 विधायकों के टिकट काटने जा रही है। उन्होंने योगी सरकार पर प्रशासन के जरिए सपा प्रत्याशी को हराने की कोशिश का आरोप भी लगाया। प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि मां गंगा ने जिसे बुलाया था, उन्होंने ही मां गंगा को भुला दिया। बोले, भाजपा जाएगी तो बनारस मुस्कुराएगा।

सफल परीक्षण.

में तबाह करना। पहले एक लॉन्चर (एक टारगेट, अब एक लॉन्चर) दो टारगेट। तकनीकी रूप से साल्वो टेस्ट सबसे मुश्किल माना जाता है। दो मिसाइलों की एग्जॉस्ट प्लम एक-दूसरे को डिस्टर्ब करती है। छत्रछह ने इसे कर दिखाया, इसका मतलब सिस्टम अब यूजर-रेडी है, सिर्फ लैब-रेडी नहीं। लागत और असर के रूप से एक प्रलय मिसाइल की कीमत ब्रह्मोस से 60ब कम, लेकिन रनवे तबाह करने की क्षमता लगभग बराबर। इसलिए सेना इसे बड़ी संख्या में बॉर्डर पर तैनात कर सकती है- क्वांटिटी और क्वालिटी दोनों। सेना ने इसे खास तौर पर पश्चिमी और उत्तरी बॉर्डर के लिए मांगा था। डीएसी ने 120 मिसाइलों की खरीद को हरी झंडी दे दी है।

प्रदर्शन स्थलपर...

कि जुलाई में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) को एक दिन के प्रदर्शन की अनुमति दी गई थी, लेकिन संगठन 17 दिनों तक वहां डटा रहा। इसके बाद बिना अनुमति संसद की ओर मार्च किया गया। उन्होंने कहा कि संसद देश की संप्रभुता का प्रतीक है और बिना अनुमति संसद या सुप्रीम कोर्ट तक मार्च कर प्रदर्शन करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

नदियोंकी गाद...

उपयोग का अवसर मिलता है। उन्होंने गंगा के दोनों किनारों पर फोरलेन सड़क बनाने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री के अनुसार, गाद निकासी से लगभग एक लाख एकड़ नई भूमि उपलब्ध होने की संभावना है। इसका उपयोग गंगा किनारे आवासीय कॉलोनियां विकसित करने में किया जा सकता है। राज्य में 80 हजार एकड़ भूमि पर 12 नए टाउनशिप, 10 हवाई अड्डे और 32 मेडिकल कॉलेज विकसित किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं में भी गाद का उपयोग किया जाएगा। बिहार में एनएचएआई की 58,340 करोड़ रुपये की लागत वाली 39 परियोजनाएं (1,561 किलोमीटर) निर्माणाधीन हैं, जबकि 1,85,200 करोड़ रुपये की लागत से 11 नई परियोजनाएं (1,982 किलोमीटर) प्रस्तावित हैं।

दवाओं...

मंजूरी दी जाएगी। इस विस्तार से आयातकों को अपने विनिर्माण और वितरण केंद्रों के नजदीक ही सामान प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। इससे न केवल देश के भीतर परिवहन की दूरी और समय घटेगा, बल्कि लॉजिस्टिक्स का खर्च भी कम होगा। मंत्रालय ने इस ड्राफ्ट अधिसूचना पर आम जनता और हितधारकों से आपत्तियां व सुझाव मांगे हैं।

नेपाल...

पुलिस निरीक्षक मौसम तामांग ने बताया कि दुर्घटना के बाद हेलीकॉप्टरों में आग नहीं लगी। घायल यात्री को लुकला के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस की टीम घटनास्थल से जानकारी जुटा रही है और मामले की जांच कर रही है।

दीपावलीपर....

की। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भावुक होकर बोले थे कि मां- बेटियां लकड़ी से खाना बनाने से कई प्रकार की बीमारियों से परेशान हैं, लेकिन निःशुल्क सिलेंडर कनेक्शन मिलने से उन्हें स्वस्थ रहने व जीवन स्तर सुधारने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने इस योजना में निशुल्क गैस कनेक्शन दिए हैं । एक सिलेंडर की रिफलिंग के लिए 938 रुपये 45 पैसे देने होते हैं और इसमें केंद्र सरकार 333 रुपये सब्सिडी देती है। इस प्रकार उपभोक्ता को 648 रुपये 55 पैसे अपनी जेब से देने पड़ते हैं, लेकिन उप्र सरकार द्वारा दीपावली पर्व पर प्रत्येक उपभोक्ता के लिए गैस सिलेंडर के लिए 648 रुपये 55 पैसे गैस कंपनियों को दिया जा चुका है। अब उपभोक्ता गैस एजेंसी से गैस लें और खुशी- खुशी त्योहार मनाएं और बचे हुए 650 रुपये से मिठाई व दिया खरीदें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर थे। उन्हें न तो समय से खाद मिलती थी और न बिजली। उपज का भी सही दाम नहीं मिलता था और वे कर्ज में डूबे रहते थे। आत्महत्या करने के लिए मजबूर थे लेकिन जबसे डबल इंजन की सरकार बनी है तब से किसान सम्मान निधि से लेकर कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उप्र में हाल ही में ओलावृष्टि, तूफान, बारिश व अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त फसलों का किसानों को मुआवजा तो मिलेगा ही, राज्य सरकार उन्हें विशेष पैकेज देगी, जिससे लगभग 4 करोड परिवार लाभान्वित होंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस के शासनकाल में रिश्वतखोरी व भ्रष्टाचार के कारण लोग परेशान थे। उन्हें बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलती थीं, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद सभी वर्गों के कल्याण की योजनाएं शुरू की गयीं।

दिल्ली मुख्यालय...

का आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक, निलंबन की अवधि के दौरान वशिष्ठ का मुख्यालय दिल्ली रहेगा और उन्हें सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। यह मामला शाहदरा थाने में पुलिस और वकीलों के बीच विवाद से जुड़ा है। वकीलों के अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान करने के बाद, गांधीनगर उपमंडल के एसीपी वशिष्ठ और शाहदरा थाने के प्रभारी (एसएचओ) अरूण कुमार का तबादला कर दिया गया था। इसके बाद वकीलों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली थी। दिल्ली की सभी जिला अदालतों के बार एसोसिएशन की समन्वय समिति के अनुसार, यह टकराव एक घटना के बाद शुरू हुआ था जिसमें वकील ललित बंसल को कथित हमले में सिर पर गंभीर चोट लगी थी, जिसके लिए शाहदरा थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में नामज़द लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर कई वकील 23 अक्टूबर की शाम थाने गए। समिति ने दावा किया कि एसीपी और एसएचओ ने उन्हें आश्वासन दिया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा जो उस वक्त थाने में ही मौजूद था। इसने कहा कि हालांकि, अगले दिन अधिवक्ताओं को पता चला कि आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है और उसे कथित तौर पर रिहा कर दिया गया है । जिससे बार के सदस्यों के बीच गंभीर चिंता पैदा हो गई।

राजीव गाँधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय
RAJIV GANDHI NATIONAL AVIATION UNIVERSITY
(A Central University under Ministry of Civil Aviation, Govt. of India)
Established by an Act of Parliament in 2013

विभिन्न पदों के लिए भर्ती सूचना

राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय (आरजीएनएयू), फुरसतगंज, अमेठी, उत्तर प्रदेश जैसा कि नीचे विस्तृत है में निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं ।

नियमित पद

Sl. No.	पदों के नाम	पदों की संख्या ('बैकलाग पदों)	ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक & आवेदन की अंतिम तिथि
1.	प्रोफेसर	यूआर: 03,ओबीसी (एनसीएल:01',कुल: 04	https://rgnaurcc.samarth.edu.in/ अंतिम तिथि: 22 दिसंबर 2026
2	एसोसिएट प्रोफेसर	यूआर:09, एससी:01', सटी:01'ओबीसी (एनसीएल): 04', ईडब्ल्यूएः 01', कुल: 16	
3	सहायक प्रोफेसर	यूआर: 07,एसटी: 01', ओबीसी(एनसीएल): 02', ईडब्ल्यूएस: 02', कुल: 12	

संविदात्मक पद

Sl. No.	अनुबंध की स्थितियों का नाम	पदों की संख्या	समेकित पारिश्रमिक (रु.)	ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक &आवेदन की अंतिम तिथि
1.	पैशेवर प्रशिक्षु (प्रबंधन)	08 nos.	रु. 20,000/- प्रति माह	https://rgnaunt.samarth.edu.in/ अंतिम तिथि: 06 दिसंबर 2026
2	पैशेवर प्रशिक्षु(इलेक्ट्रिकल / सिविल इंजीनियरिंग)	01 no.		
3	पैशेवर प्रशिक्षु (फार्मेसी)	01 no.		

Sl. No.	अनुबंध की स्थितियों का नाम	पदों की संख्या	समेकित पारिश्रमिक (रु.)	ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक & आवेदनकी अंतिम तिथि
1	डिजाइनर-सह-सामग्री डेवलपर	01 no.	रु.50,000- रु.60,000 प्रति माह अनुभव के आधार पर	https://rgnaunt.samarth.edu.in/ अंतिम तिथि: 06 दिसंबर 2026

विस्तृत विज्ञापन https://www.rgnau.ac.in/en/careers.html यहां उपलब्ध हैं।
कुलसचिव/ रजिस्ट्रार
cbc 03110/11/0031/2627

Utkarsh Small Finance Bank
Aapki Ummeed Ka Khaata
(A Scheduled Commercial Bank)
CIN: L65992UP2016PLC082804
Registered office address: Utkarsh Tower, NH-31 (Airport Road), Sehmalpur, Kazi Sarai, Harhua, Varanasi, Uttar Pradesh, PIN - 221105.

Unaudited Financial Results for Quarter / Half year ended Sep 30, 2026

Long Term Credit Rating | ICRA A - (Stable) | CARE A - (Stable) | Rating for Certificate of Deposit Programme | ICRA A1



Year on Year
- Gross Loan Portfolio (₹ cr): 7.5% ↑ 20,062
- Secured Advances (₹ cr): 18.5% ↑ 10,420
- Total Deposits (₹ cr): 6.6% ↑ 23,869
- CASA + RTD (₹ cr): 12.4% ↑ 19,560
- Net Interest Margin: 6.2%*
- CRAR: 17.0%
- Gross NPA**: 5.9%
- Net NPA**: 2.7%

*H1 FY27
** Advances for the purpose of GNPA / NNPA calculation includes IBPC

(₹ in lakhs)

Particulars	Quarter Ended		Half year ended	Year Ended
	September 30, 2026 Unaudited	September 30, 2025 Unaudited	September 30, 2026 Unaudited	March 31, 2026 Audited
1. Total income from operations	1,00,228.06	93,731.76	2,00,465.28	3,80,974.69
2. Net Profit/(Loss) for the year/period (before tax, exceptional and/or extraordinary items)	(8,064.46)	(46,497.19)	(12,605.93)	(1,50,661.36)
3. Net Profit/(Loss) for the year/period before tax (after exceptional and/or extraordinary items)	(8,064.46)	(46,497.19)	(12,605.93)	(1,50,661.36)
4. Net Profit/(Loss) for the year/period after tax (after exceptional and/or extraordinary items)	(6,985.22)	(34,846.47)	(10,377.19)	(1,15,097.84)
5. Total Comprehensive Income for the year/period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] (Refer Note 2)	-	-	-	-
6. Paid up Equity Share Capital (of ₹ 10 each)	1,77,952.37	1,10,160.99	1,77,952.37	1,77,952.37
7. Reserves (Excluding Revaluation Reserve)				99,607.82
8. Securities Premium Account	82,102.60	56,092.84	82,102.60	82,083.40
9. Net worth*	1,93,314.44	1,98,153.54	1,93,314.44	2,24,718.04
10. Paid up Debt Capital / Outstanding Debt	1,93,850.40	1,95,791.20	1,93,850.40	2,82,943.91
11. Outstanding Redeemable Preference Shares	-	-	-	-
12. Debt Equity Ratio**	0.74	0.83	0.74	1.02
13. EPS Basic (₹) (not annualised for quarters/half year)	(0.39)	(3.16)	(0.58)	(8.37)
EPS Diluted (₹) (not annualised for quarters/half year)	(0.39)	(3.16)	(0.58)	(8.37)
14. Total Debt** to Total Assets ratio	6.66%	7.15%	6.66%	9.80%
15. Capital Adequacy Ratio	17.05%	17.21%	17.05%	17.71%
16. % of Gross NPA to Gross Advances	5.96%	12.42%	5.96%	7.71%
17. % of Net NPA to Net Advances	2.74%	5.02%	2.74%	3.29%
18. Return on Assets (not annualised for quarters/half year)	(0.24%)	(1.28%)	(0.36%)	(4.16%)

* as per RBI guidelines.
** Debt represents total borrowings of the Bank & Equity consist of Share Capital plus Reserves

Notes to the financial results:
1. The above is an extract of the format of quarter and half year ended September 30, 2026, financial results reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Bank at its respective meeting held on November 03, 2026. The financial results have been reviewed by the Joint Statutory Auditors as required under Regulation 33 and Regulation 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations"). The Joint Statutory Auditors have issued unmodified conclusion. The Full Format of the quarter and half year ended Financial Results are available on the website of the Stock Exchanges, www.nseindia.com & www.bseindia.com & of the Bank- www.utkarsh.bank.in
2. Information related to the total comprehensive income & other comprehensive income are not furnished as Ind AS is not yet made applicable to Bank.
3. As per regulation 33 and regulation 52(4) of SEBI (Listing Obligation & Disclosure Requirements) Regulations 2015, the equity and debt listed entities are required to disclose certain ratios and accordingly ratios relevant to Banking sector have been disclosed above.

Scan to Download

For and on behalf of the Board of Directors of
Utkarsh Small Finance Bank Limited
Sd/-
Govind Singh
Managing Director & CEO
DIN : 02470880

Place : Mumbai
Date : November 03, 2026

रोहित, कोहली पर होगी नजर, गेंदबाजी चिंता का विषय

मोहम्मद सिराज पर अतिरिक्त जिम्मेदारी, न्यूजीलैण्ड के साथ पहला एकदिनी आज

आकलैंड (एजेन्सियां)। रोहित शर्मा और विराट कोहली पर एक बार फिर से सभी की निगाहें टिकी रहेंगी लेकिन भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के कारण न्यूजीलैण्ड बुधवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की एकदिनी श्रृंखला में बेहतर स्थिति में नजर आ रहा है। एकदिनी श्रृंखला के बाद होने वाली टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखकर जसप्रीत बुमराह को विश्राम दिया गया है जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं। ऐसे में अनुभवी मोहम्मद सिराज को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी होगी। सिराज के अलावा भारतीय टीम में शामिल अन्य चार विशेषज्ञ गेंदबाजों अर्शदीप सिंह (१८), गुरनूर बराड़ (नौ), अंशुल कंबोज और औकिब नबी (एक-एक) के पास कुल मिलाकर २९ एकदिनी मैचों का अनुभव है। टौरंगा में पांचवें और अंतिम एकदिनी के तुरंत बाद शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए अंतिम दो एकदिनी में भारत के कुछ स्टार खिलाड़ी नहीं खेलेंगे। एकदिनी श्रृंखला १५ नवम्बर को समाप्त होगी और पहला टेस्ट मैच १९ नवम्बर को वेलिंगटन में खेला जायेगा। यहां तक कि कप्तान शुभमन गिल भी टेस्ट मैचों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आखिरी दो एकदिनी मैचों में नहीं खेलेंगे। गिल ने पहले एकदिनी की पूर्व संध्या पर कहा अगर एकदिनी श्रृंखला और टेस्ट श्रृंखला के बीच कुछ अधिक अंतराल होता तो हम सभी पांच मैच में खेलते लेकिन एकदिनी और टेस्ट मैचों के बीच बहुत कम अंतराल होने के कारण हमें कार्यभार का प्रबंधन करना होगा। इसलिए टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी आखिरी दो एकदिनी नहीं खेल पायेंगे। दक्षिण अफ्रीका की आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में जीत के बाद विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की तालिका में चौथे नंबर पर काबिज भारत के लिए फाइनल में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। उसे अब बाकी बचे सात टेस्ट मैचों में से कम से कम छह जीतने होंगे और साथ ही यह



भी उम्मीद करनी होगी कि कुछ अन्य मैचों के परिणाम उसके अनुकूल रहें। यही वजह है कि भारत टेस्ट श्रृंखला को ज्यादा प्राथमिकता दे रहा है। एकदिनी में भारत के शीर्ष पांच बल्लेबाज लगभग तय हैं। रोहित और कप्तान गिल पारी की शुरुआत करेंगे। उनके बाद कोहली और उप कप्तान श्रेयस अय्यर का नंबर आता है। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे, जबकि ऑलराउंडर अक्षर पटेल और नितीश कुमार रेड्डी (जो केवल पहले वनडे के लिए उपलब्ध हैं) को छठे और सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जा सकता है। हर्षित राणा के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम प्रबंधन आठवें नंबर पर अंशुल कंबोज को आजमा सकता है जो आक्रामक बल्लेबाजी करने में भी सक्षम हैं। ईडन पार्क की सीधी बाउंड्री बेहद छोटी हैं और उसकी दूरी केवल ५५ मीटर है। ऐसे में भारत सिराज, अर्शदीप सिंह और लंबे कद के गुरनूर बराड़ को अंतिम एकादश में रख सकता है। हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति के कारण कुलदीप यादव के लिए अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो रहा है भले ही उन्होंने भारत के वर्तमान गेंदबाजी आक्रमण में सर्वाधिक २०१ विकेट लिए हैं लेकिन ११ से ४० ओवर के बीच सर्कल के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षकों को ही अनुमति दी जाती है और ऐसे में बीच के ओवर अधिक महत्वपूर्ण हो गये हैं। इसलिए कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। गिल ने कहा बीच के ओवरों में विकेट लेने के लिए अच्छा विकल्प होना बहुत जरूरी है। भारत अगर तेज गेंदबाजी विभाग में कमजोर है तो न्यूजीलैण्ड की टीम में अधिकतर खिलाड़ी उम्रदराज हैं। उसकी एकदिनी टीम की औसत आयु ३४ से ३५ के बीच है। ऐसे में कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा हमारे अधिकतर खिलाड़ियों की उम्र लगभग ३४ या ३५ के आसपास है। एकदिनी विश्वकप के बाद सारा ध्यान फिर से टी-२० क्रिकेट पर केंद्रित हो जायेगा। मुझे अभी तक किसी खिलाड़ी ने अपनी भावी योजना के बारे में नहीं बताया है लेकिन ऐसा हो सकता है।

भारत-शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, अंशुल कंबोज, औकिब नबी, गुरनूर बराड़, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, इशान किशन, कुलदीप यादव, नमन धीर। **न्यूजीलैण्ड**-मिचेल सैंटनर (कप्तान), टिम सीफर्ट, हेनरी निकोल्स, टाम लैथम (विकेटकीपर), विल यंग, ग्लेन फिलिप्स, डैरिल मिचेल, माइकल ब्रैसवेल, जैकब डफी, काइल जैमीसन, मैथ्यू फिशर, मैट हेनरी, ब्लेयर टिकनर, नाथन स्मिथ।

समय-सुबह ७.३० बजेसे।

मुम्बई ने रेलवे पर कसा शिकंजा

रणजी ट्राफी



मुम्बई (एजेन्सियां)। मुंबई ने मंगलवार को यहां रणजी ट्राफी के एलीट ग्रुप डी मुकाबले के दूसरे दिन अंतिम सत्र में दो विकेट झटककर रेलवे को दबाव में ला दिया जिसने स्टंप तक पहली पारी में दो विकेट पर ११६ रन बना लिए। रेलवे की टीम मुम्बई से अब भी २८० रन पिछड़ रही है। पिच पर अनियमित उछाल का असर रेलवे के सलामी बल्लेबाज विवेक सिंह पर भी पड़ा। वह शार्ट गेंद से बचने की कोशिश में पीठ पर चोट लगने के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गये तब तक उन्होंने आठ चौकों की मदद से ३८ रन बना लिए थे। कोटियान ने साहब सिंह (३३) को विकेट के पीछे कैच कराकर मुम्बई को पहली सफलता दिलाई। इसके कुछ ही देर बाद मुलानी ने ईशान गोयल की पारी समाप्त की। दिन का खेल समाप्त होने तक कप्तान भार्गव मेराई सात रन और मोहम्मद सैफ २९ रन बनाकर नाबाद थे। इससे पहले मुम्बई की टीम ने सुबह छह विकेट पर २४७ रन से आगे खेलते हुए अपनी पहली पारी में १४९ रन और जोड़े। इसमें बाएं हाथ के बल्लेबाज और आठवें नंबर पर उतरे शम्स मुलानी का अहम योगदान रहा। मुलानी ने सात चौकों की मदद से ७१ रन बनाये। उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज आकाश आनंद के साथ सातवें विकेट के लिए ८२ रन की साझेदारी की। आकाश ने ५२ रन बनाये।ग्रुप के एक अन्य मुकाबले में प्रदोष पाल (२०८ रन) के दोहरे शतक और अजित राम (नाबाद ११५) के शतक की मदद से तमिलनाडु ने चंडीगढ़ के खिलाफ पहली पारी सात विकेट पर ५१७ रन बनाकर घोषित कर दी। जवाब में चंडीगढ़ ने स्टंप तक तीन विकेट ४९ रन पर गंवाकर संकट में फंस गयी। धर्मशाला में एक अन्य मुकाबले में राजस्थान ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में महज ७८ रन पर सिमटने के बाद दूसरी पारी में शानदार वापसी करते हुए स्टंप तक चार विकेट पर २९७ रन बना लिए। इस तरह राजस्थान की कुल बढ़त २२२ रन हो गयी है। देहरादून में उत्तराखंड ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर २९६ रन बनाकर हरियाणा पर १४३ रन की बढ़त हासिल कर ली। हरियाणा ने पहली पारी में १५३ रन बनाये थे। दिल्ली में आयुष दोसेजा और सुमित माथुर के अर्द्धशतकों की मदद से दिल्ली ने ग्रुप सी के मैच में सेना के खिलाफ पहली पारी में ३३ रन की बढ़त बना ली। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर दिल्ली ने छह विकेट पर २९९ रन बना लिये थे। दोसेजा ने ७८ और माथुर ने नाबाद ८० रन बनाये और दोनों ने छठे विकेट के लिये १४४ रन की साझेदारी की। सेना ने पहली पारी में २६६ रन बनाये । स्टंप के समय माथुर के साथ देव लाकड़ा ११ रन बनाकर क्रीज पर थे । तीन मैचों में दो अंक ही ले सकी दिल्ली की नजरें इस मैच में पूरे अंक बनाने पर लगी हैं। सेना के लिये आफ स्पिनर पुलकित नारंग ने गेंदबाजी की शुरूआत की और सनत सांगवान (११) का विकेट जल्दी हासिल कर लिया । प्रियांश आर्य (५८ रन) ने यश दुल (३३) के साथ ७९ रन की साझेदारी की । इसके बाद दोसेजा और माथुर ने मोर्चा संभाला। भुवनेश्वर में वर्षाबाधित मैच में झारखंड ने दूसरे दिन पांच विकेट पर २५८ रन बना लिये थे। आदित्य सिंह ९४ रन बनाकर खेल रहे थे जबकि अनुकूल राय ने ८९ रन बनाये। पहले दिन झारखंड ने तीन विकेट ३७ रन पर गंवा दिये थे। अनुकूल और आदित्य ने १५५ रन की साझेदारी की। आदित्य ने अपनी पारी में आठ चौके लगाये जबकि अनुकूल ने सात चौके और दो छक्के जड़े। अहमदाबाद में एक अन्य मैच में उर्विल पटेल के २२७ गेंद में नाबाद २१० रन की मदद से गुजरात ने केरलम के खिलाफ पहली पारी नौ विकेट पर ५३४ रन पर घोषित की। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर केरलमने तीन विकेट ७४ रनपर गंवा दिये थे। कोलकातामें युवा आलराउंडर तन्मय सांघवीके पहले अर्द्धशतक और आखिरी विकेटके लिए प्रदीप दाधेके साथ उनकी अटूट साझेदारी की बदौलत महाराष्ट्रने वापसी करते हुए मेजबान बंगाल पर पहली पारी में ६४ रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। महाराष्ट्रने सुबह दो विकेट पर २१ रन के स्कोर से खेलना शुरू किया और खराब रोशनीके कारण खेल रोके जाने तक ७९ ओवर में नौ विकेट पर २०७ रन बना लिए। सांघवी ५७ रन और दाधे २२रन बना कर खेल रहे हैं।

जापान की चुनौती तोड़ फाइनल में पहुंचना चाहेगा भारत



एशियाई चैम्पियंस ट्राफी हाकी

मोहाली(एजेन्सियां)। अभी तक बेहतरीन प्रदर्शन करके अजेय रही पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम शानदार फार्म में चल रहे स्ट्राइकर अभिषेक की चोट के बावजूद दक्षिण कोरिया के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले एशियाई चैम्पियंस ट्राफी (एसीटी) हाकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। एशियाई खेलों के चैम्पियन भारत ने सोमवार को जालंधर में खेले गये छह टीमों के टूर्नामेंट के अपने आखिरी राउंड-राबिन मैच में दक्षिण कोरिया को ८-० से करारी शिकस्त दी थी और वह इसे दोहराने के लिए प्रतिबद्ध होगा। भारत ने राउंड-राबिन चरण में कोरिया से पहले बांगलादेश को १३-०, चीन को ५-२, जापान को ४-१ से हराया था, लेकिन जापान के खिलाफ मैच से ठीक पहले अभिषेक के टखने में चोट लग गयी जिससे भारतीय टीम प्रबंधन चिंतित होगा क्योंकि उन्होंने न केवल गोल किए हैं बल्कि अच्छे मौके भी बनाए हैं। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने भी स्वीकार किया कि अभिषेक ने अभी तक शानदार भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा हमें अभी पक्का पता नहीं है कि अभिषेक खेल पायेंगे या नहीं। वह चोटिल हैं और वह वापसी करेंगे या नहीं इसके लिए हमें इंतजार करना होगा लेकिन समय बहुत कम है। अभिषेक की अनुपस्थिति में अनुभवी स्ट्राइकर मनदीप सिंह, सुखजीत सिंह और शिलानंद लाकड़ा को अग्रिम पंक्ति में अधिक जिम्मेदारी निभानी होगी। मनदीप सिंह ने बांगलादेश के खिलाफ पहले मैच में हैटट्रिक लगाकर शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाये। यदि अभिषेक नहीं खेल पाते हैं, तो आदित्य अर्जुन लालागे और अंगद बीर सिंह जैसे खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी संभालनी होगी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह को हालांकि उम्मीद है कि अभिषेक इस मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा वह अच्छी स्थिति में है। हमने उसे दो मैचों के लिए आराम दिया था। मुझे उम्मीद है कि वह सेमीफाइनल में खेलने के लिए पूरी तरह से फिट होगा। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने विवेक सागर प्रसाद और नीलकांत शर्मा के साथ मिलकर मध्य पंक्ति में अच्छी भूमिका निभाई है। नीलकांत का यह भारत की तरफ से अंतिम टूर्नामेंट है। हरमनप्रीत भी शानदार फार्म में हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में अभी तक नौ गोल किये हैं। इनमें से उन्होंने आठ गोल पेनल्टी कार्नर से और एक पेनल्टी स्ट्रोक से किया है। हरमनप्रीत ने जुगराज सिंह और अमित रोहिदास के साथ मिलकर भारतीय रक्षापंक्ति में भी अच्छी भूमिका निभाई है। युवा फारवर्ड विष्णुकांत सिंह को भी टूर्नामेंट में जितने मौके मिले हैं उनमें वह खरे उतरे हैं। वह जरूरत पड़ने पर टीम के लिए मध्य पंक्ति में खेलने के लिए तैयार हैं। विष्णुकांत ने कहा मैं लंबे समय से मौके का इंतजार कर रहा था। मैंने इसके लिए कड़ी मेहनत की और जापान के खिलाफ गोल करने से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। मैं मध्य पंक्ति में खेलने के लिए भी तैयार हूं। भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा और कृष्ण बहादुर पाठक को टूर्नामेंट में अभी तक खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा है और यह देखना दिलचस्प होगा कि अगर विरोधी टीम आक्रामक रवैया अपनाती है तो वह उससे कैसे निबटते हैं। पहला सेमीफाइनल जापान और एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता मलयेशिया के बीच खेला जायेगा।


भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट के लिए ८४ लाख आवेदन

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। एकदिनी विश्वकप में भारत-पाकिस्तान के मैच को लेकर प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है। १० अक्तूबर के इस मैच के टिकटों के लिए ८४ लाख रजिस्ट्रेशन हुए हैं जबकि जोहान्सबर्ग के स्टेडियम की दर्शक क्षमता सिर्फ ३४ हजार है। यानी उपलब्ध सीटों के मुकाबले करीब २४७ गुना ज्यादा आवेदन आये हैं। टिकटों की मांग के मामले में भारत-पाकिस्तान मुकाबला पहले नंबर पर है। आईसीसी के मुताबिक भारत-पाकिस्तान मैच के लिए कुल ८३,९७,२४९ टिकट आवेदन मिले हैं। २१ नवम्बर को इसी स्टेडियम में होने वाले विश्वकप फाइनल के लिए ७९००९४४ रजिट्रेशन हुए हैं। विश्वकप के टिकटों के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया २१ नवम्बर २०२६ तक जारी रहेगी। इसमें पहले रजिस्ट्रेशन होगा और मांग ज्यादा होने पर कंप्यूटराइज्ड रैंडम लाटरी से टिकट खरीदने के लिए आवेदकों का चयन किया जायेगा। यह पहले आओ-पहले पाओ वाला सिस्टम नहीं है। आईसीसी को अब तक टूर्नामेंट के लिए १९३ देशों से १२ करोड़ से ज्यादा टिकट आवेदन मिले हैं।

यशस्वी का शतक, भारत ए ने कराया ड्रा

अनौपचारिक टेस्ट

क्राइस्टचर्च (एजेन्सियां)। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भारत ए और न्यूजीलैण्ड ए के बीच मंगलवार को यहां ड्रा समाप्त हुए दूसरे अनौपचारिक टेस्ट क्रिकेट मैच में शतक जड़कर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले अपनी फार्म को लेकर भारतीय टीम प्रबंधन को आश्वस्त किया। जायसवाल ने मैच के चौथे और अंतिम दिन न्यूजीलैण्ड ए के आक्रमण की जमकर धुनाई करते हुए केवल १६२ गेंदों में नाबाद १५५ रन बनाये जिसमें १५ चौके और पांच छक्के शामिल रहे। विदर्भ के बाएं हाथ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने भी नाबाद १०० रन बनाये जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर २८२ रन बनाये। राठौड़ के शतक पूरा करने के तुरंत बाद मैच ड्रा समाप्त घोषित कर दिया गया। राठौड़ और जायसवाल ने तीसरे विकेट के लिए २४७ रन की अटूट साझेदारी की। राठौड़ ने अपनी १२२ गेंदों की पारी में नौ चौके लगाए। भारत ए ने अपनी पहली पारी में ३४६ रन जबकि न्यूजीलैण्ड की टीम ने ४२४ रन बनाये थे। हैगली ओवल की पिच काफी हद तक सपाट हो गयी थी जिससे बल्लेबाजों के लिए अपने शाट खेलना बहुत आसान हो गया था। इसका अंदाजा भारत ए के दूसरी पारी में ३.३५ के रन-रेट से रन बनाने से लगाया जा सकता है। मैच के अंतिम दिन लगभग ४४ ओवर का खेल हुआ और इस बीच जायसवाल आकर्षण का केंद्र रहे। जायसवाल इस पारी से पहले रन बनाने के लिए जूझ रहे थे जो निश्चित तौर पर मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए न्यूजीलैण्ड के खिलाफ १९ नवम्बर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले चिंता का विषय रही होगी। जायसवाल ने इससे पहले तीन पारियों में १७, पांच और शून्य बनाये थे। भारत ए ने चौथे दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के ३२ रन से की लेकिन उसने दूसरे सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (११) का विकेट जल्द गंवा दिया जो अपने कल के स्कोर में एक भी रन नहीं जोड़ पाये। बेहतरीन फार्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल दूसरी पारी में खाता भी नहीं खोल सके। उन्हें तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल ने पहली गेंद पर बोल्ड कर दिया। जायसवाल ने हालांकि दूसरे छोर पर



आक्रामक रवैया अपनाया और उन्हें राठौड़ के रूप में अच्छा साथी भी मिला। इन दोनों ने शाट लगाने में किसी तरह की कोताही नहीं बरती। जायसवाल ने रैंडेल की गेंद पर डीप मिड-विकेट के ऊपर से छक्का मारकर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए। उन्होंने क्रिस्टियन क्लार्क और जैरोड मैकाय पर भी शानदार ड्राइव लगाए। जायसवाल ने हालांकि डीन फाक्सक्राफ्ट को विशेष निशाने पर रखा। उन्होंने अपने पांच छक्कों में से चार फाक्सक्राफ्ट की गेंदों पर लगाए। जायसवाल ने स्लाग स्वीप शाट से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना १७वां शतक पूरा किया।

सनी का चयन जूडो टीम में



वाराणसी। विकास इण्टर कालेजके छात्र सनी यादव का चयन उत्तर प्रदेशकी जूडो टीम में किया गया है जो तेलंगाना के करीम नगरमें १८ से २१ दिसम्बर तक होनेवाली खेलो इंडिया यूथ गेम्स हिस्सा लेगी। सनी ६६ किलोग्राम भार वर्ग में पदक के लिए दावेदारी पेश करेंगे।

बीना चयन समितिकी अध्यक्ष



वाराणसी। काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालयकी हैण्डबाल मुख्य प्रशिक्षक बीना कुमारी को चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह जानकारी वाराणसी हैण्डबाल असोसियेशन के अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने देते हुए विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि बीना कुमारी के अनुभव एवं कुशल नेतृत्व से हैण्डबाल खेलको नयी दिशा मिलेगी एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़नेका बेहतर अवसर मिलेगा।

संत अतुलानंद चैम्पियन

वाराणसी। संत अतुलानंद स्कूल ने यहां हरुआ स्थित द एबीएस रोलैण्ड स्कूल में हुई कर्नल्स इंटर स्कूल फुटबाल चैम्पियनशिपमें सेंट लारेंस स्कूल को एकतरफा मुकाबलेमें ४-० से पराजित कर खिताब जीत लिया। अंश को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। आरंभ फुटबाल अकादमी की पहल पर हुई इस प्रतियोगिताके पश्चात मुख्य अतिथि डाक्टर राशिद परवेजने पुरकार वितरित किये। इस मौकेपर डाक्टर आभा सिंह, शशि सिंह, निदेशक कर्नल पीके सिंह, सैयद ताबिश हुसैन आदि मौजूद रहे।

सिंधू और मीराबाई सहित १० खिलाड़ी निर्विरोध सदस्य चुने गये

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। ओलम्पिक पदक विजेता पीवी सिंधू और मीराबाई चानू सहित १० खिलाड़ियों को मंगलवार को निर्विरोध भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) के अथलीट आयोग का सदस्य चुन लिया गया। पूर्व ट्रैक एवं फील्ड एथलीट सुधा सिंह के सोमवार देर रात चुनावी दौड़ से हटने के बाद मतदान कराने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि १० सीट के लिए केवल १० उम्मीदवार ही रह गये थे। निर्वाचन अधिकारी संजय के श्रीवास्तव ने मंगलवार को पांच पुरुष और पांच महिला सहित सभी १० उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इससे पहले सोमवार को स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांतने भी अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी। आईओए अथलीट आयोग के निर्विरोध निर्वाचित सदस्य-पीवी सिंधू, मीराबाई चानू, हरमनप्रीत सिंह, सलीमा टेटे, स्वप्निल कुसाले, भवानी देवी, तजिंदरपाल सिंह तूर, बोम्बाल्या देवी, साजन प्रकाश और मंजीत सिंह।

शायद बंद हो गया है भुवनेश्वर का अध्याय, शमी बेहतर

-रविचन्द्रन अश्विन



नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। टीम इंडिया के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के लिए भारतीय टीम में वापसी की राह अब मुश्किल हो सकती है। पूर्व भारतीय आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि न्यूजीलैण्ड के खिलाफ टी-२० श्रृंखला में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भुवनेश्वर के लिए टीम में दोबारा जगह बनाना आसान नहीं होगा। उन्होंने यहां तक कहा कि भुवनेश्वर का भारतीय टीम में अध्याय शायद बंद हो चुका है। इसके साथ ही अश्विन ने अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी की भी वकालत की। भुवनेश्वर कुमार ने चार साल बाद भारतीय टी-२० टीम में वापसी की थी। आईपीएल २०२६ में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा था। उन्होंने टूर्नामेंट के १६ मुकाबलों में २८ विकेट लेकर अपनी गेंदबाजी का लोहा मनवाया था। हालांकि न्यूजीलैण्ड के खिलाफ चार मैचों की टी-२० श्रृंखला में उनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। ३६ वर्षीय गेंदबाज केवल एक विकेट ले सके और उन्होंने ११.५० की इकोनामी से रन खर्च किए। अश्विन ने कहा भुवनेश्वर कुमार ने अच्छी गेंदबाजी नहीं की। वह अपनी फार्म साबित नहीं कर सके। आईपीएल में उनकी फार्म और यहां न्यूजीलैण्ड श्रृंखला में उनके प्रदर्शन के बीच जमीन-आसमान का अंतर था। मुझे लगता है कि शायद यह अध्याय बंद हो चुका है। उनके लिए वापसी करना बहुत मुश्किल होगा। अश्विन ने भुवनेश्वर के प्रदर्शन के साथ उनकी गेंदबाजी की गति और रनअप की तीव्रता पर भी सवाल उठाये। उनका मानना है कि आईपीएल के मुकाबले न्यूजीलैण्ड श्रृंखला में भुवनेस्वर की गेंदबाजी में वह धार और तेजी नजर नहीं आई। इससे मुझे लगता है कि शायद वह इस श्रृंखला के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ ट्रेनिंग फार्म में नहीं आये थे। अश्विन ने मोहम्मद शमी की वापसी की भी पैरवी की। शमी डेढ़ साल से अधिक समय से भारतीय टीम से बाहर हैं लेकिन रणजी ट्राफी में बंगाल की ओर से खेलते हुए अच्छी लय में नजर आए हैं। अश्विन ने कहा अभी मुझे लगता है कि रणजी ट्राफी में शमी जिस तरह गेंदबाजी कर रहे हैं उनकी लय भुवनेश्वर से कहीं बेहतर है।

पुरुष ले आये स्वर्ण, महिलाओं को रजत



दोहा (एजेन्सियां)। भारतने मंगलवारको यहां चल रही आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिपमें पुरुषोंकी ५० मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक और महिलाओं की १० मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा का रजत पदक जीत लिया। भारतके रविंदर सिंह, सौरभ चौधरी और अमनप्रीत सिंह की तिकड़ी ने कुल १६५९ अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद इलावेनिल वलारिवान, सोनम उत्तम मास्कर और शांभवी श्रवण क्षीरसागर की तिकड़ी ने १८९४.४ अंक से दूसरा स्थान हासिल किया। भारतीय टीम चीन (१८९९.८ अंक) से पीछे रही जबकि जापान (१८९२.६ अंक) से कांस्य पदक जीता। इलावेनिल ६३४.२ अंक से भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहीं जबकि सोनम ने ६३०.२ अंक और शांभवी ने ६२९.७ अंक जुटाए। इलावेनिल ने क्वालीफिकेशन दौरमें तीसरा स्थान हासिल कर व्यक्तिगत फाइनलमें जगह बना ली। उनके पास पदक जीतने और भारत के लिए पहला ओलम्पिक कोटा हासिल करने का मौका है। इससे पहले रविंदर ने इस स्पर्धा का व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया। यह स्पर्धा ओलम्पिक प्रतियोगिताओं की सूची में शामिल नहीं है। रविंदर भारत के सबसे अधिक अंक हासिल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने कुल ५५९ अंक प्राप्त किए। कई बार विश्वकप में स्वर्ण पदक जीत चुके सौरभ ने ५५१ अंक हासिल किए जबकि अमनप्रीत सिंह ने

करारे में जीते ३३ स्वर्ण

वाराणसी। सनबीम स्कूल सारनाथ में हुई चार दिवसीय सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन करारे के विभिन्न आयु वर्ग के बालक तथा बालिकाओं ने काता एवं कुमिते स्पर्द्धामें ३३ स्वर्ण पदक हासिल किये। अण्डर-१८ बालक वर्ग में आयुष राय, भैया राजा, तन्मय तिवारी, शिवेष शर्मा, प्रियांशी गिरी, बालिका वर्ग में सलोनी, तमन्ना, रति पटेल, अंशिका तिवारी, खुशी यादव ने सुनहरी कामयाबी हासिल की। अन्य आयु वर्गों में अमन शर्मा, ललित दुबे, सत्यम, अजीत कुमार, हर्ष सिंह, आस्था कुमारी, वेदिका सैनी, रिशु यादव, सालनी कुमारी, नंदिनी यादव, रितिका यादव, नंदिनी, ऐरत सिंह और वैष्णवी तिवारी को स्वर्ण पदक मिला। प्रतियोगिताके पश्चात उप प्रधानाचार्य प्रज्ञा शर्मा ने पदक विजेताओं का पुरस्कृत किया। इस मौके पर हर्ष मधो, एमएन पाण्डेय, राहुल सिंह, जिला कराटे संघके महासचिव दिलीप कुमार सैनी, शोभनाथ पटेल आदि मौजूद रहे।

आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप

५४९ अंक बनाए। इस तरह भारतीय टीम ने कुल १६५९ अंक हासिल किए। चीन के झांग बिंगचेन, ल्यू जुनयी और फेंग लिनलांग ने कुल १६४८ अंक हासिल कर रजत पदक जीता। वहीं दक्षिण कोरिया की होंग सुह्योन, चोए बोरम और सो सेउंग सेओब की टीम ने १६४३ अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। व्यक्तिगत स्पर्धा में रूस के एंटोन अरिस्तारखोव ने ५६१ अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। रोमानिया के लुका जोल्डिया ने ५५८ अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। पुरुषों की १० मीटर एयर राइफल स्पर्धा में राकेश माने, हिमांशु ढिल्लों और पार्थ मखीजा टीम और व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाने में असफल रहे। भारत एक स्वर्ण और दो रजत पदक के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान पर है। चीन तीन स्वर्ण सहित पांच पदकों से शीर्ष पर है।

यूपी कालेज को तीन, एलबीएस को दो वर्ग का खिताब

सांसद खेल हाकी



वाराणसी। यूपी कालेजके खिलाड़ियोंने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां डाक्टर भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल के हाकी एस्ट्रो टर्फ पर मंगलवारको हुई सांसद खेल हाकी प्रतियोगिताके तीन वर्गों का खिताब जीत लिया जबकि एलबीएस ने दो वर्गों के खिताब पर कब्जा जमाया। यूपी कालेजने जहां अण्डर-११, १८ और ४० वर्ष से अधिक आयु वर्ग में यह कामयाबी हासिल की। वहीं एलबीएस ने अण्डर-१४ बालिका वर्ग में गंगापुर एकेडमी को ४-१ से तथा बालक वर्ग में सरदार पटेल अकादमी को १-० से पराजित किया। बालिका वर्ग में प्राची और मोनिका गुप्ता ने दो-दो गोल किया जबकि गंगापुरके लिए एकमात्र गोल वृंदा ने दागा। बालक वर्ग में विजेता टीमके लिए एकमात्र गोल शुभम पटेल ने किया। अण्डर-१८ बालिका वर्ग का खिताब लालपुर स्टेडियमके हिस्से आया। इससे पहले पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी दयाराम यादव और जिला क्रीड़ाधिकारी नवीन कुमार सिंह ने प्रतियोगिताका शुभारंभ किया। कोच अंकित गुप्त ने संचालन किया जबकि हाकी वाराणसी के संयुक्त सचिव इदरिस अहमद ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

रामधानी, जेएस द्विवेदीको दोहरा स्वर्ण

वाराणसी। रामधानी, जेएस द्विवेदी ने ट्रैक पर आधिपत्य जमाते हुए लखनऊ में हुई उत्तर प्रदेश मास्टर्स अथलेटिक्स प्रतियोगितामें दोहरा स्वर्ण पदक हासिल किया। रामधानी ने ७५ से अधिक आयु वर्ग की १० हजार और पांच हजार मीटर की दौड़में जहां पीला तमगा हासिल किया। वहीं ८०० मीटर दौड़में वे रजत पदक लानेमें सफल रहे। जेएस द्विवेदी ने ६० वर्ष से अधिक आयु वर्ग की जैबलिन थ्रो एवं शाटपुट स्पर्द्धा में सुनहरी कामयाबी हासिल की। अनुराग सिंह ५० से अधिक आयु वर्ग की पांच हजार मीटर वाक रेस में स्वर्ण और डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक लानेमें सफल रहे जबकि ब्रजेश सिंह ६० वर्ष से अधिक आयु वर्ग की १० हजार और पांच हजार मीटर दौड़में रजत पदक हासिल किया।

मैक्सवेल का संन्यास

सिडनी (एजेन्सियां)। आस्ट्रेलिया के विस्फोटक आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। इसके साथ ही एक दशक से ज्यादा लंबे समय के उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत हो गया। ३८ वर्षीय मैक्सवेल ने आस्ट्रेलिया के लिए तीनों फार्मेट में कुल २८६ मुकाबले खेले। इस दौरान उन्होंने ७२२६ रन बनाने के साथ १३६ विकेट भी हासिल किए। द बिग शो के नाम से मशहूर मैक्सवेल आस्ट्रेलिया की २०२५ और २०२३ एकदिनी विश्वकप विजेता टीम के

छत्तीसगढ़ समाचार.....

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने नवा रायपुर में किया विकसित भारत संकल्प पार्क का लोकार्पण'



रायपुर (आ.स.से.)। रायपुर 3 नवंबर 2026/ केंद्रीय गृह एवं सहक. रिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-16 में विकसित भारत संकल्प पार्क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा उपस्थित थे। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने पार्क परिसर में पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संद. श भी दिया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विक. सित भारत के संकल्प को चिरस्थायी बनाने और भावी पीढ़ियों तक राष्ट्र निर्माण का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प पार्क का निर्माण किया गया है। यह पार्क विक. सित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत की परिकल्पना का प्रतीक होने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश भी देगा। नवा रायपुर को हरित, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। लगभग 16 एकड़ क्षेत्र में विकसित इस पार्क में अब तक 2,500 से अधिक पीपल और 500 से अधिक स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। यह पार्क नवा रायपुर को 'पीपल सिटी' के रूप में नई पहचान दिलाने के साथ ही शहर की हरियाली और पर्यावरणीय संतुलन को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, वन मंत्री श्री केदार कश्यप तथा कौशल विकास मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। "People for Peepal' अभियान से पर्यावरण संरक्षण में बढ़ेगी जनभागीदारी' नवा रायपुर को हरित और पर्यावरण अनुक. ल शहर के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से 'च्मवचसम वित च्ममचर्स' अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधरोपण करना नहीं, बल्कि नागरिकों को पौधों के संरक्षण, संवर्धन और नियमित देखभाल से जोड़कर पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देना है। इसी पहल के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प पार्क को पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी और सतत विकास के केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। भारतीय संस्कृति में पीपल के वृक्ष का विशेष आध्यात्मिक और पर्यावरणीय महत्व है। इस अभियान के माध्यम से पीपल के प्रति जनआस्था को प्रकृति संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता से जोड़ा जा रहा है। विकसित भारत संकल्प पार्क आधुनिक शहरी विकास और प्रकृति के बीच संतुलन का उदाहरण प्रस्तुत करेगा। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने के साथ ही विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करेगी।

नक्सलवाद के अंधकार से विकास के उजाले की ओर बढ़ रहा बीजापुर-मंत्री गुरु खुशवंत साहेब'



रायपुर,(आ.स.से.)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 02 नवंबर को छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव-2026 में कैबिनेट मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद की चुनौतियों से प्रभावित रहा बस्तर अब शांति, विश्वास और विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। जिन क्षेत्रों में कभी भय और हिंसा का वातावरण था, वहां अब सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब बस्तर की पहचान गोलियों की गूंज से नहीं, बल्कि विकास, खुशहाली और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से होनी चाहिए। मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने बीजापुर प्रवास के दौरान करेंगुट्टा की पहाड़ियों पर स्थित एफओबी ताड़पाला पहुंचकर सुरक्षा बलों के जवानों से मुलाकात की और उनके साहस, शौर्य एवं समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में तैनात जवानों के अथक प्रयासों और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से शांति एवं विकास की संभावनाएं मजबूत हुई हैं। करेंगुट्टा की पहाड़ियों पर तिरंगे का फहराना सुरक्षा बलों के साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के संकल्प, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व तथा उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयासों से नक्सलवाद के विरुद्ध अभियान को गति मिली है। सरकार का उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही दूरस्थ गांवों तक शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल, संचार और रोजगार जैसी आवश्यक सुविधाएं पहुंचाना है।ढकरेंगुट्टा क्षेत्र में निर्माण एवं विकास कार्यों में योगदान देने वाले श्रमिकों को मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विकसित बस्तर के निर्माण में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके परिश्रम और समर्पण से ही अधोसंरचना विकास को गति मिल रही है। इस दौरान उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।



दिनांक 04.11.1845 दिवस मंगलवार को शिरढोन, जिला रायगढ़, महाराष्ट्र में जन्मे तथा छत्रपति शिवा. जी महाराज को अपना आदर्श मानने वाले 'वासुदेव बलवंत फड़के जी' की आज 181वीं जयंती पर 'मातृभूमि सेवा संस्था' तथा हिन्दी दैनिक समाचार पत्र 'आज' इन्हें कोटिशः नमन करती है। आधुनिक भारत के पहले क्रांतिकारी वासुदेव बलवंत फड़के जी को भारत की स्वतंत्रता के लिए श्स्त्रश्स्त्र संघर्ष का जनकश् माना जाता है। 04.11.1845-17.02.1883 इस महान क्रांतिवीर ने खादी और स्वदेशी का उपयोग करने की शपथ ली थी। वासुदेव जी ने जन-आक्रोशों को तीव्रता देने के लिए ऐक्यवर्धिनी सभा की स्थापना की। सन् 1874 में, इन्होंने पुणे में राष्ट्रीय शिक्षा का पहला स्कूल भी स्थापित किया। सन् 1875 में अंग्रेजों द्वारा बड़ौदा के गायकवाड़ को अनुचित तरीके से बेदखल करने से लोगों की भावनाएँ आहत हुईं। अकाल के कारण हुई मौतों और तबाही से निपटने में ब्रिटिश शासकों की उदासीनता ने भी लोगों को नाराज कर दिया। वासुदेव जी ने अंग्रेजों के खिलाफ असंतोष भड़काने और स्वराज की वकालत करते हुए दक्कन का दौरा किया। इन्होंने शासन के राजनीतिक और आर्थिक गढ़ों पर हमला करने के लिए लगभग 300 भीलों, कोलियों, रामोशियों और धनगरा. का एक दल इकट्ठा किया। हालाँकि, इनके हमलों को सीमित सफलता मिली। जब सरकार ने इन्हें पकड़ने के लिए इनाम की पेशकश की, तो वासुद. व जी ने बॉम्बे के गवर्नर को पकड़ने के लिए अधिक इनाम की पेशकश करके जवाब दिया। जुलाई 1879 में उन्हें निजाम के शासन में पकड़ लिया गया और अदन (इस्लामिक देश यमन का एक तटीय शहर) भेज दिया गया, जहाँ 17.02.1883 को कैद में इनकी मृत्यु हुई। -'राकेश कुमार'

भारत सुरक्षा चुनौतियोंसे निबटनेके लिए मजबूत रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर दे रहा ध्यान-राजनाथ

नयी दिल्ली (आससे)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत एक मजबूत घरेलू रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर ध्यान दे रहा है, क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए रणनीतिक स्वायत्तता और स्वदेशी सैन्य क्षमताएं बहुत जरूरी हैं। राजस्थान के जैसलमेर में रक्षा मंत्रालय की सलाहकार समिति की बैठक में राजनाथ ने कहा कि सरकार विदेशी स्रोतों पर देश की रणनीतिक निर्भरता में कमी लाने की कोशिशों के तहत घरेलू रक्षा उद्योग को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए रणनीतिक स्वायत्तता और स्वदेशी तकनीकी क्षमताएं आवश्यक हैं। बैठक में उभरती सुरक्षा चुनौतियों, युद्ध के बदलते तौर-तरीकों, तकनीकी प्रगति और भविष्य के लिए तैयार, प्रौद्योगिकी से लैस एवं अभियान के लिहाज से चुस्त सेना बनाने की जरूरत पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। विचार-विमर्श के दौरान जिन मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया, उनमें अगली पीढ़ी के सैन्य मंच और हथियार प्रणालियों को शामिल करने की प्रक्रिया में तेजी लाना, तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को मजबूत करना, संयुक्त परिचालन योजना बनाना और क्षमताओं का समन्वित इस्तेमाल सुनिश्चित करना शामिल है। राजनाथ ने



अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि सेना को उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार ने 'बजट और पूंजी अधिग्रहण' तथा 'प्रौद्योगिकी और मानव पूंजी' जैसे अहम क्षेत्रों में कई कदम उठाए हैं, ताकि सेना को प्रौद्योगिकी-आधारित आधुनिक युद्ध की बदलती जरूरतों के लिए तैयार किया जा सके। रक्षा मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार आधुनिकीकरण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए बजटीय सहायता और पूंजी अधिग्रहण पर लगातार ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त वित्तीय संसाधनों के साथ-साथ उनका प्रभावी इस्तेमाल और सेवाओं की महत्वपूर्ण जरूरतों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। राजनाथ ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए रक्षा बजट को बढ़ाकर रिकॉर्ड 7.85 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है, जिसमें 2.19 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय शामिल है। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण का जिक्र करते हुए कहा कि रक्षा उत्पादन 2014-15 में 46,429 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में रेकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया। राजनाथ ने बताया कि 2014 में रक्षा निर्यात जहां 2,000 करोड़ रुपये से कम था, वहीं यह अब बढ़कर लगभग 40,000 करोड़ रुपये हो गया है।

मुरादाबाद : बेकाबू बोलेरो ने छह बच्चों को कुचला, दो की मौत

मुरादाबाद (एजेंसी)। यूपी के मुरादाबाद मूंढापांडे थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम करीब साढ़े चार तेज रफ्तार बोलेरो ने सड़क किनारे खेल रहे छह बच्चों को कुचल दिया। इस हादसे में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। बोलेरो की चपेट में आने से पकौड़ी विक्रेता और उसकी मां भी घायल हो गई। इस हादसे से गुस्साए लोगों ने बोलेरो चालक घेर लिया और उसकी पिटाई की। पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक, हादसा मूंढापांडे थाना क्षेत्र में मूंढापांडे-करनपुर मार्ग पर मुड़िया भायपुर गांव में सोमवार की शाम साढ़े चार बजे हुआ। हादसे के समय गांव में बच्चे पकौड़ी के ठेले के पास खेल रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो ने बच्चों को कुचल दिया।

अमेठी : १० हजार की रिश्वत लेते राजस्व निरीक्षक गिरफ्तार

अमेठी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के अमेठी जनपद में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते एक राजस्व निरीक्षक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी राजस्व निरीक्षक की पहचान संतराम के रूप में हुई है।वह मुसाफिरखाना तहसील के बाजार शुक्ल क्षेत्र में तैनात था। गिरफ्तारी की खबर मिलते ही राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, बाजार शुक्ल क्षेत्र की इक्का ताजपुर ग्राम सभा के रहने वाले 65 वर्षीय अयोध्या प्रसाद ने जमीन की पैमाइश (पत्थर नसब) कराने के लिए राजस्व निरीक्षक संतराम से संपर्क किया था। आरोप है कि जमीन की पैमाइश करने के नाम पर राजस्व निरीक्षक ने पीड़ित से रिश्वत की मांग की थी। रिश्वत मांगे जाने से परेशान पीड़ित ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन टीम ने मामले की जांच करते हुए आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। मंगलवार को बाजार शुक्ल थाना के बगल स्थित एक चाय की दुकान पर टीम ने कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि जैसे ही राजस्व निरीक्षक ने पीड़ित से 10 हजार रुपये की रिश्वत ली, पहले से घात लगाए एंटी करप्शन टीम के सदस्यों ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

आंध्र प्रदेश में चक्रवात 'मुरासु' का कहर, कई जिलों में मूसलधार बारिश

नयी दिल्ली (आससे)। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने मंगलवार को कहा कि आंध प्रदेश में चक्रवात 'मुरासु' के चलते किसी की जान नहीं गयी है। एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक (डीआईजी)



मोहसिन शहीदी ने यहां प्रेसवार्ता में बताया कि इस संघीय आपातकालीन बल ने चक्रवात से 'सबसे अधिक प्रभावित' तटीय राज्य आंध्र प्रदेश में 14 दल तैनात किये हैं। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवात मुरासु मंगलवार सुबह साढ़े पांच बजे तट से टकराया तथा आंध्र प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। शहीदी ने बताया कि तटीय आंध्र प्रदेश में रहने वाले लगभग 1.75 लाख लोग इस चक्रवात से प्रभावित हुए हैं और उनकी मदद के लिए एनडीआरएफ के दल मौके पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि करीब 10,000 लोगों को 171 राहत शिविरों में ठहराया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, मुरासु मंगलवार देर रात तक गहरे दबाव के क्षेत्र में तब्दील हो जायेगा। डीआईजी ने बताया कि आंध्र प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है, लेकिन किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने कहा कि चक्रवात के मद्देनजर राहत और बचाव कार्यों के लिए आंध्र प्रदेश समेत पांच राज्यों में एनडीआरएफ के 38 दल तैनात किये गये हैं।

मध्य प्रदेश समाचार

प्रदेशके समग्र विकास-बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए २३ हजार ३०० करोड़ से अधिक के प्रस्तावों को स्वीकृति

भोपाल (आससे.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने मंत्रि-परिषद के निर्णयों की जानकारी दी। मंत्री काश्यप ने बताया कि मंत्रि-परिषद ने प्रदेश के समग्र विकास, पर्यावरण संतुलन और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 23 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक के कई महत्वपूर्ण वित्तीय प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। वनों के संवर्धन और वन्यजीव संरक्षण से जुड़ी 9 प्रमुख योजनाओं के लिए 17,240 करोड़ 55 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही कृषि और जल प्रबंधन को गति देने के लिए पन्ना, विदिशा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली तथा उज्जैन की प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं के निरंतर संचालन के लिए 4,103 करोड़ 73 लाख रुपये का अनुमोदन दिया गया है। शहरों में नागरिक सुविधाओं और अधोसंरचना के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना के अंतर्गत 700 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में औद्योगिक निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए 610 करोड़ 51 लाख रुपये तथा पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था के लिए लोकायुक्त संगठन के लिए 573 करोड़ 85 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। जनजातीय गौरव के संरक्षण के तहत जबलपुर स्थित राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह संग्रहालय के सुचारू संचालन के लिए पद सृजन और वार्षिक व्यय को भी मंजूरी दी गई है।मंत्रि-परिषद ने वनों के संवर्धन एवं वन्यजीव संरक्षण कार्यों के लिए वन विभाग के अंतर्गत संचालित 9 प्रमुख विद्यमान योजनाओं के सुचारु संचालन के लिए कुल 17,240 करोड़ 55 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। यह स्वीकृति 16वें केंद्रीय वित्त आयोग की अवधि में 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक के लिए प्रदान की गई है। स्वीकृत राशि में से सर्वाधिक 10,664 करोड़ 79 लाख रुपये कार्यकारी योजना संगठन एवं वन वृत्तों की स्थापना पर खर्च किए जाएंगे।



छिंदवाड़ाके किसानोंने अपने परिश्रमसे खेतीमें बनायी विशिष्ट पहचान - डा. यादव

भोपाल (आससे.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा की धरती जनजातीय भाई बहनों के परिश्रम और उनकी परंपराओं से समृद्ध है। यहां के मेहनती किसानों ने खेती के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। श्रीअन्न और फूलों की खेती में भी छिंदवाड़ा अलग स्थान रखता है। यहाँ के संतरे को जी आई टैग से बड़ी पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा को प्रदेश की कॉर्न सिटी कहा जाता है, यहां का स्वीट कॉर्न देशभर में मशहूर है। राज्य सरकार छिंदवाड़ा के मक्का उत्पादक किसानों को बेहतर सुविधाएं देने और उनकी उपज के लिए राष्ट्रीय स्तर के नया मार्केट तैयार कर कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा प्रयास है कि छिंदवाड़ा जिले के मक्के की गुणवत्ता और स्वाद को भी देश-दुनिया के मार्केट तक पहुंचाया जाए। इसके लिए किसानों को बेहतर भंडारण, प्रोसेसिंग यूनिट और मार्केट लिंकेज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को छिंदवाड़ा में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को मंत्रालय से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए खेती के साथ ही उद्यानिकी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। खेती की तरक्की के लिए पानी की उपलब्धता बहुत जरूरी है, छिंदवाड़ा सिंचाई कॉम्प्लेक्स परियोजना इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर जिले की सिंचाई क्षमता 29 प्रतिशत से बढ़कर 54 प्रतिशत हो जाएगी।

शराब माफिया के विरुद्ध निडरता के साथ प्रभावी काररवाई करे पुलिस -मुख्यमंत्री

भोपाल (आससे.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युवा पुलिस अधिकारी सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हुए रील बनाने से अधिक रियल प्रॉब्लम सुलझाने पर ध्यान दें। सोशल मीडिया का उपयोग आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान और उनकी सहायता के लिए करें। पुलिस अधिकारी गरीबों, महिलाओं और बच्चों की मदद के लिए देवदूत की तरह कार्य करें। ऐसे अधिकारी बनें, जिनका सम्मान समाज के प्रत्येक वर्ग में हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, भौंरी के परेड ग्राउंड में मंगलवार को आयोजित 44वें एवं 45वें बैच के उप पुलिस अधीक्षकों के दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व दीक्षांत परेड समारोह में राष्ट्रीय निशान टोली के आगमन के साथ पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान %जन गण मन% की धुन प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इसके बाद नव प्रशिक्षित अधिकारियों ने अनुशासन, समर्पण और कर्तव्य निष्ठा का परिचय देते हुए सधे हुए कदमों और उत्कृष्ट तालमेल से परेड मार्च किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। परेड में अधिकारियों ने प्रदेश और राष्ट्र की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु अधिकारियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, प्रशिक्षु अधिकारियों के परिजन उपस्थित थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस के 48 प्रशिक्षु अधिकारी प्रशिक्षण पूर्ण कर प्रदेश की सेवा के लिए तैयार हैं। यह युवा अधिकारियों के लिए पब्लिक सर्विस में प्रवेश का महत्वपूर्ण अवसर है। पुलिस सेवा में आने के साथ ही उनके कंधों पर प्रदेश की सुरक्षा और नागरिकों की सेवा की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस ने अपनी तत्परता, कर्तव्य निष्ठा और साहस से उत्कृष्ट प्रतिमान स्थापित किए हैं। प्रदेश का चंबल और रीवा अंचल दशकों तक दस्यु समस्या से प्रभावित रहा, लेकिन पुलिस ने अपनी कुशल कार्य क्षमता से इसका उन्मूलन किया। इसके बाद नक्सलवाद के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाकर प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाया गया।

हाईकोर्ट समाचार

तीन अधिकारी अदालत में हाजिर, एक दिसम्बर को अगली सुनवाई

प्रयागराज (आससे)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने प्रवीण कुमार की जनहित याचिका पर तीन अधिकारियों के खिलाफ की गई विभागीय कार्रवाई का ब्योरा रिकॉर्ड पर लिया। मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की पीठ ने मामले को 1 दिसंबर 2026 को पेश करने का आदेश दिया।अदालत के 1 अक्टूबर 2026 के आदेश के अनुपालन में तीनों अधिकारी व्यक्तिगत रूप से पीठ के समक्ष उपस्थित हुए। उनकी ओर से



दाखिल हलफनामों में कार्रवाई की मौजूदा स्थिति बताई गई। प्रशून कश्यप - 30 अक्टूबर 2026 को उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम 7 के तहत आरोप-पत्र जारी किया गया और जांच अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है।राकेश सोनी- उन्होंने अपने हस्ताक्षरों से इन्कार किया था, जिस पर दस्तावेज फॉरेंसिक साइंस लैब भेजे गए। रिपोर्ट में दस्तावेजों पर उनके ही हस्ताक्षर पाए गए। इसके आधार पर अनुशासनात्मक कार्यवाही को नियम 10(2) (लघु दंड) से बदलकर नियम 7 (बड़ा दंड) में परिवर्तित करने की प्रक्रिया चल रही है।आनंद सिंह- 31 मई 2026 को सेवानिवृत्त हो चुके आनंद सिंह पर 23 अक्टूबर 2026 के आदेश से सिविल सर्विस रेगुलेशन के अनुच्छेद 351ए के तहत एक वर्ष के लिए 5 प्रतिशत पेंशन कटौती का दंड लगाया गया है।अधिकारियों की ओर से अदालत को बताया गया कि कार्रवाई नियुक्ति विभाग द्वारा की जा रही थी, जबकि राजस्व विभाग से दिए गए निर्देश संक्षिप्त और अस्पष्ट रहे। यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि निर्देश किस विभाग को देने थे।

एमबीबीएस फीस वृद्धि के खिलाफ याचिका की सुनवाई आज

प्रयागराज (आससे)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में एम बी बी एस पाठ्यक्रम की फीस बढ़ाए जाने के खिलाफ दायर आरूषि अग्रवाल की याचिका को पहले से लंबित आदर्श मिश्रा की याचिका के साथ सुनवाई हेतु 4 नवंबर 2026 को पेश करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की एकल पीठ ने यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ताओं ने राज्य सरकार की 1 सितंबर 2026 की अधिसूचना को चुनौती दी है। इस अधिसूचना के जरिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से एम बी बी एस छात्रों की फीस बढ़ाई गई है। विपक्षी अधिवक्ता ने प्रारंभिक आपत्ति उठाई। उन्होंने 23 अक्टूबर 2026 के आदेश का हवाला दिया, जो सिद्धार्थ उपाध्याय व 153 अन्य केस में पारित हुआ था। उस मामले में समन्वय पीठ ने यह आपत्ति स्वीकार की थी कि उत्तर प्रदेश निजी व्यावसायिक शैक्षणिक संस्थान (प्रवेश का विनियमन एवं शुल्क निर्धारण) अधिनियम, 2006 की धारा 11 के तहत याचिकाकर्ताओं के पास प्रभावी वैकल्पिक उपचार उपलब्ध है, इसलिए हाई कोर्ट याचिका पर विचार नहीं कर सकता। उस याचिका का निस्तारण करते हुए प्राधिकारियों को वहां दाखिल अपील पर विचार कर निर्णय लेने का निर्देश दिया गया था।वैकल्पिक उपचार संबंधी आपत्ति पर अब अगली सुनवाई में विचार होने की संभावना है।याचिकाकर्ताओं की ओर से ऐश्वर्या प्रताप शाही और वरिष्ठ अधिवक्ता सुमित सूरी पेश हुए, जबकि राज्य की ओर से स्थायी अधिवक्ता , रवि शंकर पाठक और शंभवी तिवारी उपस्थित रहे।

पीलीभीतमें २०० एकड़में बनेगा बायो-फार्मा पार्क

लखनऊ (आससे.)। योगी सरकारउत्तर प्रदेश को फार्मास्युटिकल और बायोटेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। इसी के तहत योगी सरकार ने प्रदेश के तराई क्षेत्र पीलीभीत को बायो-फार्मा उद्योग के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम आगे बढ़ाया है। सीएम योगी की मंशा के अनुरुप उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीसीडा की ओर से पीलीभीत की तहसील अमरिया के भरा पचपेड़ा में 951.79 एकड़ क्षेत्र में आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। इसमें 200 एकड़ भूमि बायो-फार्मा पार्क के लिए चिह्नित की गई है। पार्क में वैक्सीन, इंसुलिन, जीन थेरेपी और मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज जैसी आधुनिक जैविक औषधियों के निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके माध्यम से प्रदेश में बायोटेक्नोलॉजी आधारित विनिर्माण, अनुसंधान और नवाचार के लिए एक नया औद्योगिक इकोसिस्टम तैयार करने की योजना है। उत्तर प्रदेश प्रमोट फार्मा काउंसिल के डायरेक्टर एवं विशेष विशेषज्ञ डॉ. जीएन सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जोर प्रदेश में औद्योगिक विकास को केवल बड़े शहरों तक सीमित रखने के बजाय क्षेत्रीय स्तर पर भी निवेश और रोजगार के नए अवसर विकसित करने पर है। इसी सोच के अनुरूप पीलीभीत जैसे तराई क्षेत्र में बड़े औद्योगिक प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया जा रहा है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक-4644(i)/निविदा (नि0ख0)-बलिया वृत्त/2026 दिनांक-24.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (ठक डवकम) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भांति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरणः-

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशास ी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण के कार्य स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)									
1	बलिया	एस0एच0-1 बी गायघाट रेवती नौवाबारा चौबे छपरा महावीर मंदिर (अ0जि0मा0) मार्ग (रेवती बाईपास मार्ग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। (लं0-4.300 कि0मी0) (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (599.18) + अनुरक्षण (17.65) कुल लागत 716.83	14.34	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रु0 5590.00	10 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0वि0, आजमगढ़

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-13.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-20.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि- 20.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-20.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबस



कहीं मिठाइके नाम पर जहर तो नहीं खा रहे आप

त्योहारों की खुशी दोगुनी करने के लिए हम सभी बर्फी, लड्डू और रसगुल्ले जैसी तरह-तरह की मिठाइयां घर लाते हैं। मगर क्या आप जानते हैं कि इन खास मौकों पर बाजारों में भारी पैमाने पर मिलावटी मिठाइयां बेची जाती हैं, जिन्हें बनाने में साफ-सफाई का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा जाता? मुनाफे के चक्कर में दुकानदार मावा का वजन बढ़ाने के लिए उसमें स्टार्च, चावल या गेहूं का आटा, डिटर्जेंट और यहां तक कि यूरिया भी मिला देते हैं। असली घी की जगह वनस्पति, पाम ऑयल, उबले आलू या जानवरों की चर्बी धड़ल्ले से इस्तेमाल होती है। इतना ही नहीं, मिठाइयों पर लगा 99.9प्रतिशत शुद्ध चांदी का वर्क असल में जहरीला एल्युमिनियम फॉयल हो सकता है। इन्हें सुंदर दिखाने के लिए मेटानिल येलो और मैलाकाइट ग्रीन जैसे रंग मिलाए जाते हैं। ये असल में कपड़े रंगने वाले खतरनाक केमिकल हैं जिनसे कैंसर का खतरा रहता है। फूड सेफ्टी विभाग ने मशहूर दुकानों पर छापे मारे। वहां मिठाइयों के पास खुले कूड़ेदान, कीड़े-मकोड़े, बिना हाथ धोए काम करते कर्मचारी मिले और पानी की शुद्धता की जांच रिपोर्ट भी गायब थी। बहुत ज्यादा चमकीले या आंखों को चुभने वाले रंग की मिठाइयां लेने से बचें, क्योंकि इनमें केमिकल वाले रंग हो सकते हैं। चांदी के वर्क की असलियत जानने के लिए उसे उंगलियों के बीच रगड़ें या आग दिखाएं। असली चांदी टूटकर घुल जाती है, जबकि एल्युमिनियम का वर्क वैसा ही रहता है या काला पड़ जाता है। अगर मिठाई से खट्टी, अजीब महक आ रही हो या उसमें फफूंद नजर आए, तो उसे बिल्कुल न खाएं। हमेशा एफएसएसएआईका लाइसेंस देखकर ही मिठाइयां खरीदें और पैकिंग पर बनने व खराब होने की तारीख जरूर पढ़ें। अगर आपको कोई मिठाई मिलावटी लगती है, तो आप नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन या एफएसएसएआई के फूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप पर सीधे शिकायत कर सकते हैं। गंदी या मिलावटी मिठाई खाने से साल्मोनेला, ई. कोलाई या नोरोवायरस जैसे कीटाणु पेट में जा सकते हैं। इसके लक्षण मिठाई खाने के कुछ घंटों से लेकर कुछ दिनों के भीतर शुरू हो सकते हैं। मरीज को पानी जैसे दस्त, पेट में ऐंठन, जी मिचलाना, बार-बार उल्टी आना, बुखार, बदन दर्द, ठंड लगना और भारी कमजोरी जैसी दिक्कतें होती हैं। हालांकि, पर्याप्त आराम करने और शरीर में पानी की कमी न होने देने से हल्के मामले 1 से 3 दिनों के अंदर अपने आप ठीक हो जाते हैं। डॉक्टर के पास जाना कब जरूरी है? अगर आपको या किसी अपने को नीचे दिए गए गंभीर लक्षण दिखें, तो तुरंत डॉक्टर से मिलें, उल्टी या मल में खून आना। तेज बुखार होना,लगातार इतनी उल्टियां होना कि पेट में पानी भी न टिक पाए। डिहाइड्रेशन या पानी की भारी कमी होना (जैसे पेशाब न आना, भयंकर प्यास लगना, मुंह सूखना या खड़े होने पर चक्कर आना)। नसों से जुड़ी दिक्कतें (जैसे धुंधला या दो-दो दिखना, मांसपेशियों में कमजोरी, झुनझुनी होना, बोलने या निगलने में परेशानी)। अगर दस्त 3 दिनों से ज्यादा समय तक जारी रहें और कोई सुधार न हो।

गंदी या मिलावटी मिठाई खाने से साल्मोनेला, ई. कोलाई या नोरोवायरस जैसे कीटाणु पेट में जा सकते हैं। इसके लक्षण मिठाई खाने के कुछ घंटों से लेकर कुछ दिनों के भीतर शुरू हो सकते हैं। मरीज को पानी जैसे दस्त, पेट में ऐंठन, जी मिचलाना, बार-बार उल्टी आना, बुखार, बदन दर्द, ठंड लगना और भारी कमजोरी जैसी दिक्कतें होती हैं।







हवा और पानीके बाद अब बिकेगी धूप

क्या आपने कभी सोचा है कि सूरज ढलने के बाद भी आपको दिन जैसी रोशनी मिल सकती है? कैलिफोर्निया स्थित स्टार्टअप रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल कुछ ऐसा ही कर दिखाने की तैयारी में है। कंपनी ने अंतरिक्ष में 50,000 विशालकाय दर्पण (शीशे) भेजने का प्रस्ताव रखा है। कंपनी की योजना रात के अंधेरे में धूप बेचकर कमाई करने की है। स्टार्टअप की योजना के मुताबिक, पृथ्वी की कक्षा में 400 मील ऊपर सैटेलाइट्स पर लगे 50,000 आईनों का एक जाल बिछाया जाएगा। ये आईने रात में सूरज की किरणों को रिफ्लेक्ट कर सौर ऊर्जा फार्मों, शहर की सड़कों या आपातकालीन राहत कार्यों वाले क्षेत्रों में पहुंचाए जाएंगे। कंपनी के सीईओ बेन नोवाक के अनुसार, यह तकनीक सौर ऊर्जा को 24 घंटे उपलब्ध करा सकती है, जिससे जीवाश्म ईंधन की खपत कम होगी। कंपनी अब तक निवेशकों से करीब 235 करोड़ रुपये जुटा चुकी है। हालांकि, रात में धूप मंगाना काफी महंगा सौदा होगा। कंपनी एक शीशे से एक घंटे तक रोशनी देने के लिए 5,000 (करीब 4.2 लाख रुपये) वसूलने की योजना बना रही है। इसके लिए ग्राहक को साल में कम से कम 1,000 घंटे का कॉन्ट्रैक्ट साइन करना होगा। आपातकालीन स्थितियों के लिए यह कीमत और भी अधिक हो सकती है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि रात में कृत्रिम रोशनी से इंसानों और जीव-जंतुओं की सर्केडियन रिदम (सोने-जागने का चक्र) बिगड़ सकती है। असमय रोशनी से पक्षियों का प्रवास और पौधों के फूल खिलने का चक्र प्रभावित हो सकता है। अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के अनुसार, इतने सारे चमकते सैटेलाइट्स से टेलीस्कोप के जरिए अंतरिक्ष का निरीक्षण करना मुश्किल हो जाएगा। स्टार्टअप ने अमेरिकी नियामक एफसीसी को लाइसेंस के लिए आवेदन दिया है। यदि अनुमति मिलती है, तो इस गर्मी में पहला प्रोटोटाइप सैटेलाइट लॉन्च किया जा सकता है।



दुनियाके कोने-कोनेमें भारतकी संस्कृति और परंपराओंकी खूबसूरती

भारत की संस्कृति और परंपराओं की खूबसूरती सिर्फ देश तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के कोने-कोने में इसकी झलक देखने को मिलती है। विदेशों में रहने वाले भारतीय भी अपनी जड़ों और परंपराओं को पूरे उत्साह के साथ संजोकर रखते हैं।



इसका एक शानदार उदाहरण हाल ही में ब्रिटेन की राजधानी लंदन में देखने को मिला। यहां टेम्स नदी पर मां दुर्गा की भव्य परेड निकाली गई, जिसमें भारतीय संस्कृति, बंगाली परंपरा और भक्ति का अनोखा संगम नजर आया. इस आयोजन की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा बटोर रहे हैं। लंदन में पांचवीं वार्षिक दुर्गा परेड का आयोजन हेरिटेज बंगाल ग्लोबल की ओर से किया गया। इस खास कार्यक्रम में ब्रिटिश बंगाली समुदाय के साथ बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय भी शामिल हुए. परेड का सबसे खास आकर्षण मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा रही, जिसे एक विशेष नाव पर सजाकर टेम्स नदी में निकाला गया! इस प्रतिमा को कोलकाता की टेक्नो इंडिया यूनिवर्सिटी के छात्रों ने तैयार किया था। पारंपरिक अंदाज में सजी मां दुर्गा की प्रतिमा ने नदी के किनारे मौजूद लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इस परेड का नजारा इसलिए भी खास रहा, क्योंकि मां दुर्गा की प्रतिमा से सजी नाव लंदन के कई मशहूर ऐतिहासिक स्थलों के पास से गुजरी। इनमें बिग बेन, टॉवर ऑफ लंदन और लंदन आई जैसे प्रमुख आकर्षण शामिल थे। एक तरफ लंदन की पहचान मानी जाने वाली ऐतिहासिक इमारतें थीं, तो दूसरी तरफ नाव पर विराजमान मां दुर्गा और उनके जयकारे. यह दृश्य भारतीय संस्कृति और विदेशी शहर की खूबसूरती का अनोखा मेल पेश कर रहा था। कार्यक्रम में बंगाली संस्कृति की भी शानदार झलक देखने को मिली। पारंपरिक ढाक की गूंज और बंगाली नृत्य ने पूरे माहौल को उत्सव के रंग में रंग दिया। सैकड़ों लोगों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया और मां दुर्गा के जयकारों से लंदन की फिजाओं को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर बिहार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने आयोजन में शामिल लोगों को शुभकामनाएं दीं और विदेश में भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने के प्रयास की सराहना की।

भारत में तूफान का कहर

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक मंगलवार तड़के करीब 1.00 मुरसु नाम का एक भयंकर चक्रवर्ती तूफान आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में ओंगोल के पास तट को पार करना शुरू कर चुका है। बंगाल की खाड़ी के पश्चिम मध्य हिस्से में बना यह चक्रवात राज्य के दक्षिणी तट के करीब पहुंच गया था। जैसे ही इसने तट को पार करना शुरू किया इसके आईवॉल का अगला हिस्सा जमीन के ऊपर आ गया और चक्रवात का केंद्र तट से टकरा गया. यह चक्रवात ओंगोल से लगभग 40 किलोमीटर दक्षिण पूर्व कावली 60 किलोमीटर उत्तर पूर्व और बापटला से 70 किलोमीटर दक्षिण में तट से टकराया. भारत के पूर्वी तटीय राज्य उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु अक्सर चक्रवर्ती तूफानों की चपेट में आते रहते हैं। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक भारत में हर साल औसतन 2 से 4 ट्रॉपिकल साइक्लोन आते हैं। इनमें से ज्यादातर बंगाल की खाड़ी में बनते हैं और पूर्वी तट से टकराते हैं। भारत को प्रभावित करने वाले लगभग 80ब चक्रवात बंगाल की खाड़ी में बनते हैं और पूर्वी तट पर जमीन से टकराते हैं. इस वजह से यह इलाका देश का मुख्य चक्रवात जोखिम क्षेत्र बन जाता है। नवंबर 2026 की शुरुआत में मुरसु ने आंध्र प्रदेश और उड़ीसा के तटीय इलाकों में भारी तबाही मचाई थी. इसमें गंभीर बाढ़ और जल भराव जैसी स्थिति पैदा हो गई। उड़ीसा खासतौर से चक्रवातों और आकाशीय बिजली गिरने के खतरे के प्रति संवेदनशील है। खराब मौसम के दौरान इसके तटीय जिलों को काफी ज्यादा तेज हवाओं और भारी बारिश का सामना करना पड़ता है. आंध्र प्रदेश भी एक उच्च जोखिम वाला राज्य है। नेल्लोर, नरसापुर और प्रकाशम जिले सहित इसका दक्षिणी तटीय इलाका संवेदनशील माना जाता है। मुरसु के हालिया प्रभाव से पता चलता है कि इस तटीय क्षेत्र को किस तरह के खतरों का सामना करना पड़ता है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु को भी बार-बार ऐसे खतरों का सामना करना पड़ता है. पश्चिम बंगाल के सुंदरबन और उत्तरी तमिलनाडु के तटीय जिले अक्सर चक्रवात के रेड अलर्ट जोन में आते हैं। बंगाल की खाड़ी से लगे तट पर स्थित होने की वजह से यह इलाके अक्सर उन चक्रवातों के रास्ते में आ जाते हैं जो इस खाड़ी में बनते हैं।



यह पूरा मामला महाराष्ट्र के नासिक जिले का है, जहां पन्नालाल नाम के एक 8 साल के गधे की रिहाई का विवाद अब कोर्ट तक पहुंच गया है। इस अनोखे मामले में गधे के असली मालिक (भट परिवार) को अपना हक दिलाने के लिए शिवसेना भी मैदान में उतर आई है। पशु नासिक में आयोजित प्रसिद्ध कालिका माता यात्रा के दौरान पन्नालाल का इस्तेमाल लोगों के मनोरंजन और खेल-तमाशे के लिए किया जा रहा था। वहां पशु कल्याण से जुड़े कार्यकर्ताओं या संस्थाओं ने इसे पशु क्रूरता मानते हुए शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के बाद प्रशासन ने पन्नालाल को उसके मालिकों से अलग कर दिया और उसे एक गौशाला भेज दिया गया। पन्नालाल के मालिक जमुनाबाई और किशन भट का कहना है कि वे पन्नालाल को तब से पाल रहे हैं जब वह सिर्फ 2 साल का था। वर्तमान में 8 साल का पन्नालाल उनके परिवार के एक सदस्य की तरह है और पिछले 10 दिनों से उससे दूर रहना उनके लिए असहनीय हो गया है। भट परिवार और शिवसेना के पदाधिकारियों ने इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पन्नालाल को रिहा करने के लिए नासिक के जिलाधिकारी आयुष प्रसाद से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। हालांकि, जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह मामला कानूनी पेचीदगियों में फंसा है और इसके लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना होगा। जिलाधिकारी ने कोर्ट की प्रक्रिया के लिए कानूनी मार्गदर्शन देने का आश्वासन भी दिया है। गधे का मालिक भट परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और पन्नालाल ही उनके जीवन का एक बड़ा सहारा है। परिवार के इस भावनात्मक जुड़ाव और उनकी असहाय स्थिति को देखते हुए स्थानीय शिवसेना नेताओं (जिनमें उपमहापौर विलास शिंदे, दीपक डोके और अन्य पदाधिकारी शामिल हैं) ने इस लड़ाई में उनका साथ देने का फैसला किया। चूंकि एक आम परिवार के लिए प्रशासनिक और कानूनी लड़ाई अकेले लड़ना मुश्किल होता है, इसलिए शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय में पैरवी की। अब पार्टी के सहयोग से भट परिवार कोर्ट में पन्नालाल की रिहाई के लिए याचिका (आवेदन) दायर करने की तैयारी कर रहा है।

सामान्य पटाखोंसे कितने अलग हैं ग्रीन पटाखे

यह पारंपरिक पटाखों की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत कम वायु प्रदूषण (पीएम) पैदा करते हैं। प्रदूषण में मौजूद बेहद बारीक कण (पीएम२.५ और पीएम१) फेफड़ों के रास्ते सीधे खून में प्रवेश कर जाते हैं। ग्रीन पटाखे हवा में इन बारीक कणों के फैलाव को काफी हद तक कम करते हैं। इसमें पोटैशियम नाइट्रेट और सल्फर का इस्तेमाल नहीं होता, जिससे धुआं बहुत कम निकलता है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दिवाली के अवसर पर केवल प्रमाणीकृत ग्रीन पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल को सशर्त मंजूरी दी है। हालांकि, यह सवाल भी सबको परेशान कर रहा है कि ग्रीन पटाखे आखिर है क्या? अदालत के आदेश के अनुसार, केवल 7 और 8 नवंबर को सीमित समय अंतराल सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे के बीच ही पटाखे चलाने की अनुमति होगी। 9 नवंबर से पूरे दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध पुन- लागू हो जाएगा। हालांकि, यह सवाल कई लोग जानना चाह रहे हैं कि आखिर ग्रीन पटाखे क्या हैं, ये पारंपरिक पटाखों से कितने अलग हैं और सुप्रीम कोर्ट का इस पर क्या सख्त रुख है? ग्रीन पटाखे वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (एनईईआरआई) की ओर से विकसित किए गए विशेष पटाखे हैं। पर्यावरण सुरक्षा के लिहाज से इनकी कई खूबियां होती हैं... इन्हें कम कच्चे माल और छोटे शैल साइज के साथ बनाया जाता है। इनमें भारी और हानिकारक



धातुओं (जैसे बेरियम, सीसा और आर्सेनिक) के इस्तेमाल पर प्रतिबंध होता है। इनमें धूल दबाने वाले एडिटिव्स और कम रासायनिक सामग्री का उपयोग किया जाता है, जिससे हवा में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम), सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन काफी घट जाता है। सीएसआईआर-एनईईआरआई के अनुसार, पारंपरिक और ग्रीन पटाखों में सबसे बड़ा अंतर इनके घटकों और प्रदूषण स्तर का है...पारंपरिक पटाखों में भारी धातुओं पर आधारित यौगिकों का इस्तेमाल होता है, जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक हैं। वहीं ग्रीन पटाखों में जिओलाइट और आयरन ऑक्साइड जैसे एडिटिव्स होते हैं, जो खतरनाक धुएं को नियंत्रित करते हैं। ग्रीन पटाखे पूरी तरह से प्रदूषण-मुक्त तो नहीं होते, लेकिन यह पारंपरिक पटाखों की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत कम वायु प्रदूषण (पीएम) पैदा करते हैं। प्रदूषण में मौजूद बेहद बारीक कण (पीएम2.5 और पीएम1) फेफड़ों के रास्ते सीधे खून में प्रवेश कर जाते हैं। ग्रीन पटाखे हवा में इन बारीक कणों के फैलाव को काफी हद तक कम करते हैं। इसमें पोटैशियम नाइट्रेट और सल्फर का इस्तेमाल नहीं होता, जिससे धुआं बहुत कम निकलता है। दिवाली पर प्रदूषण और जनस्वास्थ्य (अनुच्छेद 21) तथा धार्मिक स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25) के बीच संतुलन बनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निम्नलिखित शर्तें और गाइडलाइंस जारी की हैं - 7 और 8 नवंबर को केवल सुबह 6.00 से 7.00 बजे और रात 8.00 से 10-00 बजे के बीच ही ग्रीन पटाखे चलाए जा सकते हैं। 9 नवंबर से फिर से पूर्ण प्रतिबंध लागू हो जाएगा। ऑनलाइन बिक्री पर रोक- फ्लिपकार्ट, अमेज़न आदि जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म या ऑनलाइन माध्यमों से पटाखों की बिक्री पर सख्त पाबंदी रहेगी। केवल लाइसेंस प्राप्त और निर्धारित स्थलों पर ही प्रमाणित ग्रीन पटाखे बेचे जा सकेंगे। लड़ी और बेरियम वाले पटाखों पर बैन- एक साथ जुड़े हुए पटाखों (लड़ियों) और बेरियम युक्त पटाखों के निर्माण और बिक्री पर पूरी तरह से रोक है। अस्पताल, नर्सिंग होम, वृद्धाश्रम, शैक्षणिक संस्थानों और नोटिफाइड साइलेंस ज़ोन के 300 मीटर के दायरे में पटाखे चलाने पर पूरी पाबंदी रहेगी। क्यूआर कोड वाले असली ग्रीन पटाखों की जांच के लिए पुलिस और प्रशासन को सख्त निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों और अधिकारियों पर सीधी अवमानना और जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

प्रिंस चार्मिंग नहीं, अपनी ज़िंदगी की खुद बनो क्वीन-सुष्मिता सेन



मिस यूनिवर्स बनने से लेकर सिंगल मदर बनने और हर चुनौती का खुलकर सामना करने तक, उनका सफर लाखों लोगों के लिए एक मिसाल है. उनकी बातें सिर्फ प्रेरणा ही नहीं देतीं, बल्कि हमें खुद से प्यार करना और दुनिया की परवाह किए बिना अपनी पहचान बनाना सिखाती हैं. अगर आप भी जिंदगी में किसी चुनौती का सामना कर रहे हैं या थोड़ा सा लो महसूस कर रहे हैं, तो सुष्मिता के ये विचार आपके अंदर एक नई ऊर्जा भर देंगे. हर इंसान खासतौर पर महिला की जिंदगी में ऐसा दौर आता है, जब उसे दूसरों की सोच और उम्मीदों से अलग अपनी पहचान बनाने का फैसला लेना पड़ता है. सुष्मिता सेन की जिंदगी और उनकी कही बातें हमें यही सिखाती हैं कि खुश रहने के लिए किसी प्रिंस चार्मिंग का इंतजार जरूरी नहीं. उनकी ये 10 बातें आपको खुद पर भरोसा करने और अपनी जिंदगी की खुद क्वीन बनने की हिम्मत देंगी. सुष्मिता कहती हैं, मुझे किसी 'प्रिंस चार्मिंग' (राजकुमार) की तलाश कभी नहीं रही, क्योंकि मैं अपनी जिंदगी की खुद क्वीन (रानी) हूँ. यह बात सिखाती है कि हमें अपनी खुशी और वजूद के लिए किसी दूसरे पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है.उनका मानना है कि परफेक्ट होने की कोशिश मत करो, असली बनो. दुनिया को आपकी खामियों के साथ आपकी असलियत से प्यार होना चाहिए. मुखौटा पहनने के बजाय अपनी कमियों के साथ खुद को स्वीकार करना ही असली खूबसूरती है.चुनौतियों के बारे में उनका कहना है कि चुनौतियां जिंदगी का हिस्सा हैं. अगर आप उनसे डरकर भागेंगे, तो आप कभी अपनी असली ताकत को नहीं जान पाएंगे. मुश्किलें ही हमें मजबूत बनाती हैं.अपनी शर्तों पर जीना कोई अहंकार नहीं है, यह इस बात का सम्मान है कि आप खुद से कितना प्यार करते हैं. खुद को प्राथमिकता देना स्वार्थी होना नहीं, बल्कि आत्म-सम्मान है.सुष्मिता सलाह देती हैं कि दूसरों को खुश करने में अपनी पूरी जिंदगी मत बिता दीजिए. अंत में, आपको खुद के साथ ही जीना है. इसलिए पहले अपनी खुशी और मानसिक शांति को चुनें.सफलता इस बात से तय नहीं होती कि आपके पास क्या है, बल्कि इससे तय होती है कि आप अंदर से कितने मजबूत हैं. भौतिक चीजें नहीं, आपका आंतरिक आत्मविश्वास आपको सफल बनाता है.खुश रहना दुनिया का सबसे बड़ा बदला है. जब आप अपनी जिंदगी से खुश रहते हैं, तो नकारात्मकता खुद-ब-खुद दूर हो जाती है. अपनी मुस्कान से आलोचकों को जवाब देना सबसे बेहतरीन तरीका है.आपको किसी की मंजूरी की जरूरत नहीं है कि आप कैसे दिखते हैं या क्या करते हैं. आप जैसे हैं, बेहतरीन हैं. खुद पर भरोसा रखें, दुनिया क्या सोचती है इसकी फिक्र छोड़ दें.रिश्ते बोझ नहीं होने चाहिए, वे ऐसे पंख होने चाहिए जो आपको आसमान छूने की आज़ादी दें. एक सच्चा रिश्ता आपको बांधता नहीं, बल्कि आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है. आखिर में वह कहती हैं, गलतियाँ करना गलत नहीं है, गलती से सीख न लेना असली हार है. गिरना और फिर उठकर खड़े होना ही जिंदगी है. और साथ ही, डर का सामना किए बिना आप कभी अपनी असली क्षमता को नहीं जान पाएंगे. हर डर के आगे एक नया मौका छिपा होता है.